केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले सदन के सत्र को चलने नहीं देना ठीक नहीं - 12

फेडरल बैंक के ब्याज दरों में कटौती की संभावना से बदलेगी शेयर बाजार की गति -12

रूस की तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेन के हमले तेज, पेट्रोल का निर्यात बंद - 13

राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी मीराबाई चानू- 14

आज का मौसम

31.0° अधिकतम तापमान

27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.45

सूर्यास्त 06.36

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया 12:35 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

सोमवार, 25 अगस्त 2025, वर्ष 35, अंक 207, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

डीआरडीओ ने लांच किया आत्मनिर्भर भारत का सुदर्शन चक्र, गगनयान मिशन के तहत इसरो की बड़ी उपलब्धि

हवाई रक्षा प्रणाली का पहला परीक्षण सफल

ओडिशा के तट पर किया गया एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने उभरते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर अपनी बढ़ती सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए ओडिशा तट से एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली (आईएडीडब्ल्यूएस) का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इसे सुदर्शन चक्र का नाम दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार आईएडीडब्ल्यूएस एक बहुस्तरीय हवाई रक्षा प्रणाली है जिसमें त्वरित प्रतिक्रिया वाली सतह से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल, बहुत कम दूरी की हवाई रक्षा प्रणाली मिसाइल और उच्च शक्ति वाली लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार प्रणाली शामिल हैं। स्वदेशी हवाई रक्षा प्रणाली का शनिवार 12:30 बजे ओडिशा तट से उड़ान परीक्षण किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उड़ान परीक्षणों के लिए आईएडीडब्ल्यूएस को विकसित करने वालों, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और सशस्त्र बलों को बधाई दी। नई हवाई रक्षा प्रणाली का उड़ान परीक्षण ऑपरेशन सिंदूर के साढ़े तीन महीने बाद हुआ है। सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस अद्वितीय उड़ान परीक्षण ने हमारे देश की बहुस्तरीय हवाई रक्षा क्षमता को स्थापित किया है और यह दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाएगी। आईएडीडब्ल्यूएस के अंतर्गत एक केंद्रीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र सभी हथियार प्रणालियों का एकीकृत संचालन करेगी।

सुदर्शन चक्र की विशेषताएं

- **प्रौद्योगिकी :** इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और लेजर-गाइडेड सिस्टम हैं, जो सटीक निशाना लगाते हैं।
- **संरचना :** यह एक ग्राउंड-बेस्ड और स्पेस-बेस्ड हाइब्रिड सिस्टम है, जिसमें सैटेलाइट और रडार नेटवर्क शामिल हैं।
- **लक्ष्य :** बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और हाइपरसोनिक हथियारों को नष्ट करना।

पैराशूट प्रणाली के लिए एयर-ड्रॉप टेस्ट

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आगामी गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित गति धीमी करने से संबंधित प्रणाली को परखने के लिए रविवार को पहला एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-01) सफलतापूर्वक किया।

इसरो के एक अधिकारी ने बताया कि यह परीक्षण आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के निकट किया गया। यह अभ्यास इसरो, भारतीय वायु सेना, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। गगनयान परियोजना का उद्देश्य भारत की यह क्षमता प्रदर्शित करना है कि वह मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस ला सकता है। देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के रूप में योजनाबद्ध यह परियोजना, चालक दल की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रणालियों की जांच के लिए पूर्ववर्ती मानवरहित मिशनों को भी शामिल करेगी। पैराशूट-आधारित गति धीमी करने की प्रणाली धरती पर लौटने और लैंडिंग के दौरान चालक दल के मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी के संबंध में एक प्रमुख घटक है।

मानव अंतरिक्ष मिशन की तैयारी

गगनयान के लिए पैराशूट प्रणाली के परीक्षण में जुटे वैज्ञानिक।

ब्रीफ न्यूज

आईपीएस अनीश दयाल बने डिप्टी एनएसए

नई दिल्ली। सीआरपीएफ और आईटीबीपी के पूर्व महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को नया उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त करते हुए आंतरिक मामलों को संभालने का दायित्व सौंपा गया है। मणिपुर कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सिंह दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। इस भूमिका के लिए उनके पास व्यापक अनुभव है।

झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन नजरबंद

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता चंपई सोरेन को सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आदिवासी संगठनों के विरोध प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था की समस्याओं से बचने के लिए रविवार को नजरबंद कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि उनके बेटे बाबूलाल सोरेन और रांची जा रहे उनके समर्थकों को भी एक थाने में हिरासत में ले लिया गया है। रांची के पुलिस उपाधीक्षक केवी. रमन ने बताया कि एहतियाती उपाय के तौर पर चंपई सोरेन को नजरबंद किया गया है।

पटियाल-बंबीहा गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब के एसबीएस नगर जिले के पोजेवाल इलाके में पिछले महीने हुई हत्या के मामले में लकी पटियाल-दविंदर बंबीहा गिरोह के दो शूटर को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान होशियारपुर के रोर मजारा गांव निवासी करण गंगर (25) और गढ़शंकर के रामगढ़ झुंगियां गांव निवासी जसकरणदीप सिंह के रूप में हुई है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर 25 करोड़ का गांजा जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री के पास से करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने 21 अगस्त को सिंगापुर होते हुए बैंकॉक से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर एक भारतीय को रोका। यात्री द्वारा ले जाए जा रहे नीले और गहरे भूरे रंग के ट्रॉली बैग की जांच करने पर इसमें काले रंग के 25 पॉलीथीन पैकेट पाए गए, जिनमें हरे रंग का मादक पदार्थ था। जांच में ये पैकेट गांजा/मारिजुआना के पाए गए जिसका कुल वजन 24814 ग्राम (शुद्ध वजन) था। इस पदार्थ की कीमत लगभग 24.8 करोड़ रुपये है।

माओवादियों ने छह वाहनों को लगाई आग

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग जिले में माओवादियों से अलग हुए एक समूह ने कोयला खनन में जुटे कम से कम छह वाहनों को आग लगा दी। घटना शनिवार रात चरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के तापिन नॉर्थ कोल माइनिंग परियोजना स्थल पर हुई। पुलिस को इस घटना में तृतीय प्रस्तुति समिति (टीपीसी) की संलिप्तता का संदेह है, क्योंकि घटनास्थल के पास इस संगठन का एक पर्चा मिला है।

गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व

सनातन व राष्ट्र की रक्षा में सिख गुरुओं ने दिया बलिदान : योगी

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के कार्यक्रम में की शिरकत

- कहा-सिख गुरुओं ने जीवन का हर क्षण देश, धर्म और मानवता के कल्याण के लिए समर्पित किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास में वही जाति और कौम जीवित रहती है, जो अपने पूर्वजों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को जीवन का हिस्सा बनाती है। सिख गुरुओं ने सदैव सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी वीरता, त्याग और बलिदान देश की आत्मा में आज भी जीवित है।

योगी रविवार को गोरखपुर के पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पर्यटन विकास कार्यों, गुरुद्वारा भवन के नए स्वरूप और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार कार्यों का लोकार्पण किया। पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर आयोजित समागम में मुख्यमंत्री ने गुरुवाणी सुनी और संगत में शामिल हुए। गुरुद्वारा समिति की ओर से उन्हें प्रतीक चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं की परंपरा अनुपम और अटूट रही है। गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह जी तक, हर गुरु ने सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि जब भी भारतीय संस्कृति पर संकट आया, सिख गुरुओं ने आगे बढ़कर अपने बलिदान से उसे बचाया। योगी ने विशेष रूप से गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को याद किया। उनके बलिदान के 350वें वर्ष में देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। योगी ने गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद किया।

गोरखपुर में श्री गुरु सिंह सभा की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किया गया सरोपा।

सिख-नाथ परंपरा राष्ट्रभक्ति की धारा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर सिख गुरुओं के अमर बलिदान को स्मरण करते हैं। उनका मानना है कि सिख और नाथ परंपरा, दोनों ही राष्ट्रभक्ति और बलिदान की साझा धारा हैं। जब वे गुरुद्वारों में जाकर मत्था टेकते हैं, तो वह केवल औपचारिकता नहीं होती, बल्कि उस ऐतिहासिक रिश्ते को जीवित करने का प्रयास होता है, जिसे गुरु नानक देव जी और गोरखनाथ संप्रदाय ने सदियों पहले स्थापित किया था। इस मौके पर योगी ने कहा कि गोरखपुर के प्रमुख तीन गुरुद्वारों जटा शंकर, मोहद्दीपुर और पैडलेगंज को बेहतर स्वरूप देने का कार्य किया गया है। यह सिख गुरु परंपरा के प्रति हमारी कृतज्ञता और श्रद्धा का प्रतीक है। पैडलेगंज गुरुद्वारा वर्षों से सिख संगत का आस्था केंद्र रहा है।

बीओआई ने भी लगाया अनिल अंबानी पर धोखाधड़ी का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



- बैंक ऑफ इंडिया ने दिया था ऑरकाम को 700 करोड़ का ऋण

भारतीय स्टेट बैंक के बाद, बैंक ऑफ इंडिया ने भी दिवालिया हो चुकी रिलायंस कम्युनिकेशंस (ऑरकाम) के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित किया है और इस मामले में कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी लिया है। शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने 2016 में कथित तौर पर धन के हेरफेर का हवाला दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बीओआई ने अगस्त 2016 में रिलायंस कम्युनिकेशंस को उसके चालू पूंजीगत व्यय और परिचालन व्यय तथा मौजूदा देनदारियों के भुगतान के लिए 700 करोड़ रुपये का ऋण दिया था।

रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक के पत्र के बारे में बताया है। इसके अनुसार अक्टूबर 2016 में जारी की गई स्वीकृत राशि का आधा हिस्सा एक सावधि जमा में निवेश किया गया था, जिसकी स्वीकृति पत्र के अनुसार अनुमति नहीं थी। आरकॉम ने कहा कि उसे 22 अगस्त को बैंक ऑफ इंडिया से आठ अगस्त का एक पत्र मिला है, जिसमें बैंक द्वारा कंपनी, अनिल धीरजलाल अंबानी (कंपनी के प्रवर्तक और पूर्व निदेशक) और मंजरी अशोक कक्कड़ (कंपनी की पूर्व निदेशक) के ऋण खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के फैसले की जानकारी दी गई है।

इससे पहले, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी इस साल जून में ऐसा ही किया था, जिसमें ऋण की शर्तों का उल्लंघन करते हुए लेनदेन करके बैंक के धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था। एसबीआई की शिकायत के बाद सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी के आवास से जुड़े परिसरों की तलाशी ली।

सरकार का ध्यान रोजगार के अधिकतम अवसर सृजित करने पर : मोदी

अहमदाबाद, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा-युवा स्वदेशी उत्पाद अपनाकर देश को बनाएं आत्मनिर्भर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार का ध्यान युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर सृजित करने पर है। मोदी ने अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को वीडियो लिंक के माध्यम से संबोधित करते हुए युवाओं से स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के देश के प्रयासों का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमने 'स्किल इंडिया मिशन' शुरू किया, जिसके तहत करोड़ों युवाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में कुशल जनशक्ति के रूप में तैयार किया जा रहा है।

आज दुनिया का एक बड़ा हिस्सा उम्र बढ़ने की समस्या में फंसा हुआ है, उन्हें युवाओं की जरूरत है और भारत में दुनिया को युवा देने की क्षमता है। मोदी ने अहमदाबाद के सरदारधाम फेज-11 में एक बालिका छात्रावास का उद्घाटन करने के बाद कहा कि अगर आज युवा कुशल हैं, तो उनके लिए रोजगार की अनेक संभावनाएं हैं। वे आत्मनिर्भर बनते हैं, इससे उन्हें शक्ति मिलती है। उन्होंने बेटियों की प्रगति में समाज के सहयोग की सराहना की।

कौशल पर सबसे अधिक जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में कई बदलाव किए हैं, जिसमें कौशल पर सबसे अधिक जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का ध्यान 'स्टार्ट अप इंडिया' और मुद्रा योजना के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर पैदा करने पर है।

राजा अयोध्या बिमलेंद्र मोहन मिश्र का निधन, पंचतत्व में विलीन

अयोध्या। अयोध्या राजसदन के मुखिया और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी 75 वर्षीय बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र (राजा साहब) का शनिवार रात निधन हो गया। रविवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक्स पर लिखा कि बिमलेंद्र मोहन का निधन अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, खाद एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

- राजसदन के मुखिया के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

पुजारा का क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाजों में से एक और एक दशक से अधिक समय तक टेस्ट क्रिकेट की सेवा करने वाले बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी, जिससे उनके शानदार टेस्ट करियर का अंत हो गया। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी में सोशल मीडिया पर संन्यास लेने की घोषणा की है।

- 37 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर की संन्यास की घोषणा

पुजारा ने भारत की तरफ से 103 टेस्ट और 5 अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2023 में खेला था। पुजारा ने कहा कि राजकोट के छोटे से शहर से एक छोटे लड़के के रूप में मैंने अपने माता-पिता के साथ सितारों में शामिल होने का लक्ष्य बनाया और भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का सपना देखा। इस खेल ने मुझे अमूल्य अवसर, अनुभव, उद्देश्य, प्यार और अपने राज्य व महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। पुजारा ने टेस्ट करियर में 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए। वह भारत के सर्वकालिक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में आठवें स्थान पर हैं।

प्रतिबंध

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थानों को जारी किए निर्देश

मनोविज्ञान, स्वास्थ्य देखभाल ऑनलाइन कोर्स पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे 2025 के शैक्षणिक सत्र से मनोविज्ञान और पोषण समेत स्वास्थ्य सेवा एवं संबद्ध विषयों में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण या ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई की पेशकश नहीं करें।

यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग (एनसीएएचपी) अधिनियम, 2021 के तहत आने वाले पाठ्यक्रमों पर लागू है। उनमें मनोविज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, खाद्य एवं पोषण विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, नैदानिक पोषण और आहार विज्ञान शामिल हैं।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान (एचईआई) को शैक्षणिक सत्र जुलाई-अगस्त, 2025 और उसके बाद मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण और ऑनलाइन माध्यम से मनोविज्ञान समेत एनसीएएचपी अधिनियम, 2021 में शामिल किसी भी संबद्ध और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम की पेशकश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलाई-अगस्त 2025 और उसके बाद के शैक्षणिक सत्र के लिए ऐसे कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए एचईआई को पहले से दी गई कोई भी मान्यता यूजीसी द्वारा वापस ले ली जाएगी।

नए सत्र से प्रवेश न देने का निर्देश

यूजीसी सचिव ने कहा कि कला स्नातक (अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी, अर्थशास्त्र, इतिहास, गणित, लोक प्रशासन, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, सांख्यिकी, मानवाधिकार एवं कर्तव्य, संस्कृत, मनोविज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, महिला अध्ययन) जैसे बहु-विशेषज्ञता वाले कार्यक्रमों के मामले में, केवल एनसीएएचपी अधिनियम, 2021 में शामिल विशेषज्ञताओं को ही वापस लिया जाएगा। शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे आगामी शैक्षणिक सत्र से ऐसे कार्यक्रमों में किसी विद्यार्थी को प्रवेश न दें।

दूरस्थ शिक्षा समूह ने की सिफारिश

जोशी ने कहा कि यह निर्णय अप्रैल 2025 में आयोजित 24वीं दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो कार्य समूह की बैठक की सिफारिशों के बाद लिया गया है और हाल में आयोग की बैठक में इसे औपचारिक रूप दिया गया। उच्च शिक्षा नियामक दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन माध्यमों से व्यावसायिक और व्यावहारिक पाठ्यक्रमों के संचालन पर रोक लगाता है। इनमें इंजीनियरिंग, चिकित्सा, दंत चिकित्सा, फार्मेसी, नर्सिंग, वास्तुकला, फिजियोथेरेपी, पैरामेडिकल विषय, कृषि, बागवानी, होटल प्रबंधन, खानपान प्रौद्योगिकी, दृश्य कला, कानून आदि शामिल हैं।

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार, 25 अगस्त 2025

न्यूज ब्रीफ

आज व कल भारी बारिश की चेतावनी

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में मौसम विभाग ने बादल गरजने के साथ वज्रपात और भारी बारिश की चेतावनी दी है। 25 अगस्त को भी पश्चिमी उप्र. के संभाग में लगभग सभी स्थानों पर और 26 अगस्त को अनेक स्थानों पर बारिश, गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। लखनऊ और आसपास के इलाकों में सोमवार को भी आंशिक रूप से बादल छाने के बाद दोपहर के समय सामान्यतः बादल छाये रहने के साथ कुछ क्षेत्रों में मेघगर्जन और बीच-बीच में बारिश, गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इससे पूर्व पूर्वांचल में वाराणसी के बाद सबसे अधिक बारिश मिर्जापुर में हुई। यहां की कई नदियां भी उफना गई हैं। ऐसे में सड़कों पर पानी भर गया है। विभिन्न स्थानों पर आवागमन रोक दिया गया है। उधर, सोनभद्र में भारी बारिश से धंधरौल बांध के सभी 18 गेट खोल दिए गए हैं।

अग्निवीर भर्ती रैली में 896 ने दिखाया दम

अमृत विचार, लखनऊ : मुजफ्फरनगर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन रविवार को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए बिजनौर एवं बागपत के 896 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। मेजर जनरल मनोज तिवारी, क्षेत्रीय भर्ती अधिकारी, मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उप्र और उत्तराखंड) ने भर्ती रैली का निरीक्षण किया। उन्होंने दिन की पहली दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। मेजर जनरल ने रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को उच्चस्तरीय प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। भर्ती रैली 8 सितंबर तक चलेगी।

प्रोन्नत आईएएस मंच के पुनर्गठन की प्रक्रिया तेज

अमृत विचार, लखनऊ : प्रोन्नत आईएएस मंच के सदस्यों ने अपना अगला अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया तेज कर दी है। दरअसल, इसी माह मौजूदा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में राज्य में प्रमोटेड आईएएस अफसर फिर अपना अध्यक्ष चुनेंगे। मालूम हो कि कुछ वर्ष पहले पीसीएस से प्रमोट होकर आईएएस बनने वाले अफसरों ने आईएएस एसोसिएशन से अलग अपना नया मंच बनाया था। उद्देश्य यह था कि यह मंच प्रोन्नत आईएएस अफसरों से जुड़ी समस्याओं और उनकी मांगों को सरकार के सामने रखने का काम करेगा। मंच के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के मुताबिक, आईएएस एसोसिएशन में प्रमोटी अफसरों की मांगों पर ज्यादा तरजीह नहीं दी जाती थी। साथ ही उनकी उपेक्षा भी होती थी। यही कारण रहा कि प्रमोटी अफसरों ने नया मंच बनाने का फैसला लिया था।

7 करोड़ से संवरेंगे प्राचीन मंदिर

अमृत विचार, लखनऊ : लगभग सात करोड़ रुपये की मेरठ मंडल की आठ परियोजनाओं से गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद जिले में धार्मिक पर्यटन का विकास होगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के ग्राम नगली वाजिदपुर के प्राचीन बेरी वाला मंदिर और जेवर क्षेत्र के ग्राम सिरसा माचीपुर जेवर में मां भूड़ावाली देवी मंदिर का पर्यटन विकास का 1-1 करोड़ रुपये से किया जाएगा। इसी प्रकार, नोएडा की अक्षरधाम कॉलोनी स्थित धम्मदीप बौद्ध विहार और ग्रेटर नोएडा स्थित साईट-बी, सूरजनगर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा के सौंदर्यीकरण के लिए क्रमशः 50-50 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि गाज़ियाबाद में जय भीम पार्क, मुरादनगर के ग्राम असालतनगर स्थित हनुमान मंदिर, साहिबाबाद के सिहानी स्थित प्राचीन शिव मंदिर और मोदीनगर के निवाड़ी स्थित चुकाय वाली माता मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों पर क्रमशः एक-एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

शुभांशु शुक्ला का आज नागरिक अभिनंदन करेंगे मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग आयोजित करेगा सम्मान समारोह
- अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं शुभांशु

अमृत विचार : लखनऊ के बेटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नागरिक अभिनंदन करेंगे। शुभांशु शुक्ला हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सफल मिशन पूरा करने के बाद पहली बार वह सोमवार को लखनऊ आ रहे हैं।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से लोकभवन सभागार में सोमवार अपरान्ह 4 बजे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे।

साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभांशु शुक्ला को प्रदेश और पूरे भारत का गौरव बताया है। मिशन पूरा कर वापस धरती पर लौटने पर कहा कि अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराना हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है। उपलब्धि साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है। ऐसे में शुभांशु का स्वागत कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन्हें सच करने की प्रेरणा देगा।

हर व्यक्ति की समस्या का होगा समाधान

गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लोगों को दिलाया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण तत्परता और संवेदनशीलता करें। इसमें लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में रविवार सुबह जनता दर्शन में आए करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी ने उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

मेडिकल पेशे में कोई माफिया न पनपे : योगी

गोरखपुर में समीक्षा बैठक में बोले मुख्यमंत्री- एंबुलेंस माफिया और बिचौलियों का खेल बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रत्येक परियोजना के लिए तय होगी अफसरों की जवाबदेही खामी मिली तो कार्रवाई

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेडिकल पेशे में किसी भी तरह की माफियागिरी के समूल नष्ट करने की चेतावनी दी है। अफसरों को निर्देश दिए कि ऐसी कार्रवाई करें कि मेडिकल पेशे में किसी भी कीमत पर कोई माफिया न पनप पाए। उन्होंने विकास परियोजना के लिए भी अफसरों की जवाबदेही तय करने का निर्देश देते हुए कहा कि खामी मिली तो संबंधित अफसर के खिलाफ कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने रविवार को दोपहर बाद गोरखपुर के एनेक्सी भवन में समीक्षा के दौरान कहा कि गोरखपुर सहित पूरे प्रदेश में माफियाराज को ध्वस्त कर दिया गया है। मेडिकल पेशे में कभी-कभी एम्बुलेंस माफिया या मरीजों को भर्ती कराने में बिचौलियों के खेल की शिकायतें आती हैं। इस पर सतत सख्ती जरूरी है। ऐसी कार्रवाई की जाए जिससे मेडिकल फील्ड में कोई माफिया पनपने न पाए। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि हर परियोजना के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ काम पूरा करना सुनिश्चित करें। हर परियोजना के लिए एक नोडल अधिकारी बनाया जाए जो कार्य की नियमित निगरानी करें। यदि किसी परियोजना में ठेकेदार की लापरवाही मिले तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। चेतावनी दी कि कोई खामी मिली और गुणवत्ता से समझौता किया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी विकास परियोजना को आगे बढ़ाने में यदि कहीं पेड़ काटना पड़े तो उसके एवज में नया पौधा लगाना भी सुनिश्चित किया जाए। पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी जरूर लगाया जाए।

यूनिफॉर्म में ही आएं सरकारी स्कूलों के बच्चे

मुख्यमंत्री ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के यूनिफॉर्म, बैग, जूता-मोजा आदि के लिए सरकार उनके अभिभावकों के बैंक खातों में धनराशि भेजती है। ऐसे में इस बात का ध्यान रखा जाए कि यह धनराशि इसी के लिए खर्च हो। पूरे प्रदेश में विद्यालयों की जांच कर यह व्यवस्था बनाई जाए कि बच्चे यूनिफॉर्म में ही स्कूल आएं। इससे बच्चों के बीच समन्वय और सकारात्मक, अनुशासित माहौल बनेगा।

बीमारियों से बचाव को चलाएं जागरूकता अभियान

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूर्वांचल के लिए अभिशाप रहे इंसेफेलाइटिस (जेई और एईएस) को नियंत्रित कर लिया गया है। पर, सतत सावधानी की जरूरत है। इसी तरह डेंगू और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जनता को जागरूक करते रहना होगा। इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता और स्वच्छता से जुड़े अभियान चलाए जाएं। जागरूकता को लेकर प्रचार-प्रसार को बढ़ाया जाए। यह कार्य सभी नगर निकायों में हो।

ब्लॉक प्रमुख के बचाव में उतरी पत्नी व बेटियां

- पट्टी गोलीकांड की सीबीआई जांच की मांग

प्रेसवार्ता में बोलतीं जेल में बंद ब्लॉक प्रमुख की पत्नी एवं बेटियां। अमृत विचार

प्रतापगढ़, अमृत विचार : पट्टी गोलीकांड व एमडी ड्रग्स की तस्करी के मामले में जेल में बंद ब्लाक प्रमुख सुशील सिंह के बचाव में उनकी पत्नी और बेटियां सामने आईं। प्रेसवार्ता कर पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है।

जेल में बंद बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह की पत्नी बबिता सिंह और बेटियां उदिता सिंह व साक्षी ने पट्टी एवं प्रतापगढ़ पुलिस पर परिवार के बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया है। पत्रकारों से कहा कि कार्रवाई के नाम पर प्रायोजित तरीके से ड्रग्स की बरामदगी दिखाई गई। कहा कि ड्रग मामले में जबरन फंसाया गया है। आत्मरक्षा में गोली चलाने पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। फर्जी मुकदमे दर्ज करना सरकार को बदनाम करने की साजिश है। पत्नी व बेटियों ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

नाबालिग छात्रा के साथ होटल में दुष्कर्म

- केस दर्ज कर आरोपी को भेजा गया जेल
- होटल में छात्रा के साथ घटना से मची खलबली

प्रतापगढ़, अमृत विचार : लालगंज कोतवाली में कस्बे के घनी बस्ती क्षेत्र में संचालित हो रहे एक होटल में छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं घटना में दुष्कर्म तथा पॉक्सो एक्ट व धमकी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सरेबाजार होटल में किशोरी के साथ कई बार दुष्कर्म की वारदात को लेकर इलाके में हड़कंप मच गया।

लीलापुर की 17 वर्षीय किशोरी लालगंज बाजार के एक कॉलेज में इंटर की छात्रा है। लीलापुर थाने के ही सगरा सुंदरपुर निवासी आरोपी अनूप जायसवाल पुत्र बाबूलाल जायसवाल ने छात्रा को अपना मोबाइल नंबर दिया। बीते नौ जून को सुबह करीब 11 बजे आरोपी अनूप ने नाबालिग को लालगंज जलेशरगंज मार्ग स्थित टनाटन होटल में नाश्ते के बहाने ले गया। आरोपी ने वहां पीड़िता छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। इसके कुछ दिन बाद आरोपी छात्रा को दबाव में लेकर दोबारा टनाटन होटल में ले गया और शारीरिक सम्बन्ध बनाया। छात्रा ने इन घटनाओं का विरोध किया तब आरोपी ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जानलेवा धमकी दी। घटना से परेशान छात्रा ने मां को रोते बिलखते आप बीती बताई। पीड़िता ने पहले लीलापुर कोतवाली पहुंचकर तहरीर दिया। मामला थाना क्षेत्र का न होने की बात कह कर पुलिस ने पीड़िता को वापस कर दिया। इसके बाद पीड़िता शनिवार को लालगंज कोतवाली में तहरीर दी। नाबालिग छात्रा के साथ होटल में दुष्कर्म की बात से खलबली मच गई।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने मयफोर्स होटल पहुंचकर दबिश दी। घंटों होटल के अभिलेखों तथा सीसी फुटेज को खंगाला। होटल मैनेजर को पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई। इसके बाद मैनेजर ने पुलिस को होटल का सीसीटीवी फुटेज दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अनूप जायसवाल के खिलाफ शनिवार की देर रात दुष्कर्म, धमकी व पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज किया। रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

दिव्यांगों से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार : सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मिलने पहुंचे दिव्यांगजन।

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने दिव्यांगजनों से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं किया। दिव्यांगजनों से जुड़ी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार है। उन्हें मिलने वाले सामानों की क्वालिटी बहुत खराब है। सपा सरकार में जो सुविधाएं दी गई थीं, वह भी नहीं मिल रही हैं।

सपा प्रमुख ने यह बातें रविवार को प्रदेश भर से मिलने आये दिव्यांगजनों से मुलाकात करने के बाद कहीं। दिव्यांगजनों ने अपनी समस्याएं बताईं और ज्ञापन सौंपा। जिस पर अखिलेश यादव ने सपा सरकार बनने पर पूरा किए जाने का आश्वासन दिया।

वहीं पार्टी मुख्यालय पर रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि इस सरकार में किसानों पर चौतरफा संकट है। एक तरफ फसलों के लिए खाद नहीं है, दूसरी तरफ जंगल से सटे जिलों में जंगली जानवर के हमलों में किसानों की जानें चली जा रही है। प्रदेश में न खाद है और न किसान सुरक्षित है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस सरकार ने जिन स्कूलों को बंद किया था या जिनका मर्जर किया था उन्हें फिर नहीं शुरू किया गया। सरकार ने विधान सभा में भी झूठ बोला कि स्कूलों को बंद नहीं किया जाएगा।

पूजा पाल के आरोपों की जांच हो : अखिलेश

सपा से निष्कासित विधायक पूजा पाल के आरोपों पर अखिलेश यादव ने कहा कि बात समझ में नहीं आयी कि जो मुख्यमंत्री से मिल रहा हो, उसे दूसरे दल के नेता और पार्टी से कैसे खतरा है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने केन्द्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखा है। सरकार इसकी जांच करें। हमें राज्य सरकार पर भरोसा नहीं है, केन्द्र सरकार इसकी जांच कर सच्चाई सामने लाये। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने गृह मंत्री को पत्र लिखकर निष्कासित विधायक पूजा पाल के आरोपों की जांच कराने की मांग की है।

उमा प्रकाश अध्यक्ष, डॉ. रमेश महामंत्री नियुक्त



श्री सीताराम धाम में भामा सेना की बैठक में नियुक्त नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

प्रतापगढ़, अमृत विचार : शहर के जोगापुर स्थित श्री सीताराम धाम में भामा सेना की बैठक की गई। नवीन कार्यकारिणी का गठन कर समाज के हित में दायित्व निर्वहन की जिम्मेदारी दी गई।

संरक्षक सियाराम ऊमरवैश्य की संस्तुति पर उमा प्रकाश अग्रहरि को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डा.रमेश अग्रहरि, एडवोकेट विनोद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, केशकर कौशल, रामजी जायसवाल को महामंत्री नियुक्त किया गया। संरक्षक ने नियुक्ति पत्र देते हुए सभी को सम्मानित किया। संगठन के उद्देश्य पर खरे उतरने की बात कही। भामा सेना के संयोजक रवि गुप्ता ने संगठन के उद्देश्य को रखा। कहा कि समाज के सामान्य व गरीब व्यक्ति के आकस्मिक निधन पर उनके परिजन व आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान करना, उपवर्गों में बंटे वैश्य समाज को बेटी - रोटी का संबंध बनाये जाने हेतु विशेष सहयोग, प्रोत्साहन देना, बेटियों की शादी में सहयोग, गंभीर बीमारी में मदद आदि शामिल है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष उमा प्रकाश अग्रहरि ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा के साथ उपवर्गों में बटे समाज को एक साथ जोड़ना भामा सेना का लक्ष्य है। इस अवसर पर राम जी चौरसिया, राम लखन अग्रहरि, घनश्याम वैश्य, विजय शंकर गुप्ता, शनि गुप्ता, अमित केसरवानी, प्रमोद आदि रहे।

बी.पी.एन. ऑफ इंस्टीट्यूशन
शोभानगर बम्हनी महादेवा मार्ग रामनगर बाराबंकी

में आवश्यकता है

स्नातक स्तर (एक पद प्राचार्य –01), बी0ए0– हिंदी, समाजशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, बी.एस.सी. पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान प्रत्येक विषय मे प्रवक्ता पद – 01, योग्यतानुसार वेतनमान– U.G.C. (यू.जी.सी) एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अंदर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट फोटोग्राफ स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबंधक
मो0 : 9598175751, 9598175752, 53
Email- bpngroupofinstitutions@gmail.com

पेशी– 29/08/2025
नोटिश निस्बत दिखाने वजह के (नमूना आम)
व अदालत श्रीमान सि0 जज
मुकाम जू0 डि0 पश्चिमी महोदय हरदोई,
मुकदमा नं0– 359/2025
श्रीमती अलका सिंह
बनाम
जा0 मृतक संजीव कुमार आदि

1– जा0 मृतक संजीव कुमार पुत्र स्व0 बाबू सिंह नि0 पकरी पर0 बरवन तह0 सवायजपुर जिला हरदोई। 2– स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया परसनल बैंकिंग शाखा बिलग्राम रोड पर0 गोपामऊ, तह0 व जिला– हरदोई। 3– उ0 प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी महोदय, हरदोई। लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालाज मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो बवक्त .... बजे बतारीख ... माह सन् 20.. ... ई0 इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वाश्त के खिलाफ वजह दिखलाइये। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वाश्त मजबूरन आपके गैर हाजिर में समाप्त हो जायेगी। आज बतारीख 19 माह 8 सन 2025 ई0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं ने अपना नाम DEEPIKA VISHNOI से बदल कर DEEPIKA VISHNOI KAUSHAL रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना वा पहचाना जाए। D/O SHAILENDRA KUMAR VISHNOI Resident:- D-151,SECTOR-P ALIGANJ, LUCKNOW

सूचना

मैं **प्रभु नाथ शर्मा पुत्र माता प्रसाद ग्रा0 महेश्वरा पो0 पुरैना था0 विशेश्वरगंज जिला बहराइच** का निवासी हूं मैं अपने पुत्र अवधेश शर्मा व बहू प्रिया शर्मा पत्नी अवधेश शर्मा को उनकी चाल चलन सही न होने के कारण से मैं उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम MO KHALILULLAH से बदलकर KHALIL ULLAH कर लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। KHALIL ULLAH S/O LATE- ABDUL AZIZ 97A/4, ADIL NAGAR, KALYANPUR (WEST) LUCKNOW - 226022

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मैंने बच्चे के विद्यालय के रिकार्ड्स में अपना नाम त्रुटिवश रीना सिंह लिख दिया था, जिस वजह से बच्चे के विद्यालय के सभी रिकार्ड में रीना सिंह अंकित हो गया है। जब की मेरा सही नाम रीना कुमारी है, जो की मेरे अन्य सभी अभिलेखों में भी रीना कुमारी ही दर्ज है अतएव मेरा नाम रीना सिंह के स्थान पर सभी रिकार्ड में रीना कुमारी करने की कृपा करें व सामान्य जन रीना कुमारी नाम से पढ़कर, बोलकर, लिखकर सम्बोधित करें।

सूचना

सूचित करना है कि मेरा नाम शान्तनु गौतम उर्फ तुषार सिंह है, ये दोनों नाम मेरे हैं, एलआईसी पालिसी संख्या 212048458 में भी मुझे शान्तनु गौतम उर्फ तुषार सिंह के नाम से जाना व माना जाए। **शान्तनु गौतम उर्फ तुषार सिंह पुत्र योगेंद्र कुमार सिंह** N 13/209B/198 **ब्रिज इन्क्लेव कालोनी सुंदरपुर वाराणसी** (उ.प्र.) 221005

सूचना

मैं **पृथ्वीपाल पुत्र आशाराम निवासी ग्राम भेन्दुआ बहरेला पोस्ट धुनौली ठाकुरान परगना सूर्यपुर तहसील रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी** मेरी पुत्रवधू भारती पत्नी रामदीन जो हमसे अलग रहती है और मुझसे कोई सरोकार वास्ता नहीं है इस समय अपने मायके में रह रही है और मोबाइल फोन द्वारा धमकी दी जाती है और हम लोगों का कहना नहीं मानती है अतएव परेशान होकर झगड़ा व फसाद न हो तथा सरकारी गतिविधियों से बचने के लिए मै अपनी पुत्र वधू भारती पत्नी रामदीन को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज की तारीख के बाद से भारती पत्नी रामदीन द्वारा की गयी कार्यवाही अमान्य समझी जाय। और भारती पत्नी रामदीन स्वयं जिम्मेदार होगी।

सूचना

सूचित करना है कि मेरे पति जगदम्बा प्रसाद तिवारी के नाम से एल.आई.सी. बीमा पालिसी थी, पालिसी नंबर 213120947 है जिसमें मैं नामिनी हूं, मेरा नाम ननका देवी उर्फ सुनीता दोनों है और दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हूं, एलआईसी की बीमा पालिसी 213120947 में भी मुझे इन्हीं नामों से जाना जाए। **ननका देवी उर्फ सुनीता पत्नी स्व जगदम्बा प्रसाद तिवारी कलंदरपुर चौबे पूरे तिवारी पोस्ट पथवलिया गोंडा।**

पेयजल का संकट | सीएमएस ने प्राचार्य को पत्र लिख कर व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया

अस्पताल में फिर टूटी सप्लाई की पाइप

संवाददाता, प्रतापगढ़

पाइप टूटने के बाद फैला पानी। अमृत विचार

अमृत विचार : राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में पानी की समस्या दूर नहीं हो रही है। चार साल में दो बार मोटर जली और मेन सप्लाई की पाइप जगह-जगह फट गई है। शनिवार को पुनः पेयजल की समस्या आ गई, जो रविवार तक बरकरार रही। स्थाई समाधान के लिए सीएमएस ने मेडिकल कालेज के प्राचार्य को पत्र लिख कर व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया है।

मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के नवीन भवन में पानी की टंकी से सप्लाई की पाइप शनिवार को टूट गई। इससे पेयजल का संकट आ गया। शनिवार को सुबह 10 बजे पानी की मोटर चलाई गई तो सप्लाई की पाइप के प्रेशर का जोड़ दो जगह से खुल गया। अस्पताल में पंपिंग सेट की अंडरग्राउंड मुख्य पाइप लाइन दो जगहों से फट गई है। इससे चिकित्सकों के आवास के ऊपरी तल में पानी की समस्या रही। पानी मुख्य चिकित्सालय भवन व हास्टलों तक भी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे अस्पताल के नवीन भवन में पानी का संकट खड़ा हो गया। रविवार को भी पानी की समस्या बरकरार रही। अस्पताल के हास्टल में रहने वाले लोगों के साथ मरीजों को भी सुबह परेशानी उठानी पड़ी। अस्पताल के सीएमएस डा. शैलेंद्र कुशवाहा ने बताया कि शनिवार को एक बार पुनः पानी के सप्लाई की अंडरग्राउंड मुख्य पाइप लाइन दो जगह से फट गई है। इसे ठीक कराने को लेकर मेडिकल कालेज के प्राचार्य को पत्र लिख कर स्थाई समाधान कराने का अनुरोध किया गया है। जब तक यह ठीक नहीं होती पानी की सप्लाई टैंकर से कराई जा रही है।

महिला प्रधानों के लिए प्रशिक्षक तैयार

लखनऊ : पंचायती राज मंत्रालय के सशक्त महिला नेत्री अभियान के तहत गोरखपुर एवं चित्रकूट मंडलों में महिला प्रधानों के लिए प्रशिक्षकों का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ऐसे मास्टर ट्रेनर तैयार करना है, जो महिला प्रधानों को उनके दायित्वों के संदर्भ में प्रशिक्षित कर सकें।

गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज
गौरी रोड, बिजनौर, लखनऊ
(अल्पसंख्यक संस्थान)
(लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

बी0एड0 व एम0एड0
2025-27 में प्रवेश हेतु

आवेदन फार्म महाविद्यालय के कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

प्रवेश अर्हता एन0सी0टी0ई0 एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के मानकानुसार

मो.- 9565828888

न्यूज ब्रीफ

हरिपालपुर में सर्पदंश से बालक गंभीर

हैदरगढ़, बाराबंकी : कोतवाली क्षेत्र के हरिपालपुर गांव निवासी तेज बहादुर का 11 वर्षीय पुत्र रविवार की दोपहर बाद ढाई बजे कच्ची कोठरी से पानी पीने के लिए गिलास निकालने गया था कि तभी बक्से के नीचे छिपकर बैठे साँप ने डस लिया। परिजनों ने सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां उपचार चल रहा है।

बैंक कर्मी की कार का शीशा तोड़ बैग चोरी

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर मोड़ स्थित आईसीआईसीआई बैंक के सामने शुक्रवार को चोरों ने चोरी कर ली। बैंक में कार्यरत राहुल सिंह ने अपनी कार बैंक के सामने खड़ी की थी। कार में महत्वपूर्ण कागजात, एक टैबलेट, पहचान पत्र आदि रखा था। जब वह फील्ड कार्य पर जाने के लिए बाहर निकले तो देखा कार का शीशा टूटा हुआ है और अंदर रखा बैग गायब है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कहासुनी के बाद पत्नी बेटी के साथ लापता

बाराबंकी, अमृत विचार : टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भुडवा मजरे अरुवा निवासी राजकुमार निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पत्नी और बेटी के लापता होने की सूचना दी है। राजकुमार ने बताया कि उसकी पत्नी उषा 40 और पुत्री लक्ष्मी 15 अचानक बिना बताए घर से कहीं चली गईं। राजकुमार के अनुसार, घर में मामूली कहासुनी होने के बाद उसकी पत्नी और बेटी शाम करीब छह बजे से लापता हैं। उसका कहना है कि उसने घरवालों और रिश्तेदारों से पूछताछ की, लेकिन कहीं भी पत्नी और बेटी का पता नहीं चला। इसके बाद उसने थाना टिकैतनगर में सूचना दी।

कल्याणी नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

एक दिन पहले घर आया था पिंटू, परिजनों में मचा कोहराम

हादसा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : रविवार को कल्याणी नदी में नहाने गया एक युवक गहरे पानी में चला गया। काफी देर बाद गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला तो युवक की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी घर तक पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार बड़ूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहब्बतपुर मजरे सरसवां निवासी राधेलाल यादव का बेटा पिंटू यादव लखनऊ में मजदूरी करता है। शनिवार को वह लखनऊ से अपने घर आया था। रविवार की दोपहर वह घर से निकला और

घटना के बाद मौके जुटी लोगों की भीड़।

कल्याणी नदी के किनारे पहुंच गया। यहां नहाने के लिए कपड़े उतारकर वह नदी में चला गया। बताया जा रहा कि पैर फिसलने से वह गहराई में गया और बहता चला गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर बुलवाए, काफी देर की तलाश के बाद फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में इसरौली चौकी अंतर्गत खुंभी में फंसे पिंटू के शव को बाहर निकाला गया।

उधर, खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए और परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिंटू पांच भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पिंटू रहने वाला बड़ूपुर थाना क्षेत्र का है लेकिन घटनास्थल फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में आता है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

ढाबा कर्मी ने फांसी लगाकर दी जान

सफदरगंज, बाराबंकी: सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे पर स्थित लक्षबर बजहा गांव के निकट एक ढाबा पर काम करने वाले एक 38 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लक्षबर बजहा गांव के निकट वीर ढाबे पर काफी समय से काम करने वाले 38 वर्षीय संतोष नाम के मजदूर ने ढाबे के पीछे स्थित हाल में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक कहां का रहने वाला है, इसकी जानकारी ढाबा मालिक को नही है। ढाबा संचालक जयवीर ने बताया कि मृतक संतोष काफी समय से ढाबे पर काम करता था।

रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: रोटरी क्लब बाराबंकी की ओर से रविवार को आरोग्य रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से सफेदाबाद स्थित मातृ पितृ सदन वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य एवं जांच शिविर तथा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अविनाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में करीब 80 बुजुर्गों के स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें दवाएं वितरित की गईं। इस मौके पर रोटरी क्लब बाराबंकी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुधीर वर्मा ने कहा कि क्लब सामाजिक सरोकार के तहत जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहता है। कार्यक्रम का समन्वय रोटरी क्लब के सदस्य राजेश अरोड़ा बब्बू ने किया। उन्होंने कहा यह आयोजन पूरी तरह वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को समर्पित है।

शिविर में जांच करते चिकित्सक व मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

पौधरोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी क्लब के पदाधिकारी निभाएंगे। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष डॉ. राजेश मोहन, महावीर प्रसाद जैन, सम्पन्न कुमार निगम, शिखा श्रीवास्तव, सुनील वर्मा, रजनी वर्मा, कुसुम जैन, डॉ. विमल बैसवार, कमलेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजलक्ष्मी, ममता, अनुज कुमार आदि रहे।

पारिवारिक विवाद को लेकर भिड़े दो पक्ष

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सड़वा भेलू में पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। गांव में रहने वाले पहले पक्ष के सनी पाठक पुत्र स्व. गंगा प्रसाद पाठक ने आरोप लगाया है कि 22 अगस्त की शाम उसके भाई रामकुमार, भाभी जूली पाठक व ससुराली रिश्तेदार मोहित व आशीष तिवारी समेत 8-10 लोग घर पर आए और उसकी मां शिवलली पाठक को गालियां देने लगे। मना करने पर लात-घूंसों, ईंट-पत्थरों और डंडों से पीटा गया। बचाने आए भाई-बहन को भी चोटें आईं। हंगामा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। मौके पर विपक्षियों की मोटरसाइकिल भी छूट गई। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। वहीं दूसरे पक्ष के रामकुमार पुत्र स्व. गंगादास पाठक ने तहरीर दी है कि वह अपनी पत्नी जूली तिवारी को ससुराल से विदा कराकर भाई साले के साथ घर पहुंचा था। तभी उसके भाई सनी, रवि, हरिओम, मनीष, अनीस व बहन कांती ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी व साले को भी चोटें आईं। हल्ला सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। इधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी।

श्रद्धा मणि प्राशिसं बाराबंकी की महिला उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय प्राशिसं जिला बाराबंकी की बैठक जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं व समाधान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में एक दिन की वेतन कटौती को मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध आकस्मिक अवकाश के बैलेंस में परिवर्तित करने, पेंडिंग चयन वेतनमान आदेशों को शीघ्र जारी कराने, विद्यालय उपस्थिति लॉक न होने की स्थिति में वेतन बाधित न होने आदि मुद्दों पर रणनीति बनाई गई। संगठन में महिला शिक्षिकाओं की सहभागिता बढ़ाने और उनकी समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से श्रद्धा मणि (सहायक अध्यापक, प्राथमिक विद्यालय पूरे मल्लाह, विकास खंड हैदरगढ़) को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बाराबंकी का महिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनका मनोनयन पत्र जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह एवं जिला महामंत्री नीरज वर्मा द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री नीरज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रवि वर्मा (हरख), विनीत सिंह (सिद्धौर), अभय प्रताप (हैदरगढ़), संतोष सिंह, मीनाक्षी नारद, रेखा सिंह, भावना, रश्मि राय, विशाल शर्मा समेत अनेक शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महिला उपाध्यक्ष को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह। अमृत विचार

विदेश में नौकरी के नाम पर की ठगी

जैदपुर, बाराबंकी : विदेश भेजने के नाम पर कबूतरबाजी का खेल युवाओं को शिकार बना रहा है। जैदपुर क्षेत्र के ग्राम इन्धौलिया निवासी शिवशंकर वर्मा ने आरोप लगाया कि कस्बे के मोहल्ला वसीनगर निवासी मो. सैय्यद और उसका पुत्र मो. समीर ने डेढ़ लाख रुपये लेकर उसे सऊदी अरब में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। पीड़ित का कहना है कि दम्माम पहुंचने पर उसे मजदूरी करने को मजबूर किया गया और विरोध करने पर पिटाई कर कमरे में बंद कर दिया गया। शिकायत के बाद एजेंट ने 75 हजार रुपये और ऐंठ लिए लेकिन वापसी की व्यवस्था नहीं कराई। अंततः उधार पैसे लेकर वह किसी तरह भारत लौटा।

गमगीन माहौल में निकला चेहल्लुम का जुलूस

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार: सूफी नगरी देवा में रविवार को चेहल्लुम का जुलूस गमगीन माहौल के बीच निकाला गया। देर रात तक चले आयोजन में नगाड़ों की गूंज और ताजियों के दीदार के लिए नगर सहित आसपास से अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ा। शनिवार रात से ही आस्ताना परिसर मातमी रंग में डूबा रहा। कई जिलों से पहुंचीं अंजुमनों ने पूरी रात नौहा ख्वानी पेश की। वहीं सबीलो पर भी अकीदतमंदों की कतारें लगी रहीं। दोपहर जुलूस आस्ताना गेट से रवाना होकर निर्धारित मार्गों से होता हुआ नुमाइश मैदान स्थित कर्बला पहुंचा, जहां ताजियों को सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। इससे पूर्व कौमी एकता गेट पर चेयरमैन देवा हारुन वारसी और पूर्व चेयरमैन साहबे आलम वारसी ने अंजुमनों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी, कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक छट्टू चौधरी, गुफरान उल्ला खां, अर्जुन सिंह, जयंत सिंह और सूरज जायसवाल को भी सम्मानित किया गया जुलूस के दीदार के लिए देर शाम तक नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से लोग भारी संख्या में पहुंचे। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम किए गए थे। कार्यक्रम में वसीम अहमद, सभासद मोहम्मद रिजवान, सलमान वारसी, शानू वारसी, उबैदुल्ला, राजू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

अंजुमनों को सम्मानित करते देवा चेयरमैन हारुन वारसी। अमृत विचार

पिता और पुत्र ने ही की थी सीमेंट व्यापारी से टप्पेबाजी

बाराबंकी, अमृत विचार : स्वॉट, सर्विलांस व थाना बड़ूपुर पुलिस ने सीतापुर के रहने वाले पिता पुत्र को गिरफ्तार कर चार दिन पूर्व सीमेंट व्यापारी के साथ हुई टप्पेबाजी की घटना का खुलासा किया है। आरोपी इस तरह की घटनाओं से मिलने वाले रुपये से मारफीन खरीद बिक्री का काम करते हैं।

एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनेश अवस्थी पुत्र स्व0 बेचेलाल, मनोज कुमार अवस्थी पुत्र दिनेश अवस्थी निवासी ग्राम कितुरी थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर को ग्राम टड़वानानकारी के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से टप्पेबाजी की घटना से सम्बन्धित 26070 रुपये नकद, 258 ग्राम मारफीन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ से पता चला कि कि आरोपी रिश्ते में पिता-पुत्र हैं तथा घटना करने से पहले उस जगह की रेकी करते हैं, रेकी के पश्चात शातिर तरीके से घटनाएं करते हैं। इनके द्वारा चोरी किये गए रुपयों से अवैध मारफीन खरीदकर उसको बेचने का काम किया जाता है। 20 अगस्त को थाना बड़ूपुर क्षेत्रान्तर्गत रीवा सीवा बाजार स्थित जय मां ट्रेडर्स की दुकान पर 94,000 रुपये की टप्पेबाजी इन्ही पिता पुत्र ने की थी।

पुलिस को दिया व्यवहारिक साइबर प्रशिक्षण

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला प्रशिक्षण सभागार में सभी थानों के साइबर सेल में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों को व्यवहारिक साइबर प्रशिक्षण दिया गया। सीओ लाइन संगम कुमार व साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव आदि ने साइबर क्राइम की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों पर स्थापित साइबर सेल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येक थाने के साइबर सेल में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को व्यावहारिक व विशेष साइबर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में मौजूद पुलिस कर्मचारी। अमृत विचार

सामूहिक विवाह : प्रति जोड़े पर एक लाख रुपये होगा खर्च

बाराबंकी, अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रति विवाह होने वाले खर्च को अब दोगुना कर दिया गया है। फिलहाल चार्तुमास के चलते शुभ कार्य रुके हुए हैं लेकिन नवंबर में सामूहिक विवाह के आयोजन के दौरान सबके चेहरे खिले हुए नजर आएंगे। योजना के तहत अभी तक प्रति विवाह या जोड़ा 51 हजार खर्च किए जाते थे। इनमें 35 हजार कन्या खातें में भेजा जाता तो दस हजार की सामग्री जोड़े को दी जाती थी इसके साथ ही छह हजार आयोजन पर खर्च होता आया है। इसी बीच सरकार ने यह खर्च दो गुना करने का ऐलान कर सबको खुश कर दिया। इसी साल के मई में शासनादेश जारी होते ही विभागों ने बढ़ी धनराशि के अनुसार आवेदन लेने व इस पर काम करना शुरू कर दिया लेकिन चार्तुमास लग जाने से फिलहाल आयोजनों पर ब्रेक लगी हुई है। हालांकि योजना के तहत अब विवाह करने वाले लाभार्थियों पर अब एक लाख रुपये खर्च होंगे। इसमें से 60 हजार की धनराशि कन्या की खाते में डीबीटी से भेजा जाएगा। साथ ही 25 हजार का उपहार दिया जाएगा। वहीं विवाह के आयोजन पर 15000 रुपये प्रति जोड़ा खर्च किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डा नीलम ने बताया कि नवंबर में सामूहिक विवाह का आयोजन होगा।

नव दुर्गा महोत्सव के लिए हुआ ऑडिशन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: यूथ एसोसिएशन बाराबंकी द्वारा नगरपालिका प्रांगण में शारदीय नव दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर रविवार को गायन व नृत्य के ऑडिशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के सैकड़ों प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यूथ एसो. के कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता 'किल्लू' ने बताया कि संस्था विगत 55 वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन कर रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गायन और नृत्य के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार जूनियर वर्ग में कुल 284 और सीनियर वर्ग में 157 प्रतिभागियों ने ऑडिशन में भाग लिया। कार्यक्रम में नृत्य वर्ग के निर्णायक मंडल में अनिमेष सिंह और विदुषी शुक्ला उपस्थित रहे जबकि गायन के निर्णायक के रूप में मधुकर तिवारी और अभिनंदन कुमार ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। चयनित प्रतिभागियों को आगामी शारदीय नव दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। ऑडिशन के सफल आयोजन में यूथ एसो. परिवार के सदस्य शेफाली निगम, स्मृति राज, अमन त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला, ऋषभ श्रीवास्तव समेत अन्य की सक्रिय भूमिका रही।

शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर आयोजित कार्यक्रम में ऑडिशन देते बच्चे।

कजरी तीज महोत्सव में बिखेरी प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: समर्थ नारी समर्थ भारत संगठन की ओर से शहर के कोऑपरेटिव बैंक सभागार में कजरी तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष किरण तिवारी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में लाल परिधान धारण किए महिलाओं ने नृत्य, गायन और रंगोली सहित विविध प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में श्रुति गुप्ता (मेहंदी), तुलसी वर्मा (नृत्य), तान्या पटेल (गायन), प्रियांसी रस्तोगी (तीज सुंदरी) रहीं, वहीं द्वितीय स्थान पर अंजू गौतम, आकांक्षा, संजू कुमारी और प्रियंका सिंह रहीं। रंगोली में आरुषि चौधरी और पैर सज्जा में रश्मि जायसवाल ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों से पार्वती व शिव के स्वरूप, श्रृंगार के गहनों तथा चारधाम से जुड़े प्रश्न पूछे जिनका उत्तर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक दिया। मुख्य अतिथि नेत्र सर्जन एवं समाजसेवी डॉ. विवेक वर्मा को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में नवाबगंज विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रही रामकुमारी मौर्या को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माधवी निगम, दिव्या पांडे, राखी निगम, पल्लवी पांडे, सुनैना चौहान, प्रियंका सक्सेना, पुष्पलता अग्रवाल रहीं।

कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

लाइनमैन से ठगे 77 हजार

फतेहपुर, बाराबंकी: साइबर अपराधियों द्वारा एक बार फिर ठगी की बड़ी घटना सामने आई है। एसडीओ बहराइच बता नौकरी बचाने के नाम पर एक संविदा लाइनमैन से 77 हजार रुपये ठग लिए गए। तहसील क्षेत्र के धधौरी गांव निवासी विजय कुमार बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैन का कार्य करते हैं। उनकी पत्नी सुषमा देवी ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पूर्व जब संविदा कर्मियों की छंटनी की चर्चा चल रही थी, तभी खुद को एसडीओ बिजली विभाग बहराइच बताने वाले एक व्यक्ति ने फोन कर विजय कुमार से नौकरी बचाने के नाम पर 25,000 की मांग की। इसके बाद पीड़ित ने 5 फरवरी से 10 मई तक किस्तों में कुल 77,000 फोन-पे के माध्यम से ठग को भेज दिए। जब ठगी का अहसास हुआ तो पीड़ित की पत्नी ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने पुलिस से ठग को गिरफ्तार करने व उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

खाते से उड़ाए 24 हजार

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में साइबर अपराध का एक और मामला सामने आया है। ग्राम बैसड़ा निवासी मो. जावेद ने पुलिस को बताया कि 24 मार्च को उनकी जीमेल आईडी के माध्यम से 24,099 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि इस धोखाधड़ी में मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया, जो कि रमेश सामल पुत्र घाना सामल निवासी ग्राम महसिंदपुर कटक उड़ीसा के नाम पर है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

बाराबंकी डायरी

बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा है कांग्रेस परिवार : तनुज पुनिया

बाराबंकी, अमृत विचार : सांसद तनुज पुनिया ने बिझला, हेतमापुर, बल्लोपुर सहित बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की। कहा कि कांग्रेस परिवार हमेशा दुख की घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ा रहा है और आगे भी रहेगा। सांसद ने याद दिलाया कि पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया ने 54 किमी लंबा बंधा बनवाकर सरयू नदी से गांवों को राहत दिलाई थी। उसी तरह वह भी बाढ़ की स्थायी समस्या के समाधान के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से चर्चा कर ठोस कदम उठाएंगे। दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, आर.डी. राव, केसी श्रीवास्तव, राजेंद्र वर्मा, आदर्श पटेल, सौरभ पांडेय, सुरेंद्र वर्मा आदि रहे।

कांग्रेस-सपा ने पसमांदा मुसलमानों को किया उपेक्षित: वसीम राईन

बाराबंकी, अमृत विचार : आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कांग्रेस व सपा ने हमेशा पसमांदा मुसलमानों को केवल वोट बैंक बनाकर इस्तेमाल किया, लेकिन सत्ता, सदन और संगठन में उनका प्रतिनिधित्व नहीं दिया। आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आर्टिकल 341 के जरिए धार्मिक प्रतिबंध लगाकर मुसलमानों के साथ अन्याय किया और उनकी तरक्की की राह रोकी। वहीं सपा नेतृत्व ने भी पसमांदा समाज को सिर्फ चुनाव में इस्तेमाल किया, लेकिन कभी राज्यसभा या संगठन में जगह नहीं दी। वसीम राईन ने चेतावनी दी कि यदि इन दलों का रवैया नहीं बदला तो 2027 के चुनाव में पसमांदा समाज जिस पार्टी से हिस्सेदारी पाएगा, उसी को वोट करेगा।

पीरबटावन में महिला से दबंगई घर में घुसकर की तोड़फोड़

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीरबटावन में एक महिला के साथ दबंगई और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता साधना सिंह पत्नी नीरज कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि वह अपने बच्चों के साथ अकेली रहती है और उनके प्लाट कब्जेदारी को लेकर पहले से ही न्यायालय में वाद विचाराधीन है, जिसमें कमीशन का आदेश भी पारित हो चुका है। इस दौरान विपक्षी पक्ष लगातार उसे परेशान कर रहा है। पीड़िता के अनुसार, 7 अगस्त की शाम मोहल्ले के ही मो0 अंसार, मो0 इंतसार पुत्र मो0 मोहर्रम अली, मो0 सऊद, मो0 शमीम, अनस, मो0 साद पुत्र शमीम समेत 15-20 अन्य लोग उसके घर पहुंचे और दरवाजे पर तोड़फोड़ करने लगे। आरोप है कि विपक्षियों ने गली में लगा लोहे का गेट तोड़कर उठा लिया और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

शोहदों ने अकेली महिला से की छेड़छाड़, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, सिरौली गौसपुर, बाराबंकी : बदोसरांय थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला को घर में अकेला पाकर शोहदों ने छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उससे दुर्व्यवहार किया। कई बार ऐसी हरकतें कर चुके शोहदों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। महिला का आरोप है कि एक जुलाई की शाम करीब सात बजे वह घर पर अकेली थी, तभी गांव के अली अकबर पुत्र मेराज तथा मो. शकील पुत्र मो. रकीब घर में जबरन घुस आए। महिला ने आरोप लगाया कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर अली अकबर ने उससे दुर्व्यवहार किया जिससे वह अर्धनग्न हो गई। शोर सुनकर पास में रहने वाली जन्नतुल निशां व मोहम्मद महफूज मौके पर पहुंचे, तब आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता का कहना है कि आरोपी अली अकबर पहले भी कई बार फोन पर अश्लील बातें करता था। इस संबंध में उसने 3 जुलाई को एसपी से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

अदालत के आदेश पर दर्ज हुई छेड़छाड़ और मारपीट की रिपोर्ट

मसौली, बाराबंकी : थाना व कस्बा मसौली में दबंगों द्वारा युवती के साथ हुई छेड़छाड़ एवं मारपीट की घटना को लेकर पुलिस अनसुनी करती रही। विवश पीड़िता ने कोर्ट में गुहार लगाई तब जाकर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। बताते चलें कि थाना व कस्बा मसौली के एक मोहल्ले में गत 16 जून को एक 30 वर्षीय युवती अपने घर के सामने झाड़ू लगा रही थी तभी मोहल्ले के ही भूरे पुत्र बजारु, रइस अहमद पुत्र अज्ञात, बजारु पुत्र अज्ञात, इस्तियाक, इम्तियाज पुत्रगन अज्ञात, रुक्सार पत्नी इम्तियाज, रेशमा पत्नी रइस, राहुल पुत्र अज्ञात ने युवती को पीटना शुरु कर दिया। जान बचा कर युवती घर के अंदर भागी तो रइस व भूरे ने छेड़खानी करते हुए कपड़े फाड़ दिये। युवती को पिटता देख युवती की माता बचाने दौड़ी तो इश्तियाक व इम्तियाज ने सिर पर डंडे से हमला कर दिया जिससे माँ बेटी घायल हो गयी। इस दौरान पीड़िता का मोबाइल भी गायब हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने थाना मसौली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।

हर्षोल्लास से मनाया गया गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम प्रकाश पर्व

बाराबंकी, अमृत विचार : गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम प्रकाश पर्व रविवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा लाजपतनगर में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही गुरुद्वारे में भक्तिमय माहौल रहा और संगत ने एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत एक सप्ताह पूर्व आरंभ हुए सहज पाठ की समाप्ति से हुई, जिसके उपरांत दीवान सजाया गया। इसमें भाई तीरथ सिंह जत्था व लखनऊ से आए भाई तेजिंदर सिंह हजूरी रागी जत्थे ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भावविभोर कर दिया। इसके बाद आनंद साहिब जी का पाठ हुआ और गुरु का अटूट लंगर वर्ताया गया, जिसमें सभी धर्मों के लोग एक पंगत में बैठकर शामिल हुए। लंगर में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह सहित सरदार चरनजीत सिंह, सरदार रवीन्द्रपाल सिंह, सरदार हरपाल सिंह, सरदार परमजीत सिंह, सरदार सतनाम सिंह खालसा, सरदार जसबीर सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार मनमीत सिंह सोनू, सरदार बलबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार, 25 अगस्त 2025

सीतापुर

न्यूज ब्रीफ

मेला कमेटी अध्यक्ष का पद से इस्तीफा

बिसवां, अमृत विचार : बाबा हजरत गुलजार शाह रह . अलैह मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व नपा अध्यक्ष अब्दुल अतीक खान ने मेला कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने मेला कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिये जाने का कारण अन्य कामों की व्यस्तता एवं परिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाहन बताया। उन्होंने अपना इस्तीफा वक्फ बोर्ड चेयरमैन एवं जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी एवं मेला सचिव को आशय की जानकारी के साथ भेजा है।

जहरीला कीड़ा काटने से युवक की मौत

पहला, अमृत विचार : रामपुर कलां अंतर्गत सरैया राजा साहब में देर रात एक 20 वर्षीय युवक को सोते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया, गंभीर अवस्था में उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उपचार के दौरान ग्रामीण युवक की मौत हो गई। ग्राम सरैया राजा साहब निवासी अमन गुप्ता पुत्र स्व . रामनरेश गुप्ता रोज की तरह चाट का ठेला घर पर खड़ा कर खाना खाने लगा। बताते हैं कि भोजन के बाद वो आंगन में पड़े तखत पर सो गया। रात के किसी पहर उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत गंभीर होती देख परिजनों द्वारा उसे सीएचसी पहला लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी के बाद बिगड़ी हालत में लखनऊ ले जाने पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामूली विवाद में महिला की पिटाई

बिसवां, अमृत विचार : बकरी के घर में घुसने को लेकर हुए विवाद में महिला की जमकर पिटाई कर दी गई। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली बिसवां इलाके के सिकरहना मजरा बसन्तसिंह पुरवा की निधि पत्नी शैलेन्द्र के मुताबिक, हरिपाल, ओमप्रकाश और रामशरण पुत्रगण गिरवर एवं शोभाराम पुत्र हरिपाल की बकरी घर में घुस आई तो वह उलाहना देने गई। तभी सारे आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे उसे काफी चोटें आईं हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

निगरानी में निकला चेहल्लुम का जुलूस

बिसवां, अमृत विचार : कोन्सर गांव में चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी की। इस दौरान प्रशासन के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

मंत्री को सौंपा उद्योग व्यापार मण्डल ने ज्ञापन

लहरपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की तहसील इकाई के अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु को लहरपुर के मुख्य बाजार में नाला निर्माण को लेकर ज्ञापन सौपा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भगवती गुप्ता, नगर अध्यक्ष ब्रजेश रस्तोगी, नगर अध्यक्ष लहरपुर रियाज अहमद बबलू, उपाध्यक्ष, सियाराम जायसवाल, हाशिम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

दो वाहनों की टक्कर में एक गंभीर

लहरपुर, अमृत विचार : तंबौर जाने वाले मार्ग पर शारदा सहायक नहर रेगुलेटर पुल के निकट दो चौपहिया वाहनों में टक्कर हो गई। हादसे में एक घायल हुआ है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना के बाद भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और सड़क पर वाहनों के टकराने से जाम लग गया, दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे कर आवागमन बहाल कराया।

खाद बोरी का वीडियो वायरल, खंगाली फैक्ट्री

लहरपुर। केसरीगंज स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री के बंद पड़े गेट के सामने यूरिया की खाली बोरियों की फोटो वायरल होने पर सहायक कृषि अधिकारी ने फैक्ट्री की जांच की ज्ञातव्य है कि क्षेत्र में यूरिया का भीषण संकट व्याप्त है और किसान एक एक बोरी यूरिया खाद के लिए धक्के खा रहा है। रविवार को केसरीगंज में स्थित एक फैक्ट्री के बंद पड़े गेट के सामने भारी संख्या में खाली पड़ी यूरिया की बोरियों की फोटो वायरल होने पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा ने केसरीगंज स्थित बालाजी प्लाइवुड फैक्ट्री पर पहुंचकर वायरल फोटो की सत्यता की जांच की।

नाव से पलायन, 6 गांव में घुसा घाघरा का पानी

रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र के भूषनपुरवा में हो रही सबसे अधिक कटान, तहसीलदार ने की लोगों से बात

बाढ़-कटान

- ग्रामीणों ने गृहस्थी समेटकर गांव से किया पलायन, प्रशासन सक्रिय
- लोगों के बीच राशन सामग्री का भी वितरण करा रहा प्रशासन

रामपुर मथुरा, सीतापुर

तेजी से कटान करती घाघरा नदी। अमृत विचार

गृहस्थी का सामान हटाते भूषन पुरवा के ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचार : घाघरा की कटान से अब तक तीन गांव जलमग्न हो चुके हैं। 24 घंटे के भीतर छह और गांव में पानी आ पहुंचा है। घाघरा के कहर से बचने के लिए गृहस्थी समेटकर गांव के लोग देर शाम तक पलायन करते रहे। सबसे अधिक भूषनपुरवा में कटान हो रही है।

घाघरा का कहर रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र में सबसे अधिक है। अब तक कटान कुन्नापुरवा, रामरूपपरवा जलमग्न हो चुके हैं। कंपोजिट विद्यालय कटान की जद में आने के बाद लोधनपुरवा भी समाप्त की ओर है। 24 घंटे के भीतर घाघरा नदी ने सुंदरपुरवा, भूषनपुरवा सहित छह गांव को घेर लिया है। ऐसे में ग्रामीण तेजी से गृहस्थी समेटकर अपना नाव से पलायन कर रहे हैं। तहसीलदार महमूदाबाद अनिल कुमार राम ने गांव जाकर लोगों से संवाद किया और उन्हें बाहर निकलवाने में मदद करवाई, इस दौरान लोगों के बीच राशन सामग्री का भी वितरण हुआ।

बच्चों के भविष्य के लिए चिंता में दिखे परिवार : कंपोजिट विद्यालय जलमग्न होने के बाद सुंदर पुरवा के पृथ्वीराज, कुंवारे, परशुराम सहित अन्य लोग चिंता से घिरे दिखे, पूछने पर बताया कि उनके घर कट चुके हैं। बच्चों की पढ़ाई विद्यालय जलमग्न होने के कारण बाधित हो गई है। आगे क्या होगा, ईश्वर ही जानें। वहीं छन्नूलाल, शिवप्रसाद, ऊषा, परमेश्वर, केशन, सुखदेव, प्रकाश आदि अपनी गृहस्थी समेटर ऊंचाई पर जाते मिले।

ग्रामीण बोले—नदी तेजी से मुड़ रही, इसलिए बढ़ा प्रकोप

लोधनपुरवा के स्वामी दयाल, कुन्नू, फौजदार की उपजाऊ भूमि और मकान कटान की भेंट चढ़ चुका है। बताते हैं कि करीब दस साल पहले बहराइच इलाके ठोकरों का निर्माण हुआ, जिससे घाघरा का रुख सीतापुर की ओर अधिक हो गया। इधर कई सालों से लगातार नदी गांव की ओर मुड़ रही है। जिससे कई गांव प्रभावित हो चुके हैं।

अपना ही आशियाना उजाड़ते नजन आए ग्रामीण

देशराज और दुजई अपने ही मकान के कई स्थानों को हाथों से तोड़ रहे थे। पूछने पर बताया कि जो अंश मिलेगा। वो राहत दे सकता है, वरना मकान तो नदी में जाना ही है। देशराज और दुजई का कहना है कि कटान के मूल कारणों पर जाकर स्थायी रोकथाम ही एक मात्र उपाय है।

> ग्रामीण परिवारों को लगातार आश्रय स्थल पर ले जाने का कार्य राजस्वकर्मी कर रही है। कई सुरक्षित स्थानों पर शिविर लगाकर उपचार और खाद्य पदार्थों का वितरण कराया जा रहा है। बाढ़ चौकी पर सभी कर्मी पूरी तरह मुस्तैद है, उनकी मानीटरिंग भी की जा रही है।
> **बीके सिंह, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद।**

बाघ का आतंक : महोली विधायक वन कर्मियों के साथ कर रहे कांबिंग

वन कर्मियों के साथ कांबिंग के दौरान चर्चा करते महोली विधायक शशांक त्रिवेदी।

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर/ नेरी

- शुक्रवार को खेत देखने गए 24 वर्षीय युवक को बाघ ने बना लिया था अपना शिकार

अमृत विचार: महोली इलाके में बाघ के हमले से नरनी गांव निवासी 24 वर्षीय युवक की हुई मौत के बाद महोली विधायक शशांक त्रिवेदी एक्टिव मोड़ में नजर आए।

शनिवार को महोली विधायक शशांक त्रिवेदी नरनी गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया जिसके बाद वन अधिकारियों से बात कर सुस्त रवैए को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए विधायक शशांक त्रिवेदी ने खुद कमान संभाली और वन कर्मियों के साथ खुद बंदूक लेकर बाघ को पकड़वाने के लिए कांबिंग करने निकल पड़े। वन विभाग ने रात भर कांबिंग की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी। जिसके बाद वन विभाग ने रविवार को भी कांबिंग करते हुए पिंजड़ा लगाने की करवाई की। विधायक शशांक त्रिवेदी रविवार फिर से खुद बंदूक लेकर कांबिंग करते नजर आए।

पूर्व सपा विधायक अनूप गुप्ता भी दर्द बांटने पहुंचे नरनी गांव : मामले की जानकारी मिलते ही सपा के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता भी शोकाकुल परिवार का दर्द बांटने पहुंचे। मृतक के परिजनों से मिलकर पूर्व विधायक ने उन्हें ढांढस बंधाया।

लव जिहाद :जबरन निकाह और धर्म परिवर्तन, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, सीतापुर

- शहर की सीमा से सटे रामकोट थाना क्षेत्र का है मामला

अमृत विचार : शहर सीमा से सटे रामकोट थाना क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में लव जिहाद का मामला सामने आया। आरोप है कि मुस्लिम युवक ने खुद को हिंदू बताकर युवती से दोस्ती की, धार्मिक झांकियों में साथ किरदार निभाते हुए शादी तक कर ली। बाद में जबरन निकाह कराकर धर्म परिवर्तन कराया और विरोध करने पर युवती को प्रताड़ित किया। पीड़िता का कहना है कि युवक की पहचान आफताब अंसारी उर्फ राज के रूप में हुई है। वह झांकियों में छोटे किरदार करता था और खुद को राज बताकर युवती के करीब आया।

दोनों ने राम-सीता व शिव-पार्वती की झांकियों में अभिनय किया। इसके बाद हिंदू रीति-रिवाज से सात फेरे लिए। युवती की मां की मौत के बाद आफताब ने उसे सहारा देते हुए निकाह और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया। आरोप है कि विरोध करने पर आफताब ने कमरे में बंद कर मारपीट की और दूसरी शादी की धमकी दी। चौकी पर शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने हिंदू शेर सेना की मदद ली। संगठन के हस्तक्षेप पर पुलिस ने आफताब अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश पटेल ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है, निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश से नेपाल भेजी जा रही खाद : अजय राय

- खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाददाता, सीतापुर

ग्रामीणों से मिलकर हालात की जानकारी लेते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

अमृत विचार : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि नेपाल भेजे जाने के कारण ही प्रदेश में खाद की किल्लत है, ये सब सरकार के संरक्षण में किया जा रहा है। समस्या का निस्तारण करना है तो आमजन को खुद आगे आना ही होगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विकास खण्ड महोली के चड़रा गांव में संविधान बचाओं संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर शासन की नीतियों पर सवाल खड़े किये। कहा कि प्रदेश में गांव-गांव किसान एक- एक बोरी के लिए परेशान है, इस किल्लत का मुख्य कारण सरकार के संरक्षण में खाद का नेपाल भेजा जाना है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो कांग्रेस उसका सड़क पर उतरकर विरोध करेगी। विधायक पूजा पाल की सुरक्षा को लेकर कहा कि जब महिला जनप्रतिनिधि सुरक्षित नहीं है तो आम महिलाओं का क्या हाल होगा। भाजपा विधायक शशांक त्रिवेदी द्वारा रायफल लेकर कांबिंग में शामिल होने को उन्होंने फोटो शूट बताया। कहा कि ये समय फोटो शूट करने का नहीं है, परिवार से मिलने का है। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद राकेश राठौर ने की। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, पूर्व नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जम्पर जोड़ते समय उतरा करंट, संविदाकर्मी की मौत

सीतापुर, अमृत विचार : बिजली विभाग की लापरवाही से संविदा कर्मचारी की जान चली गई। हादसा शहर कोतवाली इलाके के ट्रांसपोर्ट चौराहे का है। सिविल लाइन निवासी विजय कुमार पुत्र बाबूलाल रविवार दोपहर बाद ट्रांसपोर्ट चौराहे के पास खंभे पर जम्पर जोड़ने का काम कर रहे थे। बताते हैं कि इसी दौरान 11 हजार लाइन का शटडाउन लिया गया था, लेकिन अचानक लाइन पर करंट दौड़ने से हादसा हो गया। करंट लगते ही विजय कुमार सीढ़ी से नीचे गिर पड़ा और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। विजय कुमार बीते 12 वर्षों से संविदा कर्मचारी के रूप में विभाग में कार्यरत था। पुलिस ने शव को कब्जे में भेजकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है। परिवार के लोगों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

अल्लामा फजल हक के योगदान को किया याद

संवाददाता, खैराबाद

बेहतर लेखन के क्षेत्र में पुरस्कृत करते खालिद रशीद फिरंगी महली। अमृत विचार

अमृत विचार: 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी भूमिका निभाने वाले महान विद्वान और स्वतंत्रता सेनानी अल्लामा फजल हक खैराबादी की याद में खैराबाद में सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय अल्लामा के साहित्यिक, धार्मिक और राजनीतिक योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना रहा।

पेश इमाम ऐशबाग, लखनऊ खालिद रशीद फिरंगी महली मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सेमिनार में सुहेल वहीद अंसारी पूर्व सहायक निदेशक सूचना कार्यालय, मस्त हफीज रहमानी, फरीद बिलग्रामी, मास्टर आदिल अंसारी, मौलाना आफताब आलम नदवी, कारी सलाहुद्दीन और पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम त्रिपाठी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सभी ने अल्लामा की जिंदगानी और उनके संघर्ष को याद करते हुए उन्हें हिंदुस्तान की आजादी का सच्चा रहनुमा बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खालिद रशीद फिरंगी महली ने सुझाव दिया कि अल्लामा फजल हक खैराबादी के नाम से एक ट्रस्ट का गठन कर एक लाइब्रेरी स्थापित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके विचारों से रूबरू हो सकें। कार्यक्रम के दौरान शाहनवाज खान सहित अन्य को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति में नोमान सिद्दीकी, खलील अली, शाहनवाज हुसैन, मोहम्मद अमीर सहित अन्य लोग शामिल थे।

पुलिस ने 4 तस्कर किये गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली नगर पुलिस, एसओजी और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। टीम ने चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 128 पेटियों में भरी 4,968 बोतल अंग्रेजी शराब, 34 नकली क्यूआर कोड और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद माल की कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। दरअसल, जिले की एसओजी को इनपुट मिला था कि शराब तस्कर बड़ी डील की जुगत में है। बस इसी के बाद नगर कोतवाली पुलिस और आबकारी विभाग अलर्ट मोड में आ गया। संयुक्त टीम ने सरहद पर नाकेबंदी करी। रात के अंधेरे में शाहजहांपुर की ओर से आ रही टाटा इंट्रा और बलेनो कार को रोका गया। तलाशी में शराब की बड़ी खेप बरामद हुई। घेर कर पकड़े गए शातिरों में हरियाणा के झज्जर निवासी संजीव, उत्तराखंड के हरिद्वार का अमित, हरियाणा के सीवान निवासी साहिल और सीतापुर का अंकित शामिल हैं। एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि शराब हरियाणा से लाई गई थी।

कुश्ती प्रतियोगिता में सीतापुर बना ओवरऑल चैंपियन

कमलापुर, सीतापुर

मेडल के साथ मेधावी और उपस्थित अतिथिगण। अमृत विचार

अमृत विचार: कमलापुर स्थित आरबीएसबी सिंह इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता में सीतापुर की बालक और बालिका टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों वर्गों में सर्वाधिक गोल्ड मेडल जीतकर सीतापुर ने मंडल चैंपियनशिप व ओवरऑल खिताब अपने नाम किया। लखनऊ मंडल की मंडलीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कमलापुर के आर बी एस बी सिंह इंटर कॉलेज में हुआ। शुभारंभ विद्यालय के हिंदी शिक्षक डॉ. आशुतोष मिश्र ने मंत्रोच्चार से किया जबकि शाहआलम खान राणा व मंडलीय क्रीड़ा सचिव ने बजरंगबली की पूजा की। लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर व रायबरेली की टीमों ने इसमें भाग लिया। बालिका वर्ग में सीतापुर ने सर्वाधिक गोल्ड मेडल जीतकर चैंपियनशिप हासिल की, जबकि हरदोई उपविजेता रहा। बालक वर्ग में भी सीतापुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रायबरेली को पछाड़कर खिताब जीता।

दोनों वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत सीतापुर ने ओवरऑल चैंपियनशिप भी अपने नाम की। प्रिंसिपल साकिब जमाल अंसारी व शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनूप सिंह ने बताया कि इससे पूर्व जनपदीय स्तर पर भी आर बी एस बी सिंह इंटर कॉलेज की टीमों ने सभी खिताब जीते थे। प्रतियोगिता का समापन मेडल व शील्ड वितरण तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

नकदी व लाखों के जेवरात की चोरी

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

- बीबीपुर गांव में वारदात, परिवार के सोते समय घटना को दिया अंजाम

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में शनिवार की रात चोरों ने धावा बोलते हुए 65 हजार रुपये नगद और लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिए। घटना उस वक्त हुई जब गृहस्वामी रामनाथ अपने परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। चोरी की बड़ी वारदात ऐसे समय में हुई है जब काजीकमालपुर चौकी प्रभारी की कुर्सी एक अगस्त से ही खाली पड़ी हुई है।

गृहस्वामी रामनाथ के मुताबिक मध्यरात्रि में चोर घर के अंदर घुस आए और कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात निकाल ले गए।

सुबह उठने पर जब घर का सामान अस्त-व्यस्त मिला, तब परिजनों को चोरी का पता चला। घर के पीछे कुछ सामान बिखरा पड़ा मिला। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी है और कार्रवाई की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष श्यामू कन्नौजिया ने बताया जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा। गौरतलब है कि बीते एक अगस्त को काजीकमालपुर चौकी प्रभारी रामासरे चौधरी को दो आरक्षियों सहित निलंबित कर दिया गया था। उसके बाद से अब तक किसी भी उपनिरीक्षक को चौकी का प्रभार नहीं सौंपा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि चौकी इंचार्ज की कुर्सी खाली रहने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। इलाके में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन चौकी स्तर पर कोई जिम्मेदार अधिकारी न होने से अपराधियों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

मुफ्त प्रशिक्षण दे रहा बालिकाओं को संबल

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : इनर व्हील क्लब उड़ान द्वारा निर्धन बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ब्यूटीशियन का कोर्स निशुल्क कराया जा रहा है। क्लब की अध्यक्ष सीमा रस्तोगी ने बताया कि निर्धन वर्ग की पांच बालिकाओं को ब्यूटीशियन का कोर्स निःशुल्क कराया जा रहा है। क्लब की सदस्य अंजलि सेठ ने बताया ने कहा कि उनके ब्यूटी पार्लर के माध्यम से निर्धन वर्ग की बालिकाओं को प्रशिक्षित करने का कार्य अनवरत रूप से जारी रहेगा। जिससे बालिकाएं आत्मनिर्भर हो सके। इस अवसर पर क्लब की कोऑर्डिनेटर समाज सेविका रेनू मेहरोत्रा, सीमा रस्तोगी सहित भारी संख्या में क्लब की सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं

कहीं यूरिया का टोटा तो कहीं वितरण में हंगामा

अमृत विचार टीम, सीतापुर

रामपुर मथुरा में एक बोरी यूरिया के लिए प्रतीक्षा करते किसान और मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार : जिले में यूरिया खाद की भारी किल्लत से किसानों की मुश्किलों में इजाफा हो रहा है। समय पर खाद न मिलने के कारण किसान घंटों लाइन में लगने के बाद भी अपनी जरूरत पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इसी गंभीर मसले पर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने कहा कि योगी सरकार की लापरवाही किसानों की कमर तोड़ रही है। पार्टी की मांग है कि किसानों को तत्काल पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए, वितरण में पारदर्शिता हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

रामपुर मथुरा इलाके में खाद वितरण प्रक्रिया खासे हंगामे के बीच हुई। बढ़ते बवाल के बीच आरोप प्रत्यारोप लगे, पुलिस भी बुलानी पड़ी। कमोबेश यही आलम मछरेहटा इलाके का भी रहा। उमड़ी भीड़ के बीच सचिव पर आक्रोशित किसानों ने मनमानी के आरोप मढ़े।

अपने चहेतों को खाद देने के सचिव पर लगे आरोप : बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स सलेमपुर में सचिव प्रमोद कुमार पर मनमानी का आरोप है। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव केवल अपने चहेतों को खाद उपलब्ध कराते हैं। किसान सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं लेकिन कई बार निराश होकर लौट जाते हैं। यह स्थिति किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि खेती का मौसम चल रहा है और यूरिया खाद न मिलने से बोआई बाधित हो रही है।

- कई समितियों पर खाद की किल्लत से किसानों में मची हाय-तौबा
- मछरेहटा में सचिव पर लगा मनमानी करने के आरोप

भारी बवाल के बीच हुआ वितरण, बुलानी पड़ी पुलिस : यूरिया खाद वितरण की सूचना पर भारी संख्या में किसान पहुंचे। सचिव अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि 500 बोरी खाद उपलब्ध थी। रास्ता सही न होने के कारण इसे शिहाला स्थित दुकानों से वितरित किया गया। किसानों का आरोप है कि प्रभावशाली लोग कई बोरी लेकर आगे निकल गए और आम किसानों को लंबी लाइन में धूप में घंटों इंतजार करना पड़ा। दोपहर 2:30 बजे खाद का वितरण बंद कर दिया गया। बढ़ते बवाल के बीच पुलिस बुलानी पड़ी। इसी के बाद वितरण प्रक्रिया सामान्य रूप से पुनः शुरू हुई।

आप कार्यकर्ता बिफरे, किया प्रदर्शन : आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने कहा कि यह शर्मनाक है कि अन्नदाता अपनी ही धरती पर बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। पार्टी ने सरकार से मांग की कि किसानों को तत्काल पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए, वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाये।

न्यूज ब्रीफ

संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसी युवती, रेफर

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। ऊंचाहार थाना क्षेत्र के छिपिया गांव की रहने वाली एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई। परिजनों द्वारा उसे जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत में सुधार न होने पर उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। रविवार को ऊंचाहार थाना क्षेत्र के छीपिया गांव की रहने विभा सिंह पुत्री समर सिंह (17) अपने ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई। परिजनों द्वारा उन्हें जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने बताया कि एक युवती झुलसी हुई अवस्था में जगतपुर सीएचसी आई थी। उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया।

आग से जलकर युवती की मौत

रोहनिया, रायबरेली, अमृत विचार। संदिग्ध परिस्थितियों में आग की चपेट में आकर एक युवती की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।छिपिया मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव निवासी समर सिंह की पुत्री विभा सिंह (21) रविवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर आग से झुलस गई। परिजनों द्वारा आनन फानन उसे इलाज के लिए जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से हालत नाजुक होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की असली वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बाइक और साइकिल में टक्कर, तीन गंभीर

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। बाइक और साइकल के बीच टक्कर हो गई। इसमें पांच वर्षीय बच्ची भी आ गई, घटना में बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। अरखा गांव निवासी विकास कुमार (21) रविवार की दोपहर बाइक से किसी कार्य से अकोढ़िया गाँव गया हुआ था, जहां अनियंत्रित होकर उसने साइकल सवार श्यामलाल (35) निवासी पूरे मैकूलाल को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में विकास कुमार व श्यामलाल तथा पास से गुजर रही हानिया (5) चपेट में आकर घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आए थे, जिनका उपचार किया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में युवक की मौत

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के सातनपुर गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत हुई है। मृतक अजीत (45) पुत्र हरीशंकर निवासी रघुनाथ खेड़ा थाना बिहार जिला उन्नाव अपनी ससुराल सातनपुर गांव में पिछले 8 से 10 दिनों से रह रहा था। मृतक अजीत के ससुर विश्वनाथ ने बताया कि अजीत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उस समय घर पर कोई नहीं था। अजीत की पत्नी विमला लालगंज बाजार गई हुई थी। वही घर में ताला बंद था। अजीत ने ताला तोड़कर घर के अंदर फांसी लगाई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अजीत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत होती है। हालांकि अजीत की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा।

उत्साह और भाईचारे के साथ मना श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व

हुकमनामा लिया गया और जपजी साहिब सहित पांच बानियों का हुआ पाठ

संवाददाता, रायबरेली

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व मनाते लोग।

अमृत विचार। गुरु नानक नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व श्रद्धा और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह सुखमनी साहिब का पाठ शुरू हुआ, जिसके बाद सैकड़ों संगत की उपस्थिति में मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जगरूप सिंह ने अरदास की। संगत ने "सतनाम श्री वाहेगुरु साहिब जी" का जाप करते हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के दर्शन किए। हुकमनामा लिया गया और जपजी साहिब सहित पांच बानियों का पाठ हुआ। गुरुद्वारा साहिब के हुजूरी रागी जत्थे ने कीर्तन किया। 22 अगस्त को शुरू हुए श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई, जिसके बाद लंगर का आयोजन हुआ।

लंगर की सेवा स. सुरेंद्र सिंह मोगा परिवार ने की। गुरुद्वारा साहिब को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया, जिसमें अमन बग्गा, तजिंदर सिंह बग्गा और अमन गांधी ने योगदान दिया। इस दौरान बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के मुख्य संरक्षक स. बसंत सिंह बग्गा, अध्यक्ष स. हरमंदर सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरुमेज सिंह सलूजा, महामंत्री स. बलवीर सिंह गांधी, संरक्षक गुरुबक्श सिंह बग्गा, सतनाम सिंह मोंगा, बलजीत सिंह मरवीजा, मंजीत सिंह गांधी, नरेंद्र सिंह अरोड़ा, गुरमीत सिंह मोंगा, युवा अध्यक्ष यश गांधी, नरेंद्र सिंह सलूजा, हरविंदर सिंह गांधी, परमजीत सिंह अरोड़ा, मीडिया प्रभारी सतपाल सिंह बग्गा, सोनू सेठ, सोनू गांधी के साथ श्री गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्किल और स्त्री सत्संग सभा ने विशेष योगदान दिया।

इस मौके पर हरजीत सिंह सलूजा, निर्मल सिंह खनूजा, बलजीत सिंह गांधी, जसप्रीत सिंह गांधी, सिमरन सिंह मखीजा, कमलजीत सिंह बग्गा, कुलदीप सिंह अरोड़ा, इंदरजीत सिंह (धार्मिक मंत्री), गगनदीप सिंह बग्गा, रतन सिंह सलूजा, हरविंदर सिंह, निरंजन सिंह गांधी, सुरेंद्र सिंह मल्होत्रा, सतबीर सिंह मल्होत्रा, कबीर मोंगा, सोना सिंह मोगा, बलजीत सिंह मोगा, इंदरजीत सिंह मोंगा, गुरदीप सिंह मोंगा, इंदरजीत सिंह सलूजा, गोबिंद सिंह सलूजा, करनदीप सिंह मोंगा, जसबीर सिंह गांधी, जसपाल सिंह मल्होत्रा, बलवीर सिंह तनेजा, गुरजीत सिंह तनेजा, तेजपाल सिंह मोगा, त्रिलोचन सिंह मोंगा, अवतार सिंह गांधी, कल्याण सिंह गांधी आदि मौजूद रहे।

पकड़ा गया गल्ला व्यापारी का हत्यारोपी

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। बीते दिनों कस्बा महरानीगंज निवासी गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी (45) की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना में उसकी पत्नी सरोजनी देवी भी घायल हो गई थी। घटना का खुलासा होने के बाद बदमाशों ने घटना को कारित करने की बात स्वीकार की थी। छह आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 7वें पर विभाग ने 12 हजार 500 रुपये का इनाम घोषित किया था। उसे रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के दिन सुखदेव लोधी पत्नी सरोजनी के साथ छत पर टीन शेड के नीचे सो रहे थे। बेटी रागिनी, शालिनी, बेटा आयुष और अयांश कमरे में सो रहे थे। बदमाशों ने पुलिस को बताया था कि वे लूट के इरादे से सुखदेव की छत पर पहुंचे तभी पत्नी की नींद खुल गई और वह पति सुखदेव को जगाने लगी थी। इसी कारण उन्होंने पहले सरोजनी फिर सुखदेव को गोली मार दी थी। सुखदेव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। सरोजनी का एम्स में इलाज कराया गया।

हत्यारोपी शिवम।

स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सक को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

स्वास्थ्य शिविर में 400 मरीजों की हुई जांच

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। गंभीर फाउंडेशन के तत्वाधान में दीन शाह गौरा विकासखंड के अंतर्गत अलावलपुर के पूरे अवस्थी में बबलू वाजपेई के दरवाजे पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 400 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और 250 कार्ड बनाए गए। रामकृष्ण वाजपेई ने बताया कि शहर की कुशल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें जिनके पास आधार कार्ड था उनको एक कार्ड भी बनाया गया जिससे वह छूट प्राप्त करके अपनी सारी जांच अस्पताल में आकर कर सकते हैं। डॉ पंकज सिंह, डॉ. विजय सैनी, अजीत सिंह डॉ. प्रथम द्वारा रोगियों के एक-एक जांच की गई इसके उपरांत उन्हें कार्ड भी बनाया गया।

आरोग्य मेले में 67 मरीजों ने कराया उपचार

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। हरदी टीकर पीएचसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 67 मरीज ने पंजीकरण कराया। आरोग्य मेले में चिकित्सक सुफैल अहमद ने आए हुए सभी मरीजों का उपचार किया। उन्होंने बताया कि खांसी, जुखाम, बुखार, सिरदर्द, बीपी, शुगर आदि रोगों के मरीजों का उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि उपचार के बाद मरीजों को निशुल्क रूप से दवाई वितरण की गई।

राना राष्ट्र की अमर धरोहर: दिनेश प्रताप

221वीं जयंती

जगतपुर, रायबरेली

राना बेनी माधव सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह व अन्य।

अमृत विचार। "खूब लड़ा मरदाना, वह तो शंकरपुर का राना था" की गूंज रविवार को बैसवारे की धरती पर उस समय सजीव हो उठी जब जगतपुर कस्बे में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के अमर सेनानी राना बेनी माधव सिंह की 221वीं जयंती पर अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा। आजादी के बाद इस धरती पर आयोजित अब तक का सबसे बड़ा समारोह देशभक्ति की भावना से सराबोर रहा। अध्यक्षता उच्च न्यायालय लखनऊ के पूर्व न्यायमूर्ति डीपी सिंह ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह रहे।

सुबह 11 बजे राज्यमंत्री ने राना की कुलदेवी मां भवानी दुर्गा मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। राना पार्क स्थित अश्वारोही प्रतिमा पर पुष्पवर्षा कर नमन किया। जिला पंचायत भवन परिसर में 108 फीट ऊंचा तिरंगा फहराकर उन्होंने समारोह की औपचारिक शुरुआत की। राज्यमंत्री ने कहा राना बेनी माधव 1857 की क्रांति के महानायक ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की अमर धरोहर हैं। उनके बलिदान के बिना स्वतंत्रता संग्राम अधूरा है। इस अवसर पर बैसवारे की विभूतियों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का गौरव बढ़ाया गया। ओलंपियन एवं पद्मश्री अर्जुन अवॉर्डी सुधा सिंह को 'राना स्मृति सम्मान' प्रदान किया गया। पूर्व कुलपति शिवबरन शुक्ला, प्रो. संजय सिंह, ठाकुर बृजेश सिंह समेत बैसवारे की सौ से अधिक विभूतियों को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। भव्य पंडाल में प्रख्यात कवि राम भदावर और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को नई ऊंचाई दी। गायिका श्रृष्टि परिहार और आल्हा गायिका काजल सिंह की प्रस्तुतियों ने देशभक्ति का ज्वार बहा दिया। समारोह में पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह, हरिचंद्र बहादुर सिंह, राम अकबाल बहादुर सिंह, दिलीप द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

राना की गौरव गाथा का गुणगान जरूरी: ब्रजेश

कार्यक्रम

संवाददाता, रायबरेली

राना बेनी माधव बक्श सिंह की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित करते राज्यमंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह व सदर विधायक अदिति सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। अमर सेनानी 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अवध केसरी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 221 वीं जयंती पर फिरोज गांधी कॉलेज के सभागार में भाव समर्पण एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि यूपी सरकार के राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर ब्रजेश सिंह ने राना की अश्वरोही प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि का स्वागत राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, संरक्षक पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह, दिनेश सिंह चौहान ने बुके देकर किया। राज्यमंत्री ने कहा राना बेनी माधव की गौरव गाथा का गुणगान अवश्य होना चाहिए। बताया कि 1857 की क्रांति में दिल्ली, कानपुर और लखनऊ की पराजय के बाद भी बैसवारा के राना बेनी माधव ने लॉर्ड कैनिंग के सामने समर्पण नहीं किया। सदर विधायक ने कहा आजादी की असली ललक संगठित रूप से 1857 में देखने को मिली थी। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा भाव समर्पण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानी बेनी माधव की स्मृति को संजोना है। संचालन गोपाल खन्ना व सूरज शुक्ला ने किया। इस मौके पर आयोजित चित्र प्रतियोगिता, डिबेट प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह, विवेक विक्रम सिंह, विजय रस्तोगी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, गोविंद सिंह चौहान, मेजर सुनील सिंह, अतुल गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 11 गोवंशों की मौत

सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार। रायबरेली-उन्नाव मुख्य मार्ग एनएच-31 पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। अज्ञात वाहन की टक्कर से 11 मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। आसपास के लोगों ने इतने बड़े पैमाने में गोवंशो को मरा देखा तो होश उड़ गए। सूचना पर पहुंचे अफसरों ने सभी मृत गोवंशो को दफनाया। गौरतलब है कि पखवारे भर पहले छह बेसहारा की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। इसके बावजूद जिम्मेदार नहीं चैट रहे हैं।

घटना सेमरी फ्लाईओवर से लगभग 200 मीटर पहले शनिवार की देर रात की है। बताते है कि कानपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से 11 गौवंश की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह होते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर सेमरी चौकी इंचार्ज कुलदीप बुंदेला मौके पर पहुंचे और करीब सुबह छह बजे पास के ही एक व्यक्ति की जेसीबी बुलवाकर सड़क से बाहर करवाया। इसके बाद मृत गौवंश को दफन कराया गया।

हाइवे पर सीसी कैमरा खराब, पुलिस परेशान

घटनास्थल के आसपास हाईवे पर लगे सीसी कैमरे अधिकांश खराब हैं। घटना के बाद संबंधित वाहन की तलाश को लेकर पुलिस को काफी माथापच्ची करनी पड़ रही है। सूत्रों की माने तो निजी घर में लगे कैमरे के भरोसे पुलिस अज्ञात वाहन को तलाश कर रही है।

बेखबर बना पशुपालन विभाग, कागजों पर गोशाला

पशुपालन विभाग की ओर से गायों को संरक्षित करने के लिए गौशाला संचालित किए जा रहे हैं। इसके बावजूद बेसहारा मवेशी इधर-उधर भटक रहे हैं। हाईवे पर हो या फिर स्थानीय गांव की सड़कों पर कभी भी इन्हें देखा जा सकता है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते हाईवे पर उन्हें जान तक गंवानी पड़ रही है। वहीं कई बार वाहन चालक भी इनकी वजह से हादसे के शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार सिर्फ कागजी कोरम पूरा करने में लगे हुए हैं।

जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग: केएल

परशदेपुर, रायबरेली

परशदेपुर में लोगों को संबोधित करते हुए अमेठी सांसद केएल शर्मा।

अमृत विचार। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने परशदेपुर के अंसार चौक चौराहे पर रविवार को लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अमेठी सांसद ने कहा कि राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप का चुनाव आयोग को जवाब देना है। लेकिन चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है। चुनाव आयोग एक संविधानिक संस्था है उसके लिए सभी दल बराबर होने चाहिए। लेकिन वो दल विशेष का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वोट चोरी को लेकर जनता को जागरूक कर रहे हैं। अमेठी सांसद ने कहा कि ऊंचाहार से शाहगढ़ तक रेलवे लाइन का मुद्दा संसद में उठाया है साथ ही लिखापढ़ी में भी दिया गया है। लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। इस मौके पर त्रियुगी नारायण त्रिपाठी, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अर्जुन पासी, इस्माइल अंसारी, मो. जहीर, हसन गुलाम, मो. तौफीक, मो. मुर्तजा, मो. हाशिम, सत्येंद्र सिंह, जगदीश प्रसाद कमल आदि मौजूद रहे।

अभिभावकों ने की इंटर कॉलेज बनवाने की मांग

नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रविवार को छतोह नसीराबाद के क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। मेंदापुर, लहेगा, मठिया बेढ़ौना, कुंवर मऊ राजापुर आदि ग्रामीणों ने ग्राम कुटिया लहेगा के बीच मटटन नाले और ककुना मेंदापुर के बीच पुल बनवाए जाने की मांग की गई। सांसद ने नसीराबाद में पहुंच कर कांग्रेसी नेता स्व. जवाहर लाल के चित्र पर माल्यार्पण कर लोगों की समस्याएं सुनी। नगर अध्यक्ष नसीराबाद अरविन्द कुमार, मकसूद अहमद, अबुल फैज आदि सभी लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत नसीराबाद में लगभग बीस हजार की घनी आबादी वाला क्षेत्र है, फिर भी यहां पर कोई इण्टर कालेज नहीं हैं। यहां के बच्चों को दस से बाहर किलोमीटर दूर विद्यालय जाना पड़ता हैं। वहीं मकसूद अहमद, मो. फैज, मो. निजाम, नसीम आदि ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दो वर्षों से नगर पंचायत नसीराबाद में डीएपी और यूरिया खाद नहीं मिल रही हैं। यहां के किसानों को बीस किलोमीटर दूर तक महंगे दामों पर खाद लाने जाना पड़ता हैं।

रामलीला कमेटी की बैठक के दौरान मौजूद कमेटी के पदाधिकारी।

रामलीला कमेटी के दोबारा अध्यक्ष बने बृजेश दत्त गौड़

डलमऊ, रायबरेली

अमृत विचार। रविवार को मोहल्ला टिकैतगंज में स्थित राम जानकी मंदिर में रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान रामलीला मंचन, गस्त लीला आदि के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ को रामलीला कमेटी का पुनः अध्यक्ष बनाया गया। रामलीला कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ 22 सितंबर 2025 से प्रारंभ होकर आठ अक्टूबर 2025 तक 17 दिन चलेगी। दशहरा मेला दो अक्टूबर 2025 और तीन अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर महामंत्री रमेश पांडे, संचालक राकेश कुमार त्रिपाठी, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद त्रिपाठी, प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक गंगा प्रसाद मौर्य, सुंदर मौर्य, अश्वनी कुमार मिश्रा, राकेश कुमार पांडे, अमरेश कुमार पांडे, राम गुलाम, पंकज, सुखदेव, राम शंकर मौर्य, रमाशंकर त्रिवेदी, प्रदीप कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की धर्मपत्नी प्रियंका सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन

लोकनृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने किया हुनर का प्रदर्शन

संवाददाता, रायबरेली

प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते अतिथि।

अमृत विचार। भारत विकास परिषद के अंतर्गत होने वाले संस्कृति सप्ताह के छठें दिन लोकनृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की धर्मपत्नी प्रियंका सिंह ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने परिषद द्वारा चलाए जा रहे संस्कार और सेवा कार्यक्रमों की जानकारी दिया।

मुख्य अतिथि प्रियंका सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार को बढ़ावा देने में भारत विकास परिषद का योगदान अतुलनीय है। महिला संयोजक वाणी पांडेय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। दो आयु वर्गों में संपन्न हुई समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बाजी मारी। वहीं रामा कृष्णा पब्लिक स्कूल की टीम द्वितीय और गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर की टीम तृतीय स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में वीएएसएन स्कूल और रायबरेली पब्लिक स्कूल को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं राइज़िंग चाइल्ड स्कूल और वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की टीम को द्वितीय पुरस्कार दिया गया एवं हेमकुंड पब्लिक स्कूल को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। एकल नृत्य में रायन इंटरनेशनल स्कूल की अवंतिका प्रथम, दयावती मोदी स्कूल की कीया द्वितीय और वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की ख़ुशी तृतीय स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता में विवेक मिश्रा, रवि प्रताप सिंह और कीर्ति श्रीवास्तव ने निर्णायक मंडल में शामिल होकर प्रतिभागियों को अंक प्रदान किए। सप्ताह संयोजिका विभा श्रीवास्तव ने सप्ताह पर्यंत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दिया। सप्ताह सह-संयोजक उमेश अग्रवाल ने कहा कि सेवा और संस्कार के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए परिषद कटिबद्ध है। संचालन कार्यक्रम सहसंयोजक डॉ. ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, डॉ. अमिता खुबेले और विवेक सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

परिषद की प्रथम महिला सीमा श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में सचिव अजय त्रिवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परिषद के पूर्व क्षेत्रीय संरक्षक डॉ. आरबी श्रीवास्तव, प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेयी, पूर्व अध्यक्ष राकेश कक्कड़, राकेश मिश्रा, नीलिमा श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, वीके अग्निहोत्री, गजानन खुबेले, कमलेश चंद्र श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र शुक्ला, पवन श्रीवास्तव, निशा सिंह, डॉ. चम्पा श्रीवास्तव, विजय सिंह, प्रभात श्रीवास्तव, विनोद दुबे, शशिकांत राय, रंजना दुबे, मनोज माहेश्वरी, अर्चना माहेश्वरी, शिव कुमार गुप्ता, अंजू बाला मौर्य, संध्या रॉय, दिवाकर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

ऊंचाहार में भगवान शिव को स्पर्श कर लौटी गंगा

घटने लगा जलस्तर

ऊंचाहार, रायबरेली

गोकना गंगा घाट पर शिवालय को स्पर्श करने के बाद घटता जलस्तर।

अमृत विचार। विगत करीब एक माह से लगातार बढ़ रही गंगा ऊंचाहार के गोकना घाट स्थित भगवान शिव के अरघा को स्पर्श करने के बाद लौट पड़ी हैं। अब उनका जल स्तर लगातार घट रहा है। यदि दोबारा जलस्तर नहीं बढ़ा तो उम्मीद की जा रही कि 15 दिन के अंदर सीढ़ियां खुल जाएंगी।

विगत सावन मास अमावस्या से गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने लगा था। लगातार जलस्तर बढ़ने के कारण गंगा घाट की सीढ़ियां डूब गई थी। जिसको लेकर प्रशासन भी चौकन्ना हो गया था। हालात ये हो गए थे कि तीर्थ पुरोहितों के सारे तख्त डूब गए और उन्हें गंगा तट छोड़कर ऊपर आना पड़ा था। धीरे-धीरे जलस्तर इतना बढ़ गया कि गोकना गंगा घाट की सारी सीढ़ियां डूब गई।

स्नानार्थियों को तट के किनारे बाहर बैठकर स्नान करने की सलाह दी जाने लगी थी। लगातार एक महीने तक गंगा का जल स्तर बढ़ता रहा और भादौ मास की अमावस्या शनिवार को गंगा नदी ने गोलाना गंगा घाट के किनारे स्थित भगवान शिव के अरघा को स्पर्श कर लिया। इसी के साथ रविवार से जलस्तर घटना भी शुरू हो गया। शनिवार को भगवान शिव को स्पर्श करने के बाद रविवार को गंगा जी लौट पड़ी। रविवार की प्रातः जब लोग गंगा तट पर पहुंचे तो गंगा का जल घटने लगा था। गंगा तट के तीर्थ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी ने बताया कि विगत एक माह से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा था, जो रविवार से घटने लगा है। यदि तेज बरसात नहीं हुई तो आने वाले दस पंद्रह दिनों में गंगा के घाट खुल जाएंगे।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 25 अगस्त 2025

न्यूज ब्रीफ

सांसद आज भी सुनेंगे जनता की फरियाद

शुकुल बाजार/जगदीशपुर, अमेठी। अपने दौरे के दूसरे दिन सोमवार को सांसद केएल शर्मा विस जगदीशपुर एवं शुकुल बाजार ब्लॉक का भ्रमण करेंगे। वे सुबह कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में किसानों, युवाओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं व संगठन की मजबूती पर चर्चा करेंगे। इसके बाद वह मुसाफिरखाना में मानस फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ करेंगे। वहीं, वारिसगंज, रानीगंज, देवकली, हसनपुर, मगरौली, सत्थिन चौराहा, मखदूमपुर कलां और किशनी में जनसंपर्क करेंगे। दोपहर से शाम तक वे विभिन्न सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात करेंगे।

भारतीय किसान संघ का अभ्यास वर्ग संपन्न

संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार। भारतीय किसान संघ अमेठी इकाई की ओर से विकास खंड संग्रामपुर स्थित मां कालिकन धाम मंडी परिसर में रविवार को एक दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। इसमें अमेठी, संग्रामपुर, भादर तथा भेटुआ विकासखंडों के किसान पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। अभ्यास वर्ग की अध्यक्षता अवध प्रांत के अध्यक्ष केके सिंह ने की। संचालन जिलाध्यक्ष हारित सिंह एवं जिलामंत्री ओम प्रकाश ने किया। वक्ताओं ने किसान हितों को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रांत सदस्य सतेन्द्र पाठक, वरिष्ठ शिक्षाविद् व पूर्व प्रधानाचार्य उमाकांत सिंह, वरिष्ठ किसान नेता ज्ञान सिंह सहित चारों विकास खंडों के अध्यक्ष व मंत्रीगण भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, कृषि को लागत आधारित न रखकर लाभकारी बनाने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। अवध प्रांत अध्यक्ष ने कहा भारतीय किसान संघ किसानों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत है।

आरोग्य मेले में 108 मरीजों का उपचार

अमेठी अमृत विचार। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का रविवार को पीएचसी भटगवां में आयोजन हुआ। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में 108 मरीज देखे गए और 26 लोगों की जांच की गई। अधिकारी के निरीक्षण में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद रावत गैरहाजिर मिले। सीएमओ ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

अखिलेश बने जिला संयोजक

मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार। एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान अंतर्गत भाजपा काशी क्षेत्र की सूची जारी की गईं। इसमें क्षेत्र के पूरे पाण्डेय रसूलाबाद विकासखंड मुसाफिरखाना के अखिलेश पाण्डेय को जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौपी गईं। इससे पूर्व अखिलेश छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नगरमंत्री, तहसील संयोजक प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, प्रांत कार्यसमिति सदस्य तथा जिला संयोजक अमेठी व विभाग संयोजक (जौनपुर, अमेठी एवं सुल्तानपुर) विभाग की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। उन्हें नया दायित्व मिलने से क्षेत्र के युवाओं तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

दुकानदार पर मारपीट का आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। दुकान पर रिपेयरिंग कराने गए युवक को दुकानदार ने मारपीट कर घायल कर दिया। अलीगंज निवासी सूरजभान का कहना है कि शनिवार की शाम वह कस्बे के थाना क्रासिंग के पास एक दुकान में डिश टीवी के रिसीवर की रिपेयरिंग के लिए गया हुआ था, जहां दुकानदार से मामूली कहासुनी हो गई। आरोप है कि दुकानदार ने उसके सिर पर प्लास से हमला कर उसे घायल कर दिया। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

मीरमऊ गांव में सर्पदंश से चाची-भतीजी की मौत

ग्रामीणों ने सांप के जोड़ों को लाठी से पीटकर मार डाला

संवाददाता, तिलोई, अमेठी

साइमा की फाइल फोटो।

शकीला की फाइल फोटो।

अमृत विचार : जायस थाना क्षेत्र के मीरमऊ गांव में शनिवार की देर रात घर में सो रही चाची और भतीजी की सर्पदंश से मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी-डंडे से पीटकर सांप के जोड़ों की जान ले ली। घटना के बाद राजस्व टीम ने सपाट मेमो बनाकर उच्चाधिकारियों को सौंप दिया। एक साथ दो मौतों से गांव में मातम पसर गया है।

मीरमऊ में 35 वर्षीय शकीला अपनी 15 वर्षीय भतीजी साइमा पुत्री जहीर के साथ बेड पर सो रही थी। देर रात सांपों के जोड़ों ने उन्हें डंस लिया। सर्पदंश होते ही दोनों चिल्लाते हुए बेहोश हो गयीं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सांपों को बाहर निकलते देख ग्रामीणों ने उन्हें लाठी-डंडों से पीटकर मौत के घाट उतार दिया। इस बीच मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये। एसडीएम अमित कुमार भी वहां पहुंचे और जानकारी लेने के बाद पीड़ित परिवार को नियमानुसार अनुग्रह राशि दिलाने की प्रक्रिया में जुट गये। मृतका साइमा के पिता कतर में रहते हैं। शकीला के पति सऊदी में रहते हैं।

भाजपा और कांग्रेस आरक्षण विरोधी: धर्मराज

अमेठी, अमृत विचार। बसपा द्वारा गांव चलो अभियान के तहत बूथ कमेटियों का पुनर्गठन और वर्तमान राजनीति पर संवाद कार्यक्रम जारी है। रविवार को दुअरिया मुसाफिरखाना में बैठक हुई जिसमें बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया गया। विस अध्यक्ष धर्मराज कोरी ने कहा बसपा देश की एकमात्र ऐसी राष्ट्रीय पार्टी है जो भारतीय संविधान के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए संघर्षरत है। भाजपा, कांग्रेस और सपा को जातिवादी और आरक्षण विरोधी पार्टी की संज्ञा देते हुए डबल इंजन सरकार को निशाने पर लिया। कहा पुलिस अपराध रोकने में फेल है। पूर्व लोकसभा प्रभारी पारसनाथ भारती ने कहा बसपा सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति का मूवमेंट और मिशन है इसे कोई कभी खत्म नहीं कर सकता। बहन मायावती ने अपने शासनकाल में आंबेडकर ग्राम विकास योजना शुरू कर गांवों का कायाकल्प किया। इस मौके पर सेक्टर अध्यक्ष सर्वेश कुमार, सेक्टर सचिव गोपीचंद, हरीश कुमार, मघई, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे। उधर, तिलोई में निर्वाण प्राप्त ज्ञानवती के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद बसपा के जिलाध्यक्ष सुरेश कमल ने 27 को प्रस्तावित जिला बैठक की तैयारी के क्रम में पदाधिकारियों के साथ संपर्क किया।

अंतरजनपदीय मलखंभ स्पर्धा में अमेठी टीम ने मारी बाजी

संवाददाता, अमेठी

प्रतिभागी टीमों के प्रबंधकों से परिचय प्राप्त करतीं एसपी।

अमृत विचार। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में लखनऊ जोन की दो दिवसीय 12वीं अंतरजनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का शुभारंभ एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में लखनऊ जोन से आई टीमों ने बैंड और मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि का अभिवादन किया। एसपी ने प्रतिभागी टीमों के प्रबंधकों से परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने शपथ ग्रहण उपरांत रंगबिरंगे गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का आगाज किया। पहला दिन बेहद रोमांचक और उत्साहपूर्ण रहा। कुल छह जनपदों की टीमों अम्बेडकरनगर, सीतापुर, सुलतानपुर, खीरी, हरदोई और अमेठी ने भाग लिया। पहले दिन टीम प्रतिस्पर्धा में अमेठी की टीम 26 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। अम्बेडकरनगर की टीम 16 अंकों के साथ द्वितीय और सुलतानपुर की टीम 10 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। वहीं, एकल प्रतिस्पर्धा में आरक्षी प्रमोद कुमार (अमेठी) प्रथम, आरक्षी आकाश यादव (अम्बेडकरनगर) द्वितीय और आरक्षी ओमजी त्रिपाठी (अमेठी) तृतीय स्थान पर रहे।

तीसरी बार प्रबंधक बने मृगांकेश्वर सिंह

तिलोई, अमेठी

बैठक में शामिल राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह।

अमृत विचार। राजा विश्वनाथ शरण शिक्षण संस्थान की साधारण सभा की बैठक/निर्वाचन पूर्व निर्धारित तिथि एवं समय पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित पर्यवेक्षक राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल चेतरा बुजुर्ग की देखरेख में विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें साधारण सभा के 69 सदस्यों में से 58 सदस्यों ने बैठक में प्रतिभाग किया।

इस मौके पर सर्वसम्मति से कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह को लगातार तीसरी बार प्रबंधक पद एवं कुंवर उत्कर्ष सिंह को उप प्रबंधक पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। साधारण सभा के अध्यक्ष पद पर राजा मयंकेश्वर शरण सिंह एवं उपाध्यक्ष पद पर राजा विनय कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

तीन घरों से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के सोनारी कनू गांव में शनिवार देर रात चोरों ने तीन घरों से लगभग 10 लाख के आभूषण और नगदी चुरा लिया। तीन घरों में हुई चोरी की घटना से ग्रामीण खौफजदा है मामले की शिकायत पुलिस से की गई है

संग्रामपुर थाने के सोनारी कनू गांव के बीडीसी सदस्य प्रेम कुमार पाल गौरीगंज में मोटर वाहन मैकेनिक का काम करते हैं। प्रेमपाल के मुताबिक शनिवार शाम घर के लोग खाना खाने के बाद सो गए चोर घर के बगल लगे बारजे छत पर चढ़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिए है। बताया कि सभी कमरों में घुसकर आलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर कीमती सामान चुरा ले गये। साड़ी के सहारे छत से नीचे उतरकर चोर एक बक्शा लेकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक घर में रखे 30 हजार रुपये नगद और लगभग दस लाख के गहने चोर उठा ले गए। पीड़ित के मुताबिक सुबह बेटी को दवा करवाने जाना था पत्नी कमरे में कपड़ा पहनाने गई तो सभी सामान अस्तव्यस्त था जिसके बाद घटना की जानकारी हुई।इसी गांव के कमलापति शर्मा के कमरे में घुसकर कर चोर पैंट की जेब में रखा 1900 रुपए उठा ले गए। कमलापति ने बताया कि वह सुबह तीन बजे शौच के लिए गए थे और जब वापस लौटे तो मेन गेट का शटर खोल कर कमरे घुसकर पैंट में रखा 1900 रुपए निकाल कर फरार हो गए। मेरे आने की आहट सुनकर चोर फरार हो गये घर में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने में कामयाब नहीं हो सके। वही प्रेम कुमार के घर के बगल देवराज पाल के घर के बाहर खड़ी साईकिल को भी चोर उठा ले गए। एक साथ गांव में तीन स्थानों पर चोरी होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। कोतवाल अखिलेश सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है जांच की जा रही है टीम लगी है जल्द खुलासा किया जाएगा।

कमरे की कुंडी तोड़कर हजारों की चोरी

जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार। बीती रात कमरे की कुंडी तोड़कर अज्ञात चोर लाखों की नगदी लेकर फरार हो गए घटना की तहरीर भुक्तभोगी ने थाने पर देने के पश्चात पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन मे जुटी। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा निहालगढ निवासी अंजनी कुमार जिनकी किराना की दुकान इंडियन बैंक के समीप स्थित है भुक्तभोगी ने बताया कि दुकान का सामान लाने के लिए लखनऊ जाना था इसीलिए घर में चार लाख नगदी इकट्ठा करके रखे थे रात्रि के दौरान अज्ञात चोरो ने कमरे की कुंडी तोड़कर चार लाख लेकर चंपत हो गए। सुबह जब देखा तो कमरा खुला था। कमरे में रखा चार लाख नगदी नदारद मिला। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मौका निरीक्षण करने के उपरांत मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन जारी है।

न्याय के लिए दर-दर भटक रही महिला

तिलोई, अमेठी, अमृत विचार। कोतवाली जायस अंतर्गत ग्राम खरौली की रहने वाली सुनीता ने बीते 2 अगस्त को बहादुरपुर चौकी में तहरीर दी कि घूर डालने के विवाद में विपक्षी सुरेंद्र व उनके तीनों बेटे सत्यम, शिवम व सुंदरम ने लाठी-डंडों से जाति सूचक गाली देते हुए जमकर मारा पीटा था लेकिन चौकी पुलिस ने मामले को ठंडा बस्ता में डालकर उल्टा पीड़िता के ऊपर ही सुलह कर लेने का दबाव बनाने लगी। जिसके बाद पीड़िता ने कोतवाली जायस का दरवाजा खटखटाया। वहां भी उसे निराशा हाथ लगी पुलिस का लगातार कहना रहा कि सबूत लाइए तभी मुकदमा लिखा जायेगा वहीं अगर देखा जाए तो पुलिस द्वारा विपक्षी के ऊपर शांति भंग की भी कार्यवाही ना करना यह दर्शाता है कि दबंगों की पकड़ कितनी मजबूत है। पीड़िता ने बताया कि इन सभी के द्वारा कार्यवाही ना करने पर तहसील दिवस से लेकर एसपी अमेठी से न्याय की गुहार लगाई लेकिन निराशा ही हाथ लगी वहीं लगातार विपक्षियों का हौसला बुलंद हो रहा है।

सीएचसी परिसर में मौत को दावत दे रहा जर्जर विद्युत पोल

शिवगढ़, रायबरेली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य गेट के पास महीने भर से टूटा विद्युत पोल मौत को दावत दे रहा है। एक माह से टूटकर लटके विद्युत पोल के गिरने से किसी भी हादसे के होने से इंकार नहीं किया जा सकता। शिकायत के बाद विद्युत पोल न बदले जाने के पीछे विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है।

गौरतलब है कि सीएचसी के गेट के पास लगा लोहे का विद्युत पोल एक महीने पूर्व तारों के पास से टूट गया था। पोल में लगे तारों से अब भी विद्युत आपूर्ति होती है, जिससे वहां से गुजरने वाले मरीजों और आमजन की जान पर खतरा मंडरा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेमशरण ने बताया कि करीब 15 दिन पूर्व इस सम्बन्ध में एक कर्मचारी को शिवगढ़ पावर हाउस भेजकर शिकायत की गई थी। जिसके बाद जेई हरेंद्र सिंह ने कर्मचारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया था और पोल बदलवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लापरवाही का आलम यह है कि पोल अभी तक जस का तस लटका हुआ है। इससे मरीजों, कर्मचारियों और आने-जाने वाले लोगों को खतरा बना हुआ है। इस सम्बन्ध में एसडीओ संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था, तत्काल कार्रवाई कर विद्युत पोल बदलाया जाएगा।

सीएचसी परिसर में लगा जर्जर विद्युत पोल।

विश्वनाथगंज चौराहे से सीसीटीवी कैमरे चोरी पुलिस से शिकायत

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। विश्वनाथगंज चौराहे पर ग्राम प्रधान अलावलपुर द्वारा चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे, जिसे अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। घटना की जानकारी होने पर प्रधान प्रतिनिधि ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रविवार को अलावलपुर प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम ने जगतपुर थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि अलावलपुर ग्राम प्रधान द्वारा विश्वनाथगंज चौराहे पर चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। जिसे अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम ने बताया कि चोरी हुए चारों कैमरो की कीमत लगभग 32 हजार रुपए है। जगतपुर थानेदार पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जाएगी।

तिवारीपुर कलां गांव में आयोजित भंडारे के दौरान मौजूद लोग।

श्रद्धालुओं ने छका भंडारे का प्रसाद

सरेनी, रायबरेली। सरेनी विकास क्षेत्र के तिवारी पुरकलां गांव में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा (टिंकू मिश्रा) की अगुवाई में प्रसाद वितरण किया गया। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह उर्फ रामू सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री चंद्रकांत काकुस्थ, शिवम सिंह, अखिलेश यादव, अजय तिवारी, सुनील यादव, प्रभात गुप्ता, चंदन सिंह, सुभाष सविता, पवन, कुंज बिहारी साहू, रतीश लोधी, कुंवरलाल यादव, ब्यापार मंडल अध्यक्ष धीरज द्विवेदी, मनीष मिश्रा (गोलू), कृष्ण कुमार, रवि शंकर आदि मौजूद रहे।

संघ की शताब्दी वर्ष संकल्प बैठक आयोजित

लालगंज, रायबरेली

संघ की बैठक में कार्यक्रमों के लिए संकल्प लेते स्वयंसेवक।

अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर बराती लाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संघ की शताब्दी वर्ष संकल्प बैठक की गई। बैठक में लालगंज खंड और नगर, सरेनी, सताव, खीरों, डलमऊ, गौरा, रोहनिया, ऊंचाहार के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। बैठक में अवध प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह संजय ने विस्तार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आगामी दो अक्टूबर 2025 से लेकर के 2026 की विजयदशमी तक संघ विभिन्न कार्यक्रम समाज के मध्य करेगा। सह प्रांत कार्यवाह ने कहा कि संघ ने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का लक्ष्य लिया है जिसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य नागरिक अनुशासन प्रमुख है।

बैठक में मौजूद सभी स्वयंसेवकों ने एक वर्ष चलने वाले कार्यक्रमों के प्रति संकल्प भी लिया। इसके अलावा सभी कार्यक्रमों के निमित्त अलग-अलग बैठकों में आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना भी बनाई गई। कार्यक्रम में जिला प्रचारक अजीत, जिला कार्यवाह अनंत सहित अन्य सभी सम्मानित स्वयंसेवक मौजूद रहे।

करंट की चपेट में आने पर विद्युत पोल से गिरा लाइनमैन, झुलसा

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के धौकलगंज मजरे जगदीशपुर में रविवार की शाम 11 हजार लाइन के विद्युत पोल पर चढ़कर ट्रांसफार्मर में विद्युत फॉल्ट सही करते समय संविदाकर्मी लाइनमैन कमलेश सिंह (38) निवासी कसना थाना शिवगढ़ करंट की चपेट में आने से झुलस गया। इस दौरान वह विद्युत पोल से नीचे धान के खेत में जा गिरा। ग्रामीणों ने लाइनमैन को बेहोशी की हालत में एम्बुलेंस की मदद से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कच्ची गलियों में गिरकर चोटिल हो रहे बच्चे

मार्ग मरम्मत की मांग

डलमऊ, रायबरेली

इसी कच्चे मार्ग से होकर स्कूल आते-जाते हैं बच्चे।

अमृत विचार। बारिश का मौसम और पानी से गीली गांव की कच्ची गलियों में संबल कर चलना भी मुहाल है। इन गलियारों में जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा होने से आए दिन स्कूल आने जाने वाले बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समस्या आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है।

विकासखंड डलमऊ के कंपोजिट विद्यालय सेंदुरामऊ में सौ से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं, जिसमें सेंदुरामऊ, कोरौली दमा, पूरे गुलाब, गिरधरपुर सहित आधा दर्जन गांवों के बच्चे कच्चे रास्ते से होकर जाते हैं। इन दिनों बारिश का मौसम होने की वजह से इन गलियारों में जगह-जगह बने गड्ढों में न सिर्फ पानी भरा हुआ है, बल्कि गीले कच्चे गलियारे में फिसल कर बच्चे आए दिन चोटिल हो रहे हैं। इससे कीचड़ लग जाने पर उनकी यूनीफॉर्म भी खराब हो जाती है, जिससे उन्हें अगले दिन स्कूल जाने में काफी असुविधा उठानी पड़ती है। बच्चों के अलावां इस मार्ग से आने जाने वाले शिक्षक व ग्रामीण भी परेशान हैं। प्रधानाध्यापक विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। अभिभावक द्वारा भी कई बार रास्ते की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई। खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बताया कि विद्यालय जाने का रास्ता कच्चा है इस वजह से रास्ते में कीचड़ हो जाता है। समस्या के समाधान के लिए प्रधानाध्यापक द्वारा शिकायत की गई है जिसे उच्चाधिकारियों को भेजा गया है।

ब्लाक संसाधन केंद्र में प्रशिक्षण प्रदान करते अधिकारी। अमृत विचार

पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का प्रथम चक्र पूरा

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के दीनशाह गौरा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एफएलएन व एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का प्रथम चक्र पूर्ण हुआ। शिक्षकों को भाषा व गणित की साप्ताहिक शिक्षण योजना, कक्षा तीन में पढ़ाई जाने वाली नवीन पुस्तक वीणा, संतूर व गणित मेला का परिचय, कक्षा 4 व 5 में उपचारात्मक शिक्षण योजना, पाठ्य पुस्तक व कार्य पुस्तिका समेत तमाम बारीकियों से रूबरू कराया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम चक्र में सौ शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण में धर्मेंद्र शर्मा, पूजा कुमारी, एआरपी सौरभ सिंह, उमेश वर्मा व सर्वेश पाण्डेय सन्दर्भदाता के रूप में मौजूद रहे।

बारिश में ढही कच्ची दीवार, बाल-बाल बची जान

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। रविवार को बारिश के दौरान एक किसान की कच्ची कोठरी ढह गई। घर पर बैठे दंपति मलबे में दब गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार टूक गांव निवासी प्रेमलाल रविवार को घर पर अपनी पत्नी रामरानी के साथ बैठा था। अचानक उसके घर की कच्ची कोठरी भराभरा कर गिर गई। घटना में प्रेमलाल व उनकी पत्नी राम रानी मलबे में दब गई जिससे उन्हें छिटपुट चोटे आई हैं। पूर्व प्रधान पुट्टू पासी ने बताया कि दस वर्ष पूर्व प्रेमलाल का आवास योजना के तहत आवास बना था। पांच बच्चे हैं आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए मकान के कुछ कच्चे हिस्से में भी गुजर बसर कर रहे थे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि हल्का लेखपाल को भेजकर प्रकरण की जांच कराकर रिपोर्ट मांगी गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा-रायबरेली का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जनपद के शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला और नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विद्यालयों में नियुक्त ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो पूर्व में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे उनको "पुरानी पेंशन" हेतु अन्य जनपदों की भांति विकल्प पत्र प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाना चाहिए। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों के चयन वेतनमान की आनलाइन प्रक्रिया जब तक सुचारू रूप से शुरू नहीं हो जाती तब तक अन्य जनपदों की भांति ऑफलाइन व्यवस्था के तहत चयन वेतनमान स्वीकृत किए जाएं।

जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों में विगत 4-5 माह से कन्वर्जन कॉस्ट की धनराशि नहीं प्रेषित की गई है जिसके कारण प्रधानाध्यापक अपने स्तर से एमडीएम की व्यवस्था चला रहे हैं जिसके कारण व्यवस्था बाधित हो सकती है।

जनपदीय कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि अन्य जनपद से स्थानान्तरित होकर आए शिक्षक/शिक्षिकाओं को ऑनलाइन सेवा-पुस्तिका आ जाने के बावजूद जुलाई माह में अर्ह वेतनवृत्ति नहीं प्रदान की गयी है। जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई ने कहा कि अनुसूचित जाति /जनजाति के शिक्षक / शिक्षिकाओं की वेतनवृद्धि और चयन वेतन मान अर्हता पूर्ण करने के उपरान्त भी लम्बित है। उन्हें वेतनवृद्धि और चयन वेतनमान तत्काल निर्गत करने का कष्ट करें। जनपदीय उपाध्यक्ष डा बृज किशोर और जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह ने कहा कि महानिदेशक स्कूली शिक्षा, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 17 जून को आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में- "जब तक किसी कर्मचारी के अवकाश खाते में अवकाश उपलब्ध है, विशेषकर आकस्मिक अवकाश तब तक वेतन कटौती न की जाय"। उक्त पर तत्सम्बन्धित आदेश निर्गत किया जाए। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

टैबलेट पाकर मेधावियों के खिले चेहरे

भगवत प्रसाद स्मारक महाविद्यालय में मोबाइल फोन व टैबलेट के साथ खड़े छात्र।

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। रविवार को गौसपुर मजरे ऊंचाहार देहात गाँव स्थित भगवत प्रसाद स्मारक महाविद्यालय में प्रदेश सरकार की योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के तहत मोबाइल फोन व टैबलेट का वितरण किया गया। इस दौरान 191 छात्रों को मोबाइल फोन व टैबलेट बांटे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। प्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि मोबाइल फोन व टैबलेट से छात्रों को शिक्षण कार्य में सुगमता मिलेगी और आधुनिक शिक्षा के बारे मे जानकारी मिल सकेगी, जिससे छात्र नया आयाम स्थापित कर सकेंगे। इस मौके पर लेखपाल प्रमोद गुप्ता, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विक्रम मौर्य, संजय कुमार गुप्ता रामराज यादव, शिव बरन यादव आदि उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बबुराही निवासी अधेड़ को टक्कर मारकर घायल करने वाले बाइक चालक के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। घायल अधेड़ रामभजन के पुत्र राज बहादुर की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बताया कि उसके पिता 7 अगस्त को गांव से पैदल शाहाबाद आ रहे थे। वासित नगर मार्ग पर पीछे से बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, उनका इलाज शाहजहांपुर में चल रहा है।

नाटक का मंचन 28 को

हरदोई, अमृत विचार। हरि सुधा सोशल रिफार्म फाउंडेशन के कलाकारों द्वारा 28 अगस्त को नाटक 'भेदभाव' का मंचन एएसवीवी इण्टर कालेज में किया जायेगा। जिसमें लड़की -लड़कों में होने वाले भेदभाव, महिला सशक्तीकरण, नारी - शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

पिटाई कर दी धमकी तीन पर रिपोर्ट दर्ज

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव लोकई पुरवा निवासी रामचंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट लिखाई है। तहरीर में कहा कि गांव निवासी विपक्षी रामपाल, मोतीलाल, शंकरलाल उससे रंजिश मानते हुए गाली-गलौज व पिटाई करते हुए धमकी दी है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला नगला लोथू में संदिग्ध परिस्थितियों में दवा की ज्यादा डोज लेने के कारण मौत हो गई। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम नगला लोथू निवासी सोनी (35) पत्नी जलील को शाहाबाद सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पांच बच्चे हैं जिनमें तीन लड़कियां और दो लड़के हैं।

नदियों में छोड़ा गया पानी, फिर से जलस्तर बढ़ने की आशंका

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई

अमृत विचार। सवायजपुर क्षेत्र की गंगा, रामगंगा व गर्रा नदियों के जलस्तर में शुक्रवार से जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है। बांधों से शनिवार को गंगा नदी में लगभग 2,87,047 क्यूसेक व रविवार को 2,80,748 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की खबर है। यह पानी जनपद में अगले दो दिनों के बाद पहुंचने की संभावना है। फिलहाल गंगा नदी घटकर खतरे के निशान से पर पहुंच गई है, जबकि रामगंगा व गर्रा नदियों का जलस्तर गिरने से वह खतरे के निशान से लगभग एक मीटर नीचे पहुंच गई है। लेकिन शनिवार व रविवार को पानी छोड़े जाने से एक बार नदियों के तटवर्ती निवासियों की नींद उड़ गई है। हालांकि प्रशासन व समाजसेवी संगठनों द्वारा इन बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन पशुओं के हरे चारे और

बाढ़ के पानी से घिरा गांव व डूबे हुए खेत। ● अमृत विचार

आमजन का सुखचैन छीनकर इन नदियों ने जो तबाही मचाई उससे लोगों की परेशानियां कम नहीं रही हैं। सवायजपुर तहसील क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। पिछले दिनों पानी घटना के बाद लोगों ने राहत की सांस ली थी लेकिन शनिवार को गंगा नदी में हरिद्वार से 143570 क्यूसेक व नरौरा बांध से 143454 क्यूसेक तथा गर्रा नदी में नानक सागर डेम से 1440 क्यूसेक व ड्यूनी डेम से 580 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद रविवार को गंगा नदी में पुनः 2,80,748 क्यूसेक पानी छोड़े की खबर ने बेचैनी बढ़ा दी है। बाढ़ के चलते पहले ही हरपालपुर विकास खण्ड के 35 बेसिक स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। जिससे बच्चों की शिक्षण व्यवस्था ठप हो गयी। विद्युत उपकेंद्र पलिया के 29 गांवों की बिजली भी काट दी गयी है। जिसके चलते लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। हालांकि क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित लगभग 40 गांवों व मजरो की करीब 20 हजार आबादी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ से 35 गांवों में केवल रात में ही आपूर्ति की जा रही है। बिजली विभाग ने यह निर्णय हादसों की आशंका को देखते हुए लिया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बंद किये गए स्कूलों में कार्यरत 68 शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में बाढ़ रहने तक सम्बद्ध कर दिया गया है। पलिया विद्युत उपकेंद्र के खद्दीपुर और धर्मपुर फीडर से जुड़े 60 गांवों की बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को नजदीकी स्कूलों में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

हरदोई जनपद में नदियों की वर्तमान स्थिति

जनपद की गंगा, रामगंगा व गर्रा नदियों की ताजा स्थिति पर यदि नजर डाली जाए तो रविवार को सांडी में गर्रा व रामगंगा नदी खतरे से लगभग 1 मीटर नीचे पहुंच गई है।तथा गंगा नदी खतरे के निशान पर है।रविवार को राजघाट में गंगा नदी का जलस्तर 126.02 मीटर दर्ज किया गया जबकि यहां चेतावनी विंदु 125.31 मीटर पर है।जबकि रामगंगा नदी का जलस्तर 145 मीटर दर्ज किया गया, जबकि रामगंगा नदी का चेतावनी बिंदु 148 मीटर पर स्थित है।

4 दिन से ट्रांसफार्मर खराब, लोग परेशान

गोपामऊ, हरदोई, अमृत विचार। नगर के वालाजाह स्कूल के पास लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर चार दिनों से खराब पड़ा है, जिसके कारण करीब एक सैकड़ा उपभोक्ताओं के घरों की बिजली गुल है।

बिजली न रहने से लोगों को पीने का पानी, पंखा, कूलर और अन्य मूलभूत सुविधाओं में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आक्रोश व्याप्त हो रहा है। उपभोक्ताओं ने कई बार शिकायत की लेकिन ट्रांसफार्मर सही न हो पाने से समस्या जस की तस बनी रही। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मर को रिपेयर करने की कोशिश की गई थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब मुख्यालय से नया ट्रांसफार्मर मिलने पर ही लगाने की प्रक्रिया शुरू कि जाएगी। लंबे समय से बिजली बाधित होने से स्थानीय लोग बेहद परेशान है।

अलग-अलग घटनाओं में डूबकर तीन की मौत

पिहानी कोतवाली क्षेत्र, बिलग्राम व कोतवाली देहात में हुईं घटनाएं, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अलग-अलग घटनाओं में जिले में तीन लोगों की डूबकर मौत हो गई। यह घटनाएं पिहानी कोतवाली क्षेत्र, बिलग्राम व कोतवाली देहात क्षेत्र में हुईं।

पहली घटना में पिहानी कोतवाली के कुल्लही गांव निवासी मगरे (50) शनिवार को गांव के पश्चिम शारदा नहर के किनारे भैंस चराने गया था। शाम को भैंस घर पहुंची, लेकिन मगरे नहीं लौटा। उसके छोटे भाई पप्पू ने बताया कि पूरी रात उसकी तलाश होती रही। रविवार की सुबह कुछ गांव वालों ने बताया कि नहर के कुल्लही पुल में शव फंसा हुआ है, वहां पहुंची पुलिस ने शव बाहर

मगरे व सत्यम की फाइल फोटो।

निकलवाया, जिसकी शिनाख्त मगरे के रूप में की गई। पांच भाइयों में वह बड़ा था, उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। उसकी दोनों बेटियों की शादी हो चुकी थी,एक बेटा गौरव है। पुलिस जांच कर रही है।

दूसरी घटना में बिलग्राम क्षेत्र की है, जहां बाढ़ के पानी में 9 युवक छोटी नाव से जलविहार कर वीडिओ बना रहे थे। इस दौरान अचानक नाव पलट गई। घटना मे एक युवक की डूबने से मौत हो गई। जबकि आठ लोग बच गए। कन्नौज पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। जानकारी के अनुसार गंगा में आई बाढ़ से कटरी क्षेत्र के गांव जरेरा बाढ़ के पानी से घिर गया था। जिससे गांव के आसपास जलभराव है। रविवार को चपरतला निवासी संतोष कुमार अपनी छोटी नाव से मेंहदी के फूल खेत से तोड़कर नाव गांव किनारे बांधकर घर चले गए। दोपहर करीब 12 बजे जरेरा निवासी सत्यम राजपूत (18) पुत्र नौरंग गांव के रहने वाले मोनू (20), पिंकू (19), अमन (21), सर्वेश (22), राजीव, विवेक (20), अंकित (21), बउआ (20) के साथ गया था। मोनू और पिंकू ने बताया कि गांव किनारे बंधी छोटी नाव को वह लोग खूंटे से खोलकर नौकाबिहार करने लगे। इस दौरान कुछ साथी वीडिओ बना रहे थे तो कुछ सेल्फी खींच रहे थे। नाव फूटी थी जिससे नाव में पानी भरता रहा। लेकिन उन लोगों ने ध्यान नहीं दिया। अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह गहरे पानी मे पलट गई। जिससे सत्यम डूब गया। साथी लोगों ने किसी तरह उसे बाहर निकालकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना देकर जिला अस्पताल कन्नौज में भर्ती कराया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

वहीं तीसरी घटना में कबाड़ बीनने वाला तालाब में डूबकर गया, कई घंटे बाद उसका शव निकाला गया। कोतवाली देहात के ओम नगर मजरा महोलिया शिवपार निवासी धर्मेंद्र (32) पुत्र महेश कबाड़ बेंचकर गुज़र-बसर कर रहा था। रविवार की दोपहर वह पूर्व प्रधान प्रदीप गुप्ता के बगल वाले तालाब के किनारे कबाड़ खोज रहा था। उसी बीच उसका पैर फिसल गया और तालाब में गिर पड़ा। धर्मेंद्र की बहन शोभा ने बताया कि इसका पता होते ही वहां काफी लोग पहुंच गए, करीब 5 घंटे बाद तालाब के अंदर से शव बाहर निकाला गया। नशे के आदी धर्मेंद्र की शादी नहीं हुई थी।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे जनप्रतिनिधि, लिया जायजा

हरदोई, अमृत विचार। बेहंदर ब्लाक में सई नदी में आई बाढ़ ने करीब एक दर्जन गांवों में फसलें डूबकर नष्ट हो गई हैं। विधायक रामपाल वर्मा के बाद रविवार को सांसद अशोक रावत बाढ़ से घिरे गांवों में पहुंचे और किसानों से मिलकर उनका हाल पूछा। उसी बीच तहसीलदार सण्डीला को फसलों का सर्वे जल्द पूरा करने को कहा, ताकि किसानों को उनके नुकसान की भरपाई हो सके।

बाढ़ से प्रभावित गांव के लोगों ने अपने बीच पहुंचे सांसद श्री रावत को बताया कि उनकी समझ से करीब-करीब 42 साल बाद ऐसी बाढ़ आई, जिससे माखन खेड़ा, बत्ती खेड़ा, कन्जौरा आदि गांव के किसानों कि फसलें पूरी तरीके से बर्बाद हो गई। ग्राम प्रधान अनुज सिंह ने बर्बाद हो चुकी फसलों के बारे में सांसद श्री रावत को पूरी जानकारी दी। सांसद ने पशुपालन महकमें के ज़िम्मेदारों और डाक्टरों की टीम से बाढ़ प्रभावित गांव के मवेशियों की जानकारी ली। सांसद ने तहसीलदार से कहा कि राजस्व टीम से जल्द सर्वे पूरा कराए,ताकि नुकसान की भरपाई भी जल्द से जल्द हो सके। इस बीच भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोपेंद्र मिश्रा, बीडीसी शिवम मिश्रा, एडवोकेट ज्ञान प्रकाश सैनी, आत्माराम तिवारी, संतोष कुमार, महेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान राजकुमार सिंह, ओम शंकर, व अमर अग्निहोत्री समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सियार के हमले से घायल छात्र की मौत

संवाददाता, हरदोई, पाली,

इंजेक्शन लगने के बाद भी हुआ रैबीज

सियार के हमले का शिकार हुए छात्र इन्द्रेश को सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया गया था,नाना मुन्ना लाल ने बताया कि उसके नातिन के सीएचसी पर एंटी रैबीज़ के दो इंजेक्शन लग चुके थे,तीसरा लगने वाला था। छात्र के नाना मुन्ना लाल ही नहीं,बल्कि दूसरे लोग एंटी रैबीज़ इंजेक्शन लगने के बाद इन्द्रेश के रैबीज़ होने से काफी घबराए हुए है। कुछ ने तो एंटी रैबीज़ इंजेक्शन की क्वालिटी पर ही सवाल उठा रहे है।

● इलाज के दौरान 10वें दिन मौत

अमृत विचार। सियार के हमले में घायल छात्र की 10वें दिन और हालत बिगड़ गई, उसे मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में ही मौत हो गई।

पचदेवरा थाने के अनंगपुर निवासी मुन्ना लाल की पुत्री आरती उसी थाने के उबरी खेड़ा के अनिल को ब्याही थी। अनिल के तीन बेटों में 12 साल का इन्द्रेश,10 साल का शिवम और 8 साल का दुर्गेश था। पिछले साल अनिल ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, उसके बाद से आरती अपने बच्चों के साथ मायके आ कर वहीं रह रही थी। उसका बड़ा बेटा इन्द्रेश पड़ोस के गांव रूरा के एक निजी स्कूल का छात्र था। नाना मुन्ना लाल ने बताया कि 14 अगस्त को अचानक गांव में सियार घुस आया, उसने कई गांव वालों पर हमला कर दिया, उसमें इन्द्रेश भी शामिल था। सीएचसी शाहाबाद से उसका इलाज चल रहा था। शनिवार को अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। उसकी हालत देख घर वाले उसे मेडिकल कालेज लेकर आए, जहां से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया, लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। उसका शव गांव ले जाया गया, जहां पुलिस ने उसे कब्ज़े में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है।

किशोरी व उसके पिता से मारपीट का आरोप

हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचान। अरवल थाना क्षेत्र के बानामऊ गांव में मामूली विवाद में लोगों ने किशोरी की पिटाई कर दी। उसे बचाने का प्रयास कर रहे पिता पर भी हमला कर घायल कर दिया गया। पीड़ित किशोरी के पिता ने थाने पर पहुंचकर 4 लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। बानामऊ गांव निवासी राजकिशोर ने पुत्री राधा व खुद के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए गांव निवासी अन्नू, रामदेव, मुलायम, भूरा के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

2600 एमटी यूरिया खाद मंगाई गई

हरदोई, अमृत विचार। इफको यूरिया 2600 एमटी बरेली प्लांट से जिलाधिकारी अनुनय झा ने मंगवाया, जो जिले में रैक प्वाइंट पर 12 बजे पहुंची है। इसके अतिरिक्त डीएपी एनएफएल कंपनी 1595 एमटी 25 अगस्त तक प्राप्त होगी। इफको यूरिया का वितरण के 50 केंद्रों से किया जाएगा।

रविवार को सीसीटीवी वाले 16 केंद्रों पर प्रेषण किया जा रहा है। इन केंद्रों पर लेखपाल एवं कृषि विभाग के कार्मिक की क्लस्टर में ड्यूटी लगाई गई है। अन्य केंद्रों पर प्रेषण सीसीटीवी लगते ही किया जाएगा। 1000 एमटी केंद्र पर और 1600 एमटी समिति और पीसीएफ पर रहेगी। प्राप्त 1595 एमटी डीएपी में 797.5 एमटी समिति के गोदाम में और 797.5 एमटी निजी केंद्रों पर जाएगी।

यूरिया को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

हरदोई, अमृत विचार। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से अध्यक्ष विक्रम पांडे ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में यूरिया की कमी को लेकर बड़े प्रदर्शन की बात कही। इसका संचालन प्रवक्ता/महामंत्री अमलेंद्र त्रिपाठी ने किया। जिसमें बताया कि सोमवार को कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह 11 बजे निकले जिला अस्पताल होते हुए सिनेमा चौराहा पर मानव श्रृंखला बनाकर यूरिया की कमी को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व जिलायक्ष राजीव कुमार सिंह, महिला अध्यक्ष सुनीता देवी, जिला महासचिव पीपी वर्मा, उपाध्यक्ष मोहन सिंह, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष चमन अली आदि मौजूद रहे।

युवक पर ईंट से हमला करने में तीन महिलाओं का चालान

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। स्थानीय कस्बे में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर ईंट से हमला कर दिया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई। मामले की शिकायत थाने पर की गई पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज करते हुए गाली गलौज के आरोप में तीन महिलाओं को भी हिरासत में लिया है, जिनका शाम के समय चालान किया गया।

सांडी कस्बे के मुंशीगंज मोहल्ला निवासी सुशील पाठक सुबह के समय दुकान पर दूध देने के लिए जा रहे थे तभी पुरानी रंजिश को लेकर कृपालु पुत्र शिव शंकर निवासी भटपुरी मोहल्ला ने उन पर ईट से हमला कर दिया जिससे सुशील के सर में गंभीर चोट आई मामले की शिकायत थाने पर की गई शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तीन महिलाओं सहित .एक युवक पर मुकदमा दर्ज करते हुए घायल को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया इसके बाद पुलिस ने कृपालु की मां पत्नी सहित एक अन्य महिला को हिरासत में लिया जिसका एसडीएम न्यायालय चालान किया गया है।

भाजपा के लापता बूथ अध्यक्ष का सुराग नहीं

● राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने पीड़ित परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रविवार को भाजपा के खलील बूथ अध्यक्ष के लापता होने की सूचना पर उसके घर पहुंचीं। परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को तत्काल भाजपा नेता का गंभीरता से पता लगाने के निर्देश दिए हैं।

तीन दिन पूर्व गढ़ी स्थित एक बार में हुए विवाद और मारपीट के कारण

लापता बूथ अध्यक्ष के परिजनों से बात करतीं उच्च शिक्षा मंत्री। ● अमृत विचार

मोहल्ला खलील का रहने वाला बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र पांडे मारपीट के बाद से लापता हो गया। घर न पहुंचने के कारण पिता ने नगर के ही चार लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई और अनहोनी की आशंका व्यक्त की। इस सिलसिले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र पांडे के लापता होने की खबर पाकर मंत्री उनके घर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को अतिशीघ्र शैलेंद्र को बरामद करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, सुभाष सिंह, आनंद गुप्ता, अभिजीत सिंह, रामसागर राठौर, सौरभ लाहोरी, अमित राठौर आदि मौजूद रहे।

जमीनी विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, 5 घायल

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। पाली थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। मारपीट में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गये, पुलिस ने सभी घायलों को पीएचसी पाली भेजा, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

क्षेत्र के चक मजरा उदयपुर निवासी सियाराम ने पूर्व गांव निवासी रामऔतार को कुछ जमीन बेंची थी, जिसकी लिखा-पढ़ी एक स्टाम्प पर की गई, लगभग 7 माह पूर्व सियाराम ने वही जमीन किसी दूसरे को बैनामा कर दी, इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। जिसको लेकर दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर भी दी गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक शनिवार को गांव में दोनों पक्षों के बीच पंचायत हो रही थी, इसी दौरान दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गया और विवाद बढ़ गया। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के 5 लोग घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

आयोजन बिलग्राम में विशाल दंगल का आयोजन, सपा नेता ने किया शुभारंभ

दंगल खेल नहीं, स्वस्थ भारत की पहचान

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। तहसील के गांव सुकरौला में सतीप्रसाद मिश्रा पहलवान की 8वीं पुण्यतिथि पर विशाल दंगल का आयोजन हुआ। शुभारंभ सपा नेता ब्रजेश वर्मा उर्फ टिल्लू भइया ने फीता काटकर किया।

सपा नेता ने कहा कि यह दंगल केवल खेल नहीं, स्वस्थ भारत की पहचान है, हमारी परंपरा, संस्कृति और युवाओं की ऊर्जा का प्रतीक है। आयोजक पवन मिश्रा पहलवान ने सुकरैला शुक्लापुर मल्लावां में देश के नामी पहलवान बुलाये। दंगल देखने के लिए सपा प्रदेश सचिव विप्र प्रधान, ज़िलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी राजेश सैनी, विधानसभा अध्यक्ष अनुराग यादव, ब्लॉक अध्यक्ष



दंगल का फीता काट कर शुभारंभ करते सपा नेता ब्रजेश वर्मा। ● अमृत विचार

मल्लावां मान सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष माधौगंज सैनिक प्रकोष्ठ नेत्रपाल यादव विधानसभा अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ केएल वर्मा, समाजसेवी राधेश्याम कनौजिया, शिवमोहन पटेल, अभिषेक पटेल, अनुराग पटेल, सोनू पटेल, अमन पटेल,प्रेम मौर्या, जगन्नाथ यादव, दिनेश यादव, फरीद खां, अमित यादव, मुनेंद्र यादव, दिलशाद, दिलीप यादव, मुकेश गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

एक्सयूवी की टक्कर पिकअप व बाइक खाईं में गिरी, कई घायल

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। तेज़ रफ्तार के चलते बेकाबू हुई महेंद्रा एक्सयूवी ने दूध डेयरी की पिकअप और बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिससे तीनों खाईं में जा गिरे। शनिवार की देर रात सण्डीला-मल्लावां रोड पर जरहा गांव के पास हुए हादसे में बाइक सवार दो युवक व पिकअप ड्राइवर ज़ख्मी हो गया। दोनों बाइक सवारों को हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया,जहां उनकी हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। सण्डीला-मल्लावां रोड पर कासिमपुर थाने के जरहा गांव के पास तेज़ रफ्तार महेंद्रा एक्सयूवी ने दूध डेयरी की पिकअप और बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिससे महेंद्रा एक्सयूवी,पिकअप और बाइक सड़क के बगल खाईं में जा गिरी,जिससे बाइक सवार कासिमपुर थाने के गौरी खालसा निवासी 30 वर्षीय शहनूर पुत्र मोहम्मद असलम,उसी गांव का अरशद अब्बास (25) पुत्र मोहम्मद नबी के अलावा पिकअप ड्राइवर ज़ख्मी हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने तीनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां के डाक्टरों ने शहनूर व अरशद अब्बास को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

शहीद ज्योति स्तंभ पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

याद किए गए क्रांतिकारी शिवराम हरी राजगुरु

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद एवं संयुक्त मानवाधिकार परिषद के कार्यकर्ताओं में पदाधिकारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शिव सेवक गुप्त जय शिव के नेतृत्व में शहीद उद्यान में एकत्रित होकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी क्रांतिकारी शिवराम हरी राजगुरु के 118वें बलिदान दिवस के अवसर पर स्थापित क्रांति शहीद ज्योति स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर वंदे मातरम भारत माता के गगन भेदी जय घोष के साथ राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव मिश्रा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कांत मिश्रा, अधिवक्ता रोहित मिश्रा, संयुक्त मानवाधिकार परिषद के प्रवक्ता डॉ. कपिल चौहान, जिला संगठन मंत्री अधिवक्ता शुभम गुप्ता, संयुक्त मानव अधिकार परिषद के निखिल यादव राहुल वर्मा, राकेश निषाद सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने देशभक्ति को उत्प्रेरित करते हुए राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया।

चार दिन पूर्व लापता बुजुर्ग का शव मिला

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। भूमि सुधार विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी का शव चार दिन बाद खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार था। उसकी गुमशुदगी सुरसा थाने दर्ज कराई गई थी। थाना क्षेत्र के माधौगंज नयागांव मार्ग के किनारे क्योटी ख्वाजगीपुर निवासी पुष्कर वर्मा के खेत में रविवार की दोपहर निर्वस्त्र शव पड़ा नजर आया। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि जांच करने पर पता चला कि सुरसा में वृद्ध की गुमशुदगी दर्ज है। सुरसा पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। जिस पर उसकी शिनाख्त मूलचंद (60) निवासी जल्लामऊ थाना सुरसा के रूप में हुई। पत्नी फूलन देवी ने कहा कि उसका पति 20 अगस्त को घर से निकल गए।

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार, 25 अगस्त 2025

न्यूज ब्रीफ

बहू की तीमारदार सास का मोबाइल हुआ चोरी

हरदोई। मेडिकल कालेज के महिला अस्पताल में मोबाइल चोरी का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार की भोर पहर प्रसूता बहू की तीमारदारी में लगी उसकी सास का मोबाइल चोरी हो गया। पुलिस को तहरीर दी गई है। पिहानी कोतवाली के मझिया बखरिया की सुनीता पत्नी लालता सिंह ने बताया कि उसकी बहू मोनिका के महिला अस्पताल में प्रसव हुआ था, वह दूसरी मंजिल पर सर्जिकल वार्ड में भर्ती है। सुनीता ने बताया कि उसका मोबाइल वहीं वार्ड में स्टूल पर रखा था।

प्रधान के भाई पर मारपीट का आरोप

बांगरमऊ उन्नाव अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गांव सेतुआही निवासी रामबाबू पुत्र अर्जुन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि ग्राम प्रधान सुरेश कुमार का भाई मदनलाल दबंग व्यक्ति है। रविवार शाम मदनलाल शराब पीकर उसके घर आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। धमकी दी कि यदि पुलिस से शिकायत की तो उसे जान से मार देगा। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

पाटन उन्नाव अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के इंदेमऊ गांव निवासी रामकिशुन रावत (44) खेती करता था। शनिवार रात वह खाना खाने के बाद कमरे में चला गया। पत्नी छेदाना बेटी निशा के साथ दूसरे कमरे में सो गई। सुबह पति का शव रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा।

हरदोई स्टेशन पर यात्रियों को कई घंटे तक ट्रेन की करनी पड़ती प्रतीक्षा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले हरदोई रेलवे स्टेशन पर लगातार यात्री सुविधाओं की मांग की जा रही है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर लगभग 20 वर्षों से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक कोई नई ट्रेन का ठहराव नहीं हुआ है। हरदोई के सांसद जयप्रकाश रावत ने भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ दो बार मुलाकात कर हरदोई में ट्रेनों के ठहराव की मांग थी लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई। हरदोई रेलवे स्टेशन रेलवे ए-1 श्रेणी में है लेकिन आलम यह है कि अगर दोपहर 3 से 6:30 के मध्य लखनऊ की यात्रा या

● ट्रेनों का ठहराव न दिए जाने से हो रही लोगों को असुविधा

उसके आगे की यात्रा करनी हो तो उसके लिए ट्रेन नहीं है। रेल यात्रियों को अन्य वैकल्पिक संसाधनों से ही यात्रा करनी पड़ेगी। शाम 8 बजे से लेकर रात 11:30 तक लखनऊ के लिए कोई भी ट्रेन स्टेशन से उपलब्ध नहीं है। इसी तरह अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों के लिए ट्रेनों का अभाव है। हरदोई रेलवे स्टेशन प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का राजस्व भारतीय रेल को देता है लेकिन उसके बाद भी हरदोई में ट्रेनों का ठहराव न होना रेलवे की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

सांसद की मांग पर भी विचार नहीं

हरदोई। रेल यात्रियों ने सांसद जयप्रकाश रावत, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मंडल रेल अधिकारियों से हरदोई में ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। यात्रियों ने मांग कि है कि दोपहर 3 से लेकर 6:30 बजे के मध्य लखनऊ जाने के लिए और रात में 8 बजे से लेकर 11:30 बजे के मध्य लखनऊ जाने के लिए ट्रेनों का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर दिया जाए। ऐसे ही बरेली मुरादाबाद अमृतसर दिल्ली हरिद्वार के लिए सुबह 7:25 से दोपहर 2:10 के मध्य ट्रेनों का संचालन किया जाए। अप में लगभग 8 घंटे तक न किसी ट्रेन का ठहराव दिल्ली मुरादाबाद के लिए नहीं है। रेल यात्रियों ने कहा कि इस दौरान कोई भी रन थ्रू ट्रेन भी ऐसी नहीं है जो हरदोई से होकर गुजरती हो ऐसे में नई ट्रेन के संचालन से यात्रियों को लाभ मिलेगा।

...तो मिल जाए बड़ी राहत

हरदोई से होकर दोपहर 3:00 बजे से लेकर शाम 6:30 बजे के मध्य लखनऊ जाने के लिए 15044 काठगोदाम लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर होना चाहिए। यह ट्रेन हरदोई रेलवे स्टेशन से शाम 5:30 पर गुजरती है। लंबी दूरी के लिए हरदोई रेलवे स्टेशन पर 12318 अकाल तख्त, 12358 दुर्गियाना, 12326 गुरुमुखी एक्सप्रेस का रेल प्रशासन को देना चाहिए यह ट्रेन अलग-अलग तिथियां में शाम 6:32 पर हरदोई से गुजरती है। रात 8:00 बजे से लेकर रात 11:30 के मध्य हरदोई से होकर 12358 आनंद विहार दानापुर एक्सप्रेस रात 8:18 पर गुजरती है जिसका ठहराव हरदोई में होना चाहिए। 12584 आनंद विहार लखनऊ डबल डेकर एक्सप्रेस रात 8:46 पर लखनऊ के लिए गुजराती है जिसका ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर होना चाहिए, 20936 साबरमती वाराणसी एक्सप्रेस हरदोई रेलवे स्टेशन से रात 9:59 पर गुजरती है, जिसका ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर रेल प्रशासन को देना चाहिए। जिससे कि लखनऊ बनारस प्रतापगढ़ अयोध्या के लिए यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा न करनी पड़े।

डाउन में भी पंजाब मेल और राज्यरानी के मध्य नहीं है कोई ट्रेन

हरदोई। रेल यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि लखनऊ की ओर जाने के लिए सुबह 13006 अमृतसर हावड़ा पंजाब मेल के 8:24 मिनट पर ठहरकर जाने के बाद लगभग 4:30 घंटे तक लखनऊ व उसके आगे के लिए कोई भी ट्रेन यात्रियों को उपलब्ध नहीं है। रेल यात्रियों की मांग है कि इस समय के बीच रेल प्रशासन को बरेली शाहजहांपुर से शटल एक्सप्रेस का संचालन लखनऊ अयोध्या वाराणसी तक के लिए करना चाहिए जिससे कि रेल यात्रियों को हो रही असुविधा से बचाया जा सके। साथ ही ट्रेन के संचालन से रेलवे को भी राजस्व का लाभ प्राप्त होगा।

दहेज उत्पीड़न का आरोपी पति दे रहा धमकी

हरदोई, अमृत विचार। दहेज उत्पीड़न का आरोपी पति आत्महत्या करने की धमकी देते हुए सुलह-समझौते का दबाव बना रहा है। उसके साले ने शाहाबाद पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि अगर उसकी बात न मानी गई तो वह ससुराल वालों को फंसा देगा। मामला शाहाबाद कोतवाली के हूंसेपुर लुकमान का है। कोतवाली शहर के काशीपुर निवासी राधेश्याम ने कहा कि उसकी बहन सरिता की शादी हूंसेपुर लुकमान के नरेंद्र के साथ हुई थी। काफी परेशान होकर बहन ने 19 अगस्त को दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। अब आरोपी बहनोई आत्महत्या की धमकी देते हुए सुलह करने का दबाव बना रहा है।

पति के घर से निकलते ही पत्नी ने कर ली आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पति धान की फसल में खाद का छिड़काव करने गया, उसी बीच उसकी पत्नी ने कमरें के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां चीख-पुकार होने लगी। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है, उसका कहना है कि फिलहाल कोई आरोप सामने नहीं आया है, तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के हर्रई गांव निवासी लारेंस की 25 वर्षीय पत्नी संध्या ने रविवार की सुबह अपने कमरें में फांसी लगा ली, इसका पता होते ही वहां आस-पड़ोसी पहुंच गए। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए लोगों से पूछताछ की। बताते है कि लारेंस खेत पर खाद का छिड़काव करने गया था, घर में उसकी पत्नी अकेली थी। उसी बीच उसने ऐसा कदम उठाया। संध्या के एक बेटा अनमोल है। उसका मायका चौकी मजरा अमिरता कोतवाली पिहानी में बताया गया है। पिता जंग बहादुर ने फिलहाल कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 170 मरीजों को दवाएं वितरित की गईं

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

मरीज की जांच करते चिकित्सक।

अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर खुर्द में समाज सेवी संस्था अंजुमन इमदादिया की जानिब से अध्यक्ष शरीफ हुसैन खान ने एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर नगर के जाने-माने डॉक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 170 मरीज का पंजीयन किया गया, जिनमें से समस्त मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको एहतियात बरतने की सलाह देते हुए दवाएं वितरित की गई। डॉ. शोएब अली खान एवं डॉ. सैयद कमाल द्वारा मरीज को सेवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शारिब हुसैन खां ने बताया उनकी संस्था पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, निशुल्क नेत्र शिविर, गरीबों को कंबल वितरण आदि कार्यक्रमों का आयोजन करती चली आ रही है। अध्यक्ष ने बताया संस्था गरीबों के दरवाजे पर पहुंचकर उनको सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। इस मौके पर भैरों सिंह यादव, सोहन पाल सिंह, रामपाल यादव, पूर्व प्रधान खान सिंह यादव आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

दिल्ली से लौटे युवक का खेत में पड़ा मिला शव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली में रहकर वहां सब्ज़ी बेंचने वाला युवक गांव आया। लेकिन रविवार की सुबह उसका शव खेत में पड़ा देखा गया। कहा जा रहा है कि आत्महत्या के लिए उसने फांसी लगाई, लेकिन उसी बीच रस्सी टूटने से उसका शव ज़मीन पर गिर पड़ा। पुलिस भी आत्महत्या बता रही है, उसका कहना है कि शव को कब्ज़े में ले कर जांच शुरु कर दी है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

बेनीगंज कोतवाली के थोक कबूलपुर निवासी 28 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र प्रमोद पत्नी सोनकली, बेटे रियांश और बेटी स्वीटी के साथ दिल्ली में रहते हुए वहां सब्ज़ी बेंचता था। रविवार की सुबह थोक कबूलपुर के पश्चिम पड़ोसी गांव बल्देव पुरवा के कुछ लोग चारा काट रहे थे, वहीं पकंज का शव उसी के खेत में पड़ा था, वहीं पास में खड़े आम के पेड़ में टूटी हुई रस्सी बंधी थी, माना जा रहा है कि पंकज ने फांसी लगाई और वज़न के चलते रस्सी टूट गई, जबकि उससे पहले भोर पहर पंकज की पत्नी सोनकली ने फोन पर पति के गांव पहुंचने के बारे में पूछा था, उसके करीब तीन घंटे बाद शव देखा गया।

घटिया इंटरलॉकिंग का निर्माण

संवाददाता, सांडी, हरदोई

खुदी पड़ी सड़क। ● अमृत विचार

अमृत विचार। स्थानीय कस्बे में नगर पालिका द्वारा 19 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार बेहद घटिया निर्माण कर रहे हैं। सड़क के किनारे बनी पुरानी नाली पर ही प्लास्टर कर दिया गया। 20 दिन से खुदी पड़ी होने के कारण आने-जाने में भी लोगों को परेशानी हो रही है। कस्बे के मुंशीगंज मोहल्ले नगर पालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से में चौकी चौराहा से 19 लख रुपए की लागत से करीब 300 मीटर सड़क का इंटरलॉकिंग निर्माण कराया जा रहा है, दोनों तरफ नाली बनी हुई है, ठेकेदार ने कई जगह पुरानी नाली पर ही प्लास्टर कर दिया है, 20 दिन पूर्व सड़क खोदा गया था, तब से यह सड़क खुदी पड़ी है। सड़क पर पुराने पत्थरों की वजह से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि ठेकेदार बेहद घटिया निर्माण कर रहे हैं, पुरानी नाली पर ही प्लास्टर कर दिया। एक माह से सड़क खुदी होने के कारण आने जाने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि अवर अभियंता से जांच कराई जाएगी

कब्रिस्तान में शव दफन करने को लेकर विवाद

औरास उन्नाव अमृत विचार। थानाक्षेत्र के मिर्जापुर अजिगांव स्थित सई नदी किनारे कब्रिस्तान की जगह चिन्हित है। जिस पर समुदाय विशेष ने जगह का घेरावकर सुरक्षित कर रखा है। जिसमें समुदाय के लोग शव दफनाते हैं। गांव का रशीद अपनी वृद्ध मां का शव दफन करने कब्रिस्तान पहुंचा तो कुछ लोगों ने उसे रोक दिया। जिससे मामला विवाद में तब्दील होने लगा। सूचना पर प्रधान व गणमान्य लोगों के अलावा थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। तो कब्रिस्तान के रखरखाव में सहयोग न देने की बात निकलकर सामने आई। राजस्व लेखपाल नवीन तिवारी के काफी समझाने के करीब 4 घंटे बाद शव उसी कब्रिस्तान में दफन कराया गया।

बाढ़ प्रभावितों को पहुंचाई राहत

बांगरमऊ उन्नाव अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के कटरी इलाके में दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में हैं। युवा सपा नेता मो. इमरान सिद्दीकी ने फतेहपुर चौरासी के पूर्व अध्यक्ष साबिर खान के साथ एक दर्जन गावों का नाव से दौरा किया और वहां बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी। इसी तरह सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव त्रिवेदी ने पार्टी के उन्नाव प्रभारी आरिफ जमा को स्थिति की जानकारी दी। इसके बाद सपा कार्यकर्ता राहत सामग्री लेकर बाढ़ प्रभावित गावों में पहुंचे। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव गुलिस्तान खान व जिला उपाध्यक्ष औलिया खान के साथ कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर राहत सामग्री बांटी। कार्यकर्ताओं ने तीन किमी तक नाव से यात्रा कर पीड़ितों तक राशन व फल पहुंचाए। संजीव त्रिवेदी ने कहा कि धन्नापुरवा, हरिगंज व लोकेयां पुरवा आदि गावों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। बताया कि सत्ताधारी नेता व अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा नहीं कर रहे हैं। सपा कार्यकर्ताओं ने प्रभावित परिवारों की समस्याएं सुनीं और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

बच्चों को लंच पैकेट देते सपा नेता। ● अमृत विचार

भाजपा ने किया बूथ अध्यक्षों का सम्मान

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। विधानसभा क्षेत्र सवायजपुर के अनंगपुर मंडल में शक्ति केंद्र भरखनी एवं शक्ति केंद्र बेलसर हिलन के समस्त बूथ अध्यक्षों का अंग वस्त्र से माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू विधायक सवायजपुर के निर्देशन में नि.मंडल अध्यक्ष भाजपा अनंगपुर जैनेंद्र प्रताप सिंह ने राज किशोर सिंह मंडल उपाध्यक्ष, अभिषेक सिंह रानू शक्ति केंद्र संयोजक, महेश सिंह शक्ति केंद्र संयोजक, बलराम सिंह मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, कन्हैया शर्मा मंडल मंत्री के साथ में किया गया। स्वागत और सम्मान बूथ अध्यक्ष जयप्रताप सिंह, अतुल दीक्षित, सच्चिदानंद दीक्षित सत्यपाल सिंह, सभी बूथ अध्यक्षों का स्वागत सम्मान किया।

जन्माष्टमी के बाद निकाली गई परंपरागत शोभायात्रा

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार। क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद निकलने वाली परंपरागत शोभायात्रा रविवार को 30 झांकियों के साथ निकाली गई। बैंड बाजे व लाउडस्पीकर से सुसज्जित यात्रा में 18 बैलगाड़ी व 12 ट्रैक्टरों में भगवान गणेश, विष्णु, रामसीता दरबार, कमल पुष्प पर विराजमान ब्रह्मा जी, संजीवनी लाते हनुमान जी आदि की मूर्तियां सजाकर वाहनों में बैठाकर यात्रा हरदोई-उन्नाव रोड पर पूर्व प्रधान पुष्कर शुक्ला के घर से हफीजाबाद चौराहा पहुंची। इससे पहले अशोक शुक्ला,

भगवान की आरती उतारते भक्त।

पुष्कर शुक्ला आदि ने गणेश पूजन कर शोभायात्रा को रवाना किया। इस दौरान शैलेंद्र शुक्ला, कुंवर जी शुक्ला, ऋषि बाजपेई, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश दीक्षित, अतुल मिश्रा, अमित तिवारी, सुमित तिवारी आदि रहे। सुरक्षा को देखते हुए चार थानों की पुलिस मौजूद रही।

हसनगंज क्षेत्र में चोरियों की बाढ़

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा लापरवाही बरतने को लेकर आपत्ति जताई है। पूर्व में हुई कई चोरियों में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न करने पर सामाजिक संगठनों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बरौना गांव निवासी संजय ने बताया कि वह परिवार के साथ शुक्रवार रात घर के बरामदे में सो रहा था। तभी चोर घर के पीछे से दीवार में सेंध कर कमरे में घुस गए और बक्शे व अलमारी का ताला तोड़कर हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात ले गए। वहीं हसेवा गांव निवासी अरुण सैनी ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि नरसिंह देव बाबा मंदिर से 11 किलो के पीतल के घंटे 22 अगस्त की रात चोरों ने पार कर दिए थे। हसनगंज निवासी श्रीपाल ने बताया कि 22 अगस्त की रात अज्ञात कार सवार उसके घर के बाहर बंधी एक बकरी व दो बकरे उठा ले गए। सुमित पुत्र रमेश भीखी खेड़ा औरास ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि 23 अगस्त को तहसील में मुकदमे की सुनवाई के लिए आया था जहां एसडीम ऑफिस के सामने से उसकी बाइक चोरी हो गई। 11 अगस्त को सुंदरपुर अजगैन निवाशी अनूप कुमार की बाइक तहसील से चोरी हो गई थी। रविवार को कस्बा हसनगंज के मेंहदीखेड़ा में अज्ञात चोरों ने मुन्ना कुरैसी के बाड़े में बंधी करीब एक दर्जन बकरियां पार कर दी, जिसकी सूचना पीड़ित ने थाने में की लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। अभी तक पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। आरोप है कि अधिकांश मामलों में रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की गई है। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि हंसेवा गांव में गायब हुए मंदिर के घंटों के मामले में दो पक्षो का विवाद था। उसमें दोनों पक्षों को आपस में बैठाकर मंदिर में घंटे लगवा दिए गए हैं। बाकी मामलों में प्रार्थनापत्र मिले हैं। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

अशफ़ाक ने पूरा किया हिफ़्ज़-ए-कुरआन

गोपामऊ, हरदोई, अमृत विचार। स्थानीय मदरसा इस्लाहुल मुसलमीन के हाफ़िज़ा छात्र मोहम्मद अशफ़ाक ने हिफ़्ज़ (जुबानी कुरआन) मुकम्मल किया। इस अवसर पर नदवतुल उलेमा के उस्ताद-ए-हदीस मौलाना कमाल अख्तर नदवी साहब ने दुआ कराई और कहा कि कुरआन को सिर्फ़ याद करना ही नहीं बल्कि उस पर अमल करना भी जरूरी है। हाफ़िज़ मोहम्मद अशफ़ाक ने बताया कि वह 2023 में मदरसे में पढ़ने आया था और उस्तादों की रहनुमाई में मेहनत से कुरआन का हाफ़िज़ बन गया जिसकी उसको और परिवार को बहुत खुशी हो रही है।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

हरदोई, अमृत विचार। सीडीओ ने टोंडरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत टोंडरपुर में आरआरसी, अन्त्योष्टि स्थल और पंचायत लर्निंग में की गई धोखाधड़ी पकड़ी। सीडीओ के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व प्रधान और सचिव के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

टोंडरपुर ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी ध्रुव कुमार पाण्डेय पुत्र अवधेश कुमार पाण्डेय ने बेहटा गोकुल थाने में तहरीर में कहा है कि ग्राम पंचायत टोंडरपुर में आरआरसी, अन्त्योष्टि स्थल और पंचायत लर्निंग सेंटर के निर्माण के लिए बीडीओ टोंडरपुर के पत्र संख्या-1845/सा.लि./2025-26 दिनांक 23 अगस्त 2025 के द्वारा धनराशि जारी की जा चुकी थी, लेकिन सीडीओ के निरीक्षण में कार्य नहीं होना पाया गया, सीडीओ के निर्देश पर टोंडरपुर के प्रधान व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्याम बाबू त्रिवेदी व सचिव कौशलेंद्र राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। मामले की जांच एसआई शिवेंद्र राय को सौंपी गई है।

दंगल प्रतियोगिता | औरास क्षेत्र के लहरू गांव स्थित खेल मैदान में कुश्ती प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

सहारनपुर के साहिल ने कन्नौज के गौरव को किया चित

संवाददाता, औरास उन्नाव

कुश्ती में दांव आजमाते पहलवान। ● अमृत विचार

अमृत विचार। औरास क्षेत्र के लहरू गांव स्थित खेल मैदान में कुश्ती का आयोजन रविवार को भानु प्रताप वर्मा व उनकी कमेटी द्वारा किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राधेलाल रावत, ब्लॉक प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह ने फीता काटकर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहली कुश्ती गौरव कन्नौज व साहिल सहारनपुर के बीच हुई। जिसमें साहिल सहारनपुर ने जीत हासिल की। दूसरी कुश्ती विक्की पंजाब पुलिस व मोंटी दिल्ली से हुई। इसमें विक्की विजई घोषित हुए। तीसरी कुश्ती लकी थापा नेपाल व सोनू हरियाणा में हुई। जिसमें लकी थापा विजयी रहे। इसके अलावा कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी पहलवानों ने अपने हाथ आजमाए। इसमें महिला पहलवानों की कुश्ती का आयोजन नहीं हो सका। जिससे महिला पहलवान नम्रता गोरखपुर, रोशनी गोरखपुर, ज्योति बनारस, श्वेता बनारस अपनी कुश्ती के दांवपेंच नहीं दिखा सकीं। आयोजन में संजय सिंह, सुशील सिंह, रामकुमार उर्फ रामू, अजय उर्फ गुड्डू प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रमों की बनाई गई रूपरेखा

पाटन उन्नाव अमृत विचार। बीघापुर तहसील मुख्यालय के कस्बा बिहार में रविवार को बाबा गौरीशंकर युवा जन कल्याण समिति की बैठक वरिष्ठ पदाधिकारी अजय मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। इसमें संदीप मिश्र, शीबू, रजोली मिश्रा, राहुल बाजपेयी आदि मौजूद रहे। बैठक में आगामी 4 अक्टूबर को होने वाले धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अनुसार आयोजन की शुरुआत दोपहर 12 से शाम 3 बजे तक जवाबी भजन से होगी। इसके बाद दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक आल्हा गायन आयोजित होगा। कार्यक्रम की श्रृंखला को और भव्य बनाने के लिए रात 9 बजे नौटंकी व रंगारंग मंचन होगा।

सज्जादा नशी की मां के निधन पर डिप्टी सीएम ने परिजनों से मिल जताई संवेदना

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

सज्जादा नशी की मां के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक।

अमृत विचार। कस्बे की सुविख्यात मखदूम शाह सफी की मजार के सज्जादा नशी नवाज़िश मोहम्मद फारूकी व अफज़ाल मोहम्मद फ़ारूकी की 70 वर्षीय मां नादिरा एजाज फ़ारूकी का शनिवार को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर देररात उनके घर लाया गया। इसके बाद अंतिम यात्रा निकाली गई। मजार परिसर में उन्हें सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया।

रविवार सुबह प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक अफ़ज़ाल फ़ारूकी के आवास पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विधायक बम्बालाल दिवाकर, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेयी (राजा बेटा), पूर्व जिला पंचायत सदस्य रत्नेश गौड़, शिक्षक नेता सत्य प्रकाश द्विवेदी, सोनू श्रीवास्तव, राजू चौहान, रामबिमल आदि रहे। नगर आगमन पर अनुराग तिवारी व सौरभ तिवारी ने उप मुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर सीएचसी की समस्या से अवगत कराया। डिप्टी सीएम ने विधायक बम्बालाल दिवाकर से इसे लेकर पत्र भेजने को कहा। इसी क्रम में हरदोई सांसद जयप्रकाश रावत ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। उनके साथ शिवनाथ रावत, सफीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, वीरेंद्र अग्निहोत्री व अनीश अहमद आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

डीएम के निर्देश पर बाढ़ पीड़ितों को दी गई राहत

उन्नाव अमृत विचार। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र जयराज मऊ, पसनियाखेड़ा, शिवराज पुर चौकी, जंगलेश्वर, गहोली, धन्ना पुरवा, फरीदपुर कट्टर, खलाक खेड़ा, बेनी पुरवा, परियर, सिकन्दरपुर सिरोसी में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कैंप लगाकर लोगों को दवा बांटी गई। इसी प्रकार जूनियर हाईस्कूल शिवराजपुर में लोगों को बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण अधिकारियों ने किया। जिलाधिकारी ने कहा है कि किसी भी स्थिति में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लापरवाही न बरती जाए। इन क्षेत्रों में संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के साथ आवश्यक सुविधाएं पीड़ितों को उपलब्ध कराएं।

आशा हास्पिटल में न्यूरो स्पाइन कैंप 27 को

उन्नाव अमृत विचार। आशा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दरोगा बाग में न्यूरो व स्पाइन कैंप 27 अगस्त की शाम 4 से 6 बजे तक आयोजित होगा। डॉ. बीके सिंह ने कहा कि इस दिन अस्पताल में संपर्क कर मरीजों को दिखवा सकते हैं। डा. मृदुल शर्मा (न्यूरो व स्पाइन सर्जन) से संपर्क कर इस अवसर का लाभ उठाएं। कैंप में न्यूरो व स्पाइन संबंधी ऑपरेशन रियायती दरों पर होने की सुविधा रहेगी।

तालाब में डूबने से वृद्धा की मौत

नवाबगंज उन्नाव अमृत विचार। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सुंदरपुर गांव निवासी बिट्टी (69) पत्नी स्व. धनीराम रविवार भोरपहर गांव के बाहर शौच के लिए गई थी। तभी वहीं पास के तालाब में हाथ-पांव धोते समय संतुलन बिगड़ने से वह गहरे पानी में गिर गई। करीब 5 बजे बेटा संजय सोकर उठा तो मां चारपाई में नहीं मिली। इस पर उसने गांव में तलाश शुरू की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा। वह तलाश कर ही रहा था तभी गांव के एक युवक से तालाब में शव उतराने की जानकारी मिली। बड़े बेटे संजय ने बताया कि मां मानसिक बीमार थी जिसका इलाज भी चल रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बाइक चोरी में नाबालिग सहित दो पकड़े गए

उन्नाव अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र के चंद्र नगर अकरमपुर मोहल्ला निवासी आशीष पुत्र अनिल चंद्र शुक्ल की बाइक चोरों ने पार कर दी थी। उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस बाइक की तलाश कर रही थी। रविवार को मुखबिर से मिली सूचना पर कोतवाल अजय कुमार सिंह दरोगा इंद्रदेव उपाध्याय के साथ शहर के रामलीला मैदान के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी बाइक से जा रहे सचिन विमल उर्फ बाली पुत्र पप्पू निवासी गांव करोवन सदर कोतवाली व उसके साथ एक किशोर को पुलिस ने रोका। पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी की होने की बात स्वीकार की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दर्ज रिपोर्ट में बरामदगी की धारा बढ़ाकर सचिन को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया। वहीं किशोर को बाल सुधार ग्रह लखनऊ भेजा जाएगा।

नई केबल डालने के लिये आज 8 घंटे बंद रहेगी बिजली

शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार। उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सोमवार को शुक्लागंज के कई मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय मगरवारा (गोकुलबाबा) ने जानकारी दी कि सोमवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मगरवारा से निर्गत 11 केवी फीडर शुक्लागंज-प्रथम से पोषित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान मोहल्ला अम्बिकापुरम एवं एसआरपी स्कूल वाली गली में पुरानी व जर्जर एलटी लाइनों के तार बदले जाएंगे। भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत इन तारों की जगह नई एबीसी केबिल बिछाई जाएगी। कार्य पूरा करने के लिए सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लगभग आठ घंटे की कटौती रहेगी।

लोडर में फंसकर 100 तक मीटर घिसटी बाइक, अधेड़ की जान गई

जिला जज आवास के पास हुए हादसे में नाती भी घायल, नैमिषारण्य दर्शन को निकले थे दोनों

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। नाती को लेकर नैमिषारण्य (नीमसार) दर्शन करने निकले अधेड़ की बाइक में लोडर ने जिला जज आवास के पास टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि इसमें अधेड़ की मौत हो गई, वहीं पीछे बैठा नाती घायल हो गया। बाइक लोडर में फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। इसके बाद चालक लोडर छोड़कर भाग निकला।

जयराम।

अचलगंज थाना व कस्बा के मुख्य चौराहा निवासी जयराम साहू (55) पुत्र स्व. संकटा प्रसाद खेती करता था। रविवार भोरपहर वह थानाक्षेत्र के शिवपुर ग्रांट गांव निवासी बेटी पिंकी के बेटे यश (12) पुत्र सर्वेश को लेकर दर्शन करने सीतापुर जिला स्थित नैमिषारण्य मंदिर जा रहा था। सुबह करीब 5 बचे सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन मोहल्ला स्थित जिला जज आवास के पास सामने से मुर्गी लादकर आ रहे लोडर ने उसकी बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर गिरने से लोडर ने जयराम को रौंद दिया। वहीं सड़क पर गिरे यश के भी चोटें आ गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का आधे से अधिक हिस्सा लोडर के नीचे फंस गया। जिसे चालक बाइक को घसीटते हुए 100 मीटर तक ले गया और फिर लोडर वहीं छोड़कर भाग निकला। सुबह सैर करने निकले लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जयराम को मृत घोषित कर दिया। वहीं यश को परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। अधेड़ की मौत से परिजनों में चीख पुकार मची है। पति की मौत से पत्नी कुंती देवी सहित बेटी पिंकी, सोनी, गुड़िया व कोमल सहित बेटा मुकेश बेहाल हैं। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने लोडर नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लोडर कोतवाली में खड़ा कराया है।

लोडर में फंसी बाइक।

डंपर पर गिरी नीम के पेड़ की डाल, आवागमन बाधित

नवाबगंज उन्नाव अमृत विचार। रविवार सुबह नवई स्थित पेट्रोल पंप के पास अजगैन-मोहान मार्ग पर सड़क किनारे खड़े नीम के पेड़ की डाल अचानक टूटकर मोहान की ओर जा रहे डंपर पर गिर गई। इसमें डंपर चालक व परिचालक बाल-बाल बच गए और बड़ी दुर्घटना होते बची। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से टूटी डाल को काटकर सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रखवाया। इसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

डंपर पर गिरी नीम के पेड़ की डाल। अमृत विचार

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक की हुई मौत

उन्नाव अमृत विचार। इंटर लॉकिंग ईंट उतारकर लौटते समय ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें चालक की दबकर मौत हो गई। वहीं साथ में बैठा मजदूर गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा है।

फतेहपुर चौरासी थाना व कस्बा के मोतीनगर मोहल्ला निवासी जुबैर अली (40) ट्रैक्टर चालक था। रविवार को वह साथी मजदूर बबलू (25) पुत्र जयसुफ के साथ सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुशैला स्थित प्लांट से इंटर लाकिंग ईंट लादकर आसीवन थानाक्षेत्र के गांव पेसारी गया था। जहां से लौटते समय थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ-पेसारी संपर्क मार्ग मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे जुबेर अली ट्रैक्टर के पहिये के नीचे दब गया। ग्रामीणों ने दोनों को किसी तरह बाहर निकाला और मियागंज सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद जुबैर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। पति की मौत से पत्नी महनूर, बेटियां मुस्कान, सकीना व बेटा जैद, अलमतस व मां नसीमुन आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बेसिक शिक्षा परिषद की सत्र परीक्षाएं आज से

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 25 से 29 अगस्त तक होंगी सत्र परीक्षाएं, स्कीम जारी

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में बच्चों की सत्र परीक्षाएं 25 अगस्त से 29 अगस्त तक होंगी। बीएसए संगीता सिंह ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को इसके दिशा निर्देश भेज दिये हैं। परीक्षा आयोजन का खर्च विद्यालयों की कम्पोजिट ग्रांट से वहन किया जायगा। वहीं दूसरी ओर अभी भी कई विद्यालय जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं जिससे सभी बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे इस पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

बताया गया कि सत्र परीक्षाएं बच्चों को जुलाई तक पूर्ण कराए गए मासिक पाठ्यक्रम पर आधारित होंगी। प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर मूल्यांकन तक की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक व संबंधित कक्ष शिक्षकों पर होगी। नकल रहित परीक्षा कराने पर विशेष बल दिया गया है। परीक्षा खत्म होने पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विषय अध्यापक करेंगे। परिणाम अभिभावकों को विद्यालय में बुलाकर बताया जाएगा। जिससे वे बच्चों की प्रगति से अवगत हों और सुधार करवा सकें। बीएसए ने आदेश में बताया कि सत्र परीक्षा में जिन बच्चों का स्तर मानक से कम होगा उन्हें चिन्हित कर विशेष कक्षाएं आयोजित होंगी और पुनरावृत्ति कराकर मुख्य धारा में लाने का प्रयास होगा।

बाढ़ क्षेत्र में कैसे होगी सत्र परीक्षा

प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के संजीव संख्वार, प्रदीप वर्मा, अमित तिवारी ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई स्कूल जलमग्न हो गए हैं। जिससे शिक्षण कार्य बाधित है। उन्होंने अफसरों से मांग की कि यह स्थिति देखते हुए उचित निर्णय लिया जाए। जिससे बच्चों व छात्रों का जीवन सुरक्षित हो।

छाते व अन्य सामग्री पाकर खुश बच्चे व संस्थान के लोग।

छाता पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

उन्नाव अमृत विचार। कहते हैं कि यदि आप किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं तो आपके जीवन की इससे बेहतर सार्थकता कुछ नहीं हो सकती। यह बात अभ्युदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने संस्थान द्वारा संचालित मुस्कान घर के माध्यम से स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच कही। उन्होंने शहर के कल्याणी मोहल्ला में बारिश व धूप को देखते हुए बेटी समीक्षा सिन्हा के साथ छाते वितरित किये। संस्थान के वरिष्ठ संरक्षक डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने बच्चों को संचारी रोग के प्रति जागरूक किया। बच्चों को आशीष अवस्थी व महेंद्र सिंह ने चिप्स, लॉलीपॉप, टॉफी आदि बांटे। कार्यक्रम संयोजक आशीष दीक्षित ने अभ्युदय सेवा संस्थान के लोगों का आभार जताते हुए संस्थान के कार्यों की सराहना की।

अमान्य कक्षाएं संचालित करते मिले 84 विद्यालय

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले में संचालित ऐसे विद्यालय जिनकी मान्यता कक्षा-8 तक है मगर कक्षा 9 से 12 तक अमान्य कक्षाएं संचालित की जा रही हैं और रजिस्ट्रेशन किसी अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालय से कराकर परीक्षाएं संचालित की जाती हैं। जिले में ऐसे 84 विद्यालय चिन्हित हुए हैं। जिन्हें डीआईओएस ने नोटिस जारी की है। इसमें कहा गया है कि यदि अमान्य कक्षाओं का संचालन बंद नहीं किया गया तो 1 से 5 लाख तक जुर्माना हो सकता है।

बता दें कि वर्ष 2025-26 के प्रथम चरण चरण में तहसील स्तर पर टास्क फोर्स गठित कर जांच कराई गई। जिसमें 84 विद्यालय चिन्हित किये गये हैं। जिसमें तहसील हसनगंज में 14, सफीपुर में 27, सदर में 12, पुरवा में 14, बांगरमऊ में 14, बीघापुर में 3 अमान्य विद्यालय संचालित मिले। ऐसे अमान्य विद्यालयों के प्रबंधकों को डीआईओएस सुनील दत्त ने नोटिस जारी कर कहा कि इन विद्यालयों से 1 से 5 लाख रुपए जमा कराए जाएं अन्यथा उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पूर्व में शासन के आदेश के क्रम में डीआईओएस द्वारा नामित नोडल प्रमारी डा. दिलीप सिंह व प्रधानाध्यापक उमेश पांडेय द्वारा अभिलेखों का परीक्षण करने के साथ जांच कर आख्या उपलब्ध कराई गई है।

गायत्री यज्ञ के दौरान मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

गायत्री यज्ञ से होता है विश्व कल्याण

उन्नाव अमृत विचार। शहर के डीएसएन कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में महिला मंडल द्वारा गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ। इसका संचालन महिला मंडल द्वारा किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणा से यज्ञ हुआ। व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि गायत्री मां उपासना व यज्ञ करने से जीवन में सुख शांति आती है। हर शुभ कार्य व सभी संस्कार यज्ञ के साथ सम्पन्न होते है। गायत्री यज्ञ से पूरे विश्व का कल्याण होता है। यज्ञ में दीनू शुक्ला, साधना सिंह, मालती मिश्रा, मीरा सिंह, शिवदेवी गुप्ता, मालती सिंह, स्वाती, रंजना सिंह, अजय शुक्ला, जगदेव प्रसाद शर्मा, ईश्वरानंद बाजपेई, सुशील, राम सुमेर, अशोक राय, कन्हैया, अशोक दीक्षित, तिलक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

छत से गिरकर घायल हुए युवक ने दम तोड़ा

शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डेरा पीपरखेड़ा निवासी लक्ष्मण का 36 वर्षीय पुत्र रामखिलावन 16 अगस्त की रात लगभग आठ बजे छत से अचानक गिर पड़ा था। गिरने से उसके पैरों में गंभीर चोटें आईं। परिजन उसे नजदीकी निजी डॉक्टर के पास लेकर गए और वहीं उसका इलाज चल रहा था। बीते शनिवार को अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इधर, मृतक के चचेरे भाई मौजी ने पुलिस को सूचना देकर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। कोतवाली प्रभारी पी.के. मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

24 घंटे में 11 सेमी गिरा गंगा का जलस्तर, मुश्किलें अभी बरकरार

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार। गंगा का जलस्तर लगातार चार दिनों से घट रहा है। 24 घंटे में 11 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई है। इसके बावजूद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात जस के तस बने हुए हैं। पानी से घिरे मोहल्लों और गांवों के लोगों को अभी भी नाव के सहारे आना-जाना पड़ रहा है। वहीं, नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी ने रविवार को बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने मेडिकल टीम न पहुंचने की शिकायत की।

आठ दिन पहले गंगा का जलस्तर खतरे के निशान 113 मीटर को पार कर गया था। इसके चलते नगर के गोताखोर, कर्बला, शाही नगर, मोहम्मद नगर, सैय्यद कंपाउंड, राजीव नगर खंती, नेतुआ, गगनीखेड़ा, तेजीपुरवा, श्रीनगर, गंगानगर, रविदास नगर, अवस्थी फार्म, मालवीयनगर, गायत्रीनगर, भातूफार्म समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भर गया था। करीब तीन हजार परिवार बाढ़ से प्रभावित हो गए। सैकड़ों लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए, जबकि कई लोग अपने घरों में पानी घुस जाने के कारण छतों पर शरण लेने को मजबूर हैं। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार, शनिवार शाम 6 बजे जलस्तर 112.900 मीटर मापा गया था, जो रविवार शाम 6 बजे घटकर 112.790 मीटर रह गया। इस तरह 24 घंटे में 11 सेमी की गिरावट दर्ज हुई है। इधर, नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी ने लेखपालों के साथ भातूफार्म और अन्य प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया। यहां पानी से घिरे घरों में कैद लोगों ने वायरल और पेट संबंधी बीमारियों की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक मेडिकल टीम मौके पर नहीं पहुंची है। इस पर नायब तहसीलदार ने जल्द मेडिकल टीम भेजने और आवश्यक व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने पश्चिमी गंगाघाट का भी निरीक्षण किया। बाढ़ प्रभावित लोगों का कहना है कि जलस्तर घटने के बावजूद मुसीबतें खत्म नहीं हुई हैं। चारों ओर पानी जमा होने से रोजमर्रा की जिंदगी ठप है और स्वास्थ्य संबंधी खतरा लगातार बढ़ रहा है।

रोटरी क्लब ने नाव से पहुंचाई राहत सामग्री

शुक्लागंज (उन्नाव)। गंगा का जलस्तर बढ़ने से नगर के कई मोहल्लों में बाढ़ का पानी भर गया है। रविवार को रोटरी क्लब गंगाघाट की ओर से बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाई गई। रोटरी क्लब अध्यक्ष अवनीश शुक्ला ने बताया कि गायत्री नगर और भातू फार्म क्षेत्र के 136 प्रभावित लोगों को राशन सामग्री वितरित की गई। चूंकि मकानों के आसपास पानी भरा हुआ है, इसलिए राहत सामग्री नाव के जरिए पहुंचाई गई। इस अवसर पर मुन्ना सोनी, रामशंकर शुक्ला, सूरज शुक्ला, शिवशरण अग्निहोत्री, जयप्रकाश और गणेश भी मौजूद रहे।

राहत सामग्री देते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को सीओ ने किया रूट का निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार। आगामी 27 अगस्त से 6 सितंबर तक चलने वाले गणेश महोत्सव को लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां जोरों पर हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन गगनीखेड़ा झील में किया जाएगा। नगर सहित उन्नाव, मगरवारा और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु अपनी प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन स्थल पर पहुंचेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

रविवार को सीओ सिटी दीपक यादव एवं कोतवाली प्रभारी पी.के. मिश्रा ने मरहला चौराहे से लेकर गगनीखेड़ा झील तक संभावित रूट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था और सुरक्षा बिंदुओं का बारीकी से परीक्षण किया। सीओ सिटी ने बताया कि विसर्जन के लिए फिलहाल दो रूट प्रस्तावित हैं।

पहला रूट मरहला चौराहे से होकर गगनीखेड़ा झील तक जाता है, लेकिन वर्तमान में आरओबी का कार्य चलने के कारण यह मार्ग बंद है। दूसरा विकल्प सहजनी मार्ग से होकर जाने का है। विसर्जन को लेकर मार्ग तय करने के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर शीघ्र ही एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें एसडीएम, ईओ, आयोजक समिति के पदाधिकारी और पुलिस-प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में अंतिम रूप से विसर्जन का रूट तय किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़भाड़ की समस्या न हो।

पुलिस ने 33 जोड़ों में कराई सुलह

उन्नाव अमृत विचार। एसपी दीपक भूकर के निर्देश व परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्पडेस्क के प्रयासों से पति-पत्नी के 33 विवादित जोड़ो की सकुशल विदाई कराई गई। इसमें महिला थाना से 11, परिवार परामर्श केंद्र से 7, थाना सोहरामऊ से 5, अचलगंज से 3, गंगाघाट व बांगरमऊ से 2-2 व सफीपुर, हसनगंज व कोतवाली सदर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव, सलाहकार अबरार हुसैन, डॉ. एसके पांडेय, संजय चौरसिया, राजेंद्र सिंह सेंगर, डॉ. शशिरंजना अग्निहोत्री, सहयोगी सलाहकार शिवेंद्र चौहान, स्वास्तिक मिश्रा के अलावा पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी प्रभारी महिला हेल्पडेस्क, रेखा सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, महिला दरोगा मधु श्रीवास्तव, मिशलेश वर्मा, महिला सिपाही शीलू, पूजा पाल, लक्ष्मी वर्मा, पूजा यादव, शकुन्तला, तरुण, सीता यादव, प्रीति तोमर, अर्चना, पूजा चौधरी, सेविका, अंशू रानी, साधना यादव, प्रीति सिंह राठौर, चिन्तन का विशेष योगदान रहा।

श्री सार्वजनिक रामलीला समिति की बैठक।

शुक्लागंज में रामलीला का मंचन 26 सितंबर से

शुक्लागंज (उन्नाव)अमृत विचार। रविवार को राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में श्री सार्वजनिक रामलीला समिति की बैठक समिति संयोजक वीरेंद्र शुक्ला के आवास पर हुई। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने पिछले वर्ष का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान संयोजक वीरेंद्र शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष श्री सार्वजनिक रामलीला का मंचन 26 सितंबर 2025 से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलीला को भव्य और सफल बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए और आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से अंजनी अग्निहोत्री, नीलकमल दीक्षित, दिलीप शुक्ला, मनमोहन दीक्षित, नितिन दीक्षित, श्रीकांत शुक्ला, श्रीकांत पांडे, कमल वर्मा, अवधेश बाजपेई, शिवम शुक्ला, शिवम मिश्रा, अंकित तिवारी, आकाश बाजपेई, दिवाकर मिश्र, आनंद वर्मा, कृष्णा मिश्रा, रजत गुप्ता, आशीष साहू, ओम शुक्ला, राहुल यादव और विशाल गौतम मौजूद रहे। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि इस वर्ष का आयोजन और भी आकर्षक होगा।

दुश्वारियां राहगीरों को 15 किलोमीटर का चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है हसनगंज व मियांगंज

सई नदी पुल का संपर्क मार्ग धंसा, आवागमन ठप

संवाददाता, हसगनंज उन्नाव

अमृत विचार। रविवार को सुबह सई नदी पुल का संपर्क मार्ग अचानक धंस जाने से आवागमन ठप हो गया। यह सड़क मोहान-औरास मार्ग को मोहान-बांगरमऊ मार्ग से जोड़ती है। आवागमन बंद होने से दर्जनों गांव के लोगों को बड़ी समस्या से जूझना पड़ रहा है। मुख्य रूप से बच्चों के लिए स्कूल पहुंचने का रास्ता बंद हो गया है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर बकिया मार्ग स्थित सई नदी पर बने पुल के एक हिस्से की एप्रोच सड़क रविवार भोरपहर अचानक धंस गई। इससे वहां 20 फीट का गड्ढा हो गया। सड़क धंसने से आवागमन बंद हो गया। जिससे राहगीर 15 किमी घूमकर हसनगंज व मियागंज जाने को मजबूर हैं। नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से पानी सड़कों के ऊपर से बह रहा है। सुबह का समय होने से राहगीरों का आवागमन कम था। जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुल का शिलान्यास वर्ष-2008 में तत्कालीन सीएम मायावती ने किया था। यह 2 साल में बनकर तैयार हुआ था। इसका लोकार्पण तत्कालीन विधायक राधेलाल रावत ने किया था।

सई नदी पुल के धंसे संपर्क मार्ग को देखते ग्रामीण। अमृत विचार

स्वास्थ्य मेले में 154 मरीजों का हुआ परीक्षण

शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 154 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अवध प्रांत की नव कार्यकारिणी गठित

संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अवध प्रांत की नव कार्यकारिणी उन्नाव इकाई के गठन की बैठक शहर के मोहल्ला मोती नगर स्थित हाईकोर्ट लखनऊ के अधिवक्ता ओपी तिवारी के आवास पर हुई। इसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष ओमकार पांडेय की अध्यक्षता में नव कार्यकारिणी गठित हुई। जिसमें सर्व सम्मति से डॉ. मनोज श्रीवास्तव को अध्यक्ष, जयशंकर अवस्थी को उपाध्यक्ष, आदित्य बाजपेई को सचिव, शांतनु श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष, चंद्रभूषण सिंह को सह सचिव, रोली तिवारी को महिला आयाम प्रमुख बनाया गया। विधि आयाम प्रमुख अधिवक्ता आशीष शुक्ल, पर्यावरण आयाम प्रमुख अजय श्रीवास्तव, प्रचार प्रसार प्रमुख चंद्रभान शर्मा, रोजगार सृजन आयाम प्रमुख ब्रजेश अवस्थी बने। इसी क्रम में डॉ. प्रभात सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी तिवारी, दीपांकर मिश्रा, चंद्रभूषण सिंह कार्यकारिणी में शामिल किये गये। प्रांतीय सचिव आशुतोष मिश्र ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के विषय में विस्तार से बताया। इसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. प्रमोद पांडेय व प्रांतीय पर्यावरण आयाम प्रमुख प्रकाश चंद्र बरनवाल भी रहे।

अमृत विचार

सोमवार, 25 अगस्त 2025

प्रधानमंत्री की दूरदर्शी पहल

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधानमंत्री का उद्बोधन अत्यंत प्रेरक रहा। उन्होंने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से मानवता के भविष्य को और अधिक उन्नत व उज्ज्वल बनाने तथा अंतरिक्ष के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने के लिए 'डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन मिशन' की तैयारी की दिशा में प्रेरित किया, जो महत्वपूर्ण है। उनकी यह सोच कितनी दूरदर्शितापूर्ण है और भविष्य के लिए वर्तमान में इस कार्य की कितनी महत्ता है, इसका वास्तविक आभास वर्तमान से कहीं अधिक भविष्य में होगा। प्रधानमंत्री भलीभांति जानते हैं कि भारत में तकनीक से संबंधित एक ऐसा संगठन है, जिसका लोहा संपूर्ण विश्व मानता है और जिसके समकक्ष संगठनों को कई बार स्वीकार करना पड़ता है कि उसके कुछ क्षेत्रों में उसका कोई मुकाबला नहीं- वह है इसरो। निस्संदेह, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और हमारे अंतरिक्ष विज्ञानी इस कार्य की पर्याप्त क्षमता और प्रतिभा रखते हैं। इसी विश्वास पर प्रधानमंत्री ने यह आह्वान किया है। इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। गहन अंतरिक्ष में इसरो के शोध-प्रयोग लगातार जारी हैं। वह मंगल, बृहस्पति और चंद्रमा के अतिरिक्त धूमकेतुओं, बाह्य सौर मंडल तथा आकाशगंगा के भी अध्ययन में संलग्न है। इसरो अंतरग्रहीय संचार, अन्य ग्रहों पर जीवन और नवीन संसाधनों की खोज में भी योगदान दे रहा है। उसने रोबोटिक मिशन भेजे हैं और मानवीय मिशनों की तैयारी भी लगभग पूरी कर ली है। इसके साथ ही वह रीयूजेबल लॉन्च व्हिकल और स्पेस डॉकिंग तकनीक में सफलता प्राप्त कर चुका है। सुदूर अंतरिक्ष में अन्वेषण और प्रयोग के लिए 2028 तक भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने की योजना है, जिसके लिए एडवांस्ड प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी से निर्मित रॉकेट का भी विकास किया जा रहा है।

अकसर देश के कुछ क्षेत्रों से यह अदूरदर्शितापूर्ण प्रश्न उठाया जाता है कि जब धरती और उस पर रह रहे लोगों की अनेक समस्याएं मौजूद हैं, तो अंतरिक्ष पर अरबों रुपये खर्च करने का क्या औचित्य है! परंतु वस्तुतः अंतरिक्ष अन्वेषण से भविष्य में देश, समाज और संपूर्ण मानवता को जो लाभ होने वाले हैं, उन्हें समझने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और दूरगामी सोच आवश्यक है। यह बात प्रधानमंत्री जैसे दृष्टा ही स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। अमेरिका, जापान, चीन और यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसियां ही इस दिशा में संलग्न नहीं हैं; उनके पीछे भी गहरे दूरगामी उद्देश्य हैं। वे जानते हैं कि अत्यधिक दोहन के कारण निकट भविष्य में धरती पर ऊर्जा, जल और खनिज संसाधनों की गंभीर समस्याएं खड़ी होंगी। इससे निपटने का एकमात्र उपाय यही है कि ऐसे परग्रही पिंडों का दोहन किया जाए, जहां ये संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। ऐसे अभियानों के लिए मनुष्य को वहां अधिक समय तक ठहरना भी पड़ सकता है। डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन और उसके अंतर्गत होने वाले विभिन्न अनुसंधान संपूर्ण मानवता को नई दिशा और लाभ प्रदान करेंगे। यह मानवता, देश और विज्ञान- तीनों के लिए एक बड़ा अवसर है। इस दिशा में भारतीय एजेंसियों और सरकार को साहसिक, दीर्घकालिक और व्यापक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

प्रसंगवश

रामसेतु के वैज्ञानिक तथ्य और यथार्थ



रामायण सहित अनेक धर्म ग्रंथों के उल्लेखानुसार श्रीराम ने लंका विजय अभियान पर जाते समय दक्षिण समुद्र पर एक सेतु का निर्माण किया था, जिसे उनकी सेना के नल और नील वानरों ने अन्य सबकी सहायता से निर्मित किया। एक वरदानानुसार उनके हाथ के छुए प्रस्तर खंड पानी में डूबते नहीं थे। यह पुल लगभग पांच दिन में बन कर तैयार हुआ था। इसे किसी ने मिथक किसी ने यथार्थ माना। विगत में राष्ट्रीय स्तर पर इस पर बहसें चलीं। प्रकरण अदालत तक गया। राजनीतिक दल अपने-अपने ढंग से लामबंद हुए। आइए इसकी यथार्थता परखें।

संप्रति, तमिलनाडु में धनुषकोडि (रामेश्वरम्) से समुद्र काफी दूर तक छिछला और चट्टानी है, जिसे आदम पुल कहा जाता रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1993 में सेटेलाइट से कुछ चित्र खींचे, जिनमें रामेश्वरम् से लंका के मन्नार टापू तक पुल जैसे निर्माण के चिन्ह लक्षित हुए हैं। वहीं भारत की ओर पुल प्रारंभ होने के कुछेक दूर ही 'छेदुकरई' नामक स्थान है, जिसका अर्थ है 'सेतु का कोना'। इससे यह तो स्पष्ट होता ही है कि यहां कोई सेतु जरूर रहा। तथ्य यह भी है कि तमिलनाडु के रामनाथपुरम् और शिवगंगा जिलों के 'मरावर' समुदाय के लोगों की उपाधि 'सेतुपति' थी। इस समुदाय ने कभी वहां शासन भी किया। इससे स्पष्ट है कि उनके अधिकारिता क्षेत्र में कोई सेतु था। रामायण में रामेश्वरम् शिवलिंग की श्रीराम द्वारा स्थापना का स्पष्ट उल्लेख है, जो आज भी विद्यमान है और भगवान शंकर के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मंदिर का रख-रखाव सही ढंग से निश्चित ही हुआ होगा, अतः वह तत्समय के पवित्र और गौरवशाली निर्माण की आज भी गवाही दे रहा है।

रघोत्तम शुक्ल
लेखक

नल-नील देव शिल्पी विश्वकर्मा के औरस पुत्र और वरदान प्राप्त श्रेष्ठ अभियंता थे। अब प्रश्न यह उठता है कि जब उनके हाथ के छुए पत्थर पानी में डूबते नहीं थे, तो इस पुल के अवशेष समुद्र में मज्जित क्यों हैं? इसके वैज्ञानिक और धार्मिक पहलू हैं। विज्ञान की दृष्टि से 15वीं शताब्दी तक इस पुल से पैदल रामेश्वरम् से मन्नार द्वीप तक पहुंचा जा सकता था, किंतु सन् 1480 में आए समुद्री तूफान से सेतु का कुछ भाग टूट गया और समुद्र जल ऊपर आ गया। वैसे भी भौमिक परिवर्तन तो नियति है। कहा जाता है, कभी भारत और अफ्रीका के भूखंड मिले हुए थे। हिमालय की जगह समुद्र था। मंगल ग्रह पृथ्वी से टूटकर अलग अस्तित्व में आ गया। निर्माण और विनाश उत्थान और पतन सृष्टि का शाश्वत नियम है।

धार्मिक पक्ष के अनुसार लंका विजय के पश्चात् श्रीराम ने विभीषण के अनुरोध पर अपने बाण से इस सेतु द्वारा सामान्य आवागमन बाधित किया, जिसके राजनीतिक कारण थे, ताकि भारतीय शासक लंका पर आसानी से आक्रमण न कर सकें। अब एक जटिल प्रश्न उपस्थित है। वहां समुद्र का पाट धर्म ग्रंथों में सौ योजन कहा गया है। योजन चार कोस यानी आठ मील का होता है, जो लगभग 1300 किलोमीटर हुआ। पुल की चौड़ाई भी दस योजन वर्णित है। वास्तविकता में वहां समुद्र का पाट 48 किलोमीटर ही है। यदि कतिपय भौगोलिक परिवर्तन भी मान लिए जाएं, तो भी यह अंतर बहुत और समझ में न आने वाला है। इस बिंदु पर बहस और गवेषणाएं होनी चाहिए। आखिर इसके गूढ़ार्थ क्या हैं!

> चुनौतियों को स्वीकार करें ताकि आप जीत का उत्साह महसूस कर सकें।
> –**जॉर्ज एस पैटन**, पूर्व अमेरिकी जनरल

राजनीति में भ्रष्टाचार की चिंता के निहितार्थ

अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार ने संसद के हालिया सत्र में तीन विधेयक पेश किए हैं, जिनके पास हो जाने पर भ्रष्टाचार के आरोप में पुलिस हिरासत में तीस दिनों की अवधि पूरी होने के बाद संवैधानिक पदों पर बैठे मंत्री (जिनमें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी शामिल हैं) स्वतः हट जाएंगे। पहली नजर में लगता है कि सरकार राजनीतिक भ्रष्टाचार के मसले पर सख्त और गंभीर है, लेकिन इस प्रक्रिया को जरा गौर से देखने से सरकार की सिर्फ उतावली का पता चलता है। इन विधेयकों को जिन परिस्थितियों में लाया गया, उससे किसी और राजनीतिक मकसद के संकेत मिल रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं हैं।

सरकार की उतावली का अंदाजा ऐसे लगाया जा सकता है कि पहली बार ऐसा कानून बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसमें भ्रष्टाचार के आरोपों के सिद्ध होने से महत्वपूर्ण फैक्टर पुलिस की हिरासत है। अब तक किसी राजनेता को पद से हटाने के लिए आरोपों का साबित होना या सजा का होना जरूरी था। सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में लिली थॉमस केस में निर्णय दिया था कि विधायिका के सदस्यों को यदि दो साल या अधिक समय की सजा होती है तब वे किसी सार्वजनिक पद पर बने रहने के अयोग्य हो जाएंगे और सजा सुनाए जाने के समय के बाद से चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगे। इस प्रक्रिया में पुलिस या हिरासत में रखने वाली

> लोकसभा में पेश किए गए संशोधन बिल में पुलिस या हिरासत में रखने वाली एजेंसी का महत्वपूर्ण हो जाना एक खतरनाक संकेत है।

एजेंसी का महत्वपूर्ण हो जाना एक खतरनाक संकेत है। राजनीति की जरा सी भी समझ रखने वाला नागरिक जानता है कि सत्ताधारी दल अपने विरोधियों के खिलाफ इन एजेंसियों का कैसे दुरूपयोग करता है। एक और ध्यान देने लायक तथ्य है कि इस वक्त जितने लोग जेलों में बंद हैं, उनमें 75 प्रतिशत से अधिक अंडर-ट्रायल हैं। यानी उनका दोष सिद्ध नहीं हुआ है। सिर्फ कानून बना देने से क्या तीस दिन के भीतर नेताओं पर चल रहे मुकदमों का निर्णय हो जाएगा या उन्हें हिरासत में रखकर पुलिस को शांति से तीस दिनों का इंतजार करने और यह समय पूरा होते ही तत्परता से सरकार को सूचित करने के लिए कहा जाएगा। कायदे से तो एक विधेयक जांच और सुरक्षा एजेंसियों की स्वायत्तता के लिए लाया जाना चाहिए था, जिनका दुरुपयोग अब आम लोगों ही नहीं सर्वोच्च न्यायालय के जजों का भी ध्यान खींचने लगा है। तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कारपोरेशन पर प्रवर्तन निदेशालय के छापे के बाद बीती 22 मई को सुप्रीमकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने टिप्पणी की, ईडी ने सारी हदें पार कर दी हैं।

यह कहानी सिर्फ भाजपा सरकार की नहीं है। याद रखा जाना चाहिए कि 2013 में जस्टिस आरएम लोढ़ा ने सीबीआई को 'पिंजरे का तोता' कहा था, तब केंद्र में यूपीए की सरकार थी। तब से भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में लाकर क्लीन चिट देने और विरोधियों के खिलाफ जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की स्थिति और संगीन हुई है। इसी साल मार्च महीने में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में जानकारी दी है कि पिछले दस सालों में ईडी ने राजनेताओं के खिलाफ 193 मामले दर्ज किए, लेकिन सजा सिर्फ दो मामलों (दोनों झारखंड के पूर्व मंत्री) में हुई। इनमें से 71 प्रतिशत मामले पिछले पांच सालों में दर्ज किए गए हैं। जाहिर तौर पर सरकार के इस कदम के पीछे की प्रेरणा अरविंद केजरीवाल लगते हैं, जिन्होंने कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किए जाने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने इनकार ही नहीं किया, वरन जेल से सरकार भी चलाई।

तब दिल्ली हाईकोर्ट ने भी कहा था कि इन परिस्थितियों में केजरीवाल को इस्तीफा देने के लिए बाध्य करने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके उलट झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमीन घोटाले के कथित आरोपों में गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा देकर छह महीने जेल काटी, जिन्हें बाद में झारखंड हाईकोर्ट से क्लीनचिट मिल गई। दोनों मामलों में हुआ यह कि सोरेन पिछले लोकसभा चुनाव में प्रचार नहीं कर पाए और केजरीवाल को सिर्फ अठारह दिनों के लिए जमानत मिली।

इस दौरान उन्होंने पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार किया। यह भी ध्यान रखने लायक है कि यूपीपीए और पीएमएलए के प्रावधानों के तहत जमानत का मिलना अत्यधिक जटिल बनाया जा चुका है। ऐसे में किसी राजनेता को, जिसे गिरफ्तार ही पद से हटाने के इरादे से किया गया हो, उसकी जमानत को सिर्फ तीस दिन के लिए टालना बहुत मामूली बात है। इसे अमल में लाने के लिए पुलिस और अदालत की काम करने की धीमी प्रक्रिया की ओट ही काफी है।

फिलहाल ये विधेयक संसद में हंगामे के बाद संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजे जा चुके हैं, लेकिन प्रश्न उठता है कि जब विपक्ष ही नहीं लोकतंत्र की अन्य संस्थाएं भी कई वर्षों से सरकारी जांच एजेंसियों और पुलिस के राजनीतिक दुरुपयोग पर सवाल उठा रही हैं, ऐसे माहौल में इस तरह का बिल क्यों लाया गया, जिसमें एक मुख्यमंत्री का करियर एक दारोगा की मर्जी पर निर्भर हो जाएगा।

क्या वाकई इसके पीछे भ्रष्टाचार को मिटाने की मंशा है या कुछ और, क्योंकि इन दिनों ध्यान दिलाने से अधिक ध्यान भटकाने की राजनीति प्रभावी हो चली है। इसके तहत किसी बड़े और निर्णायक मुद्दे को दबाने के लिए कोई अन्य मुद्दा उछाला जाता है और समय बीतने का इंतजार किया जाता है। कहीं ऐसा तो नहीं है, यह चुनाव प्रक्रिया पर मचे बवाल से ध्यान हटाने की कवायद है, क्योंकि इस समय मतदाता सूचियों में धांधली का मुद्दा देशव्यापी हो चुका है और विपक्ष केंद्रीय चुनाव आयोग के खिलाफ आंदोलन से लेकर महाभियोग की हद तक जाने के लिए तैयार है।

आमने

कभी बिहार की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाली राजद आज कांग्रेस की पिछलग्गू बनकर रह गई है। राजद इतनी कमजोर हो गई है कि अब उसे बिहार में राहुल गांधी को घुमाना पड़ रहा है।
–**चिराग पासवान**, अध्यक्ष, लोजपा (राम विलास)

सामने

चिराग पासवान कोई मुद्दा नहीं हैं। उनको जनता भी नहीं पूछती है। हम उन पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। उन्हें सलाह जरूर देंगे कि वो मेरे बड़े भाई हैं, जल्द से जल्द शादी जरूर कर लें।
–**तेजस्वी यादव**, नेता, राष्ट्रीय जनता दल

चुनावी वादा नहीं, अधिकार है नारी सुरक्षा

संजय सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालते के बाद उनके सख्त तेवरों से रोमियो (मनचलों) की शामत आ गई थी, लेकिन योगी के तेवर ढीले पड़ते ही यूपी में फिर वही पुरानी बीमारी लौट आई है। एंटी रोमियो स्क्वॉड की शुरुआत 2017 में हुई थी, जब योगी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इन दुष्टों पर नकेल कसी थी, लेकिन अब 2025 में, जैसे ही सरकार के तेवर थोड़े ढीले पड़े, स्कूल और कॉलेजों के बाहर मनचले फिर मंडराने लगे हैं। पुलिस की गश्त गायब है और स्कूल-कॉलेज जाती लड़कियां रोजाना छेड़छाड़ का शिकार हो रही हैं। यह न सिर्फ शर्मनाक है, बल्कि एक खुली चुनौती है, उस सिस्टम को जो महिलाओं की इज्जत की रक्षा करने का दावा करता है। इन रोमियो बनने वाले गुंडों को अब सख्त सबक सिखाने का वक्त आ गया है, नहीं तो यह समाज की बेटियों को और कितना सहन करवाएगा?

कल्पना कीजिए, जब एक 16 साल की स्कूली लड़की, किताबें थामें घर से निकलती है, तो वह कितनी सहमी रहती होगी, क्योंकि रास्ते में अथवा स्कूल गेट के बाहर, कॉलेज कैंपस के पास हर जगह उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले मनचले घात लगाए बाइक पर बैठे या गुट बनाकर खड़े नजर आ जाते हैं। फब्तियां कसना, सीटी मारना, पीछा करना या हाथ लगाने की कोशिश, ये सब अब रोजमर्रा की बात हो गई है। जुलाई 2025 में उन्नाव जिले में एक स्कूली लड़की ने तंग आकर खुद ही आरोपी को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ जड़ दिए। वीडियो वायरल हुआ, लेकिन क्या इससे समस्या हल हो गई? नहीं!

यह तो सिर्फ एक उदाहरण है कि बेटियां अब खुद अपनी रक्षा करने को मजबूर हैं, क्योंकि पुलिस कहां है? 2023 में अंबेडकर नगर में एक साइकिल चलाती लड़की की छेड़छाड़ के कारण मौत हो गई थी, लेकिन

2025 में भी स्थिति जस की तस है। ये मनचले कौन हैं? ये वही कमजोर दिमाग वाले कायर हैं, जो महिलाओं को कमजोर समझकर अपनी मर्दानगी दिखाते हैं, लेकिन हकीकत में ये समाज के कीड़े हैं, जो बेटियों की जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं।

एंटी रोमियो स्क्वॉड का क्या हुआ? 2017 से 2025 तक इस स्क्वॉड ने 1.4 करोड़ लोगों को चेतावनी दी, 32,077 पर चालान काटे और केस दर्ज किए। मार्च 2025 में डीजीपी ने बताया कि 24,000 से ज्यादा केस दर्ज हो चुके हैं, लेकिन अब? अगस्त 2024 में स्क्वॉड को फिर से एक्टिवेट करने के आदेश दिए गए थे, मुख्यमंत्री योगी ने महिलाओं की सुरक्षा पर जोर दिया था। मई 2025 में लखनऊ में इसे 'महिला सुरक्षा टीम' नाम दिया गया। फिर भी, जमीनी हकीकत अलग है। फरवरी 2025 में रिपोर्ट्स आईं कि 2022 चुनावों से पहले आलोचना के कारण स्क्वॉड को स्केल बैक कर दिया गया था।

अब पुलिस स्कूल-कॉलेजों के बाहर नजर नहीं आती। मनचले बेखौफ हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि सजा का डर कम हो गया है। यह ढीलापन नहीं, अपराध को बढ़ावा देना है! ये सिर्फ छेड़छाड़ नहीं करते, वे महिलाओं की आजादी छीनते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 90 प्रतिशत महिलाएं सार्वजनिक जगहों पर छेड़छाड़ का शिकार होती हैं। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में, जहां बेटियां शिक्षा के लिए संघर्ष कर रही हैं, ये घटनाएं उन्हें घर बैठने पर मजबूर कर देती हैं। याद कीजिए 2017 को, जब एंटी रोमियो स्क्वॉड ने शुरुआत की थी, तब मनचलो में खौफ था, लेकिन अब? ये स्क्वॉड कभी-कभी मॉरल पुलिसिंग में बदल गए, कभी प्राइवेसी का उल्लंघन करने लगे, लेकिन मूल मकसद तो महिलाओं की सुरक्षा था। आज जरूरत है सख्ती की, न कि नाम बदलने की। हर जिले में पुलिस को 24x7 गश्त करनी चाहिए।

एक कॉलेज स्टूडेंट रोजाना घर से निकलती है, लेकिन मन में डर रहता है? क्या आज सुरक्षित पहुंचूंगी? ये डर इन रोमियो की वजह से है, जो खुद को हीरो समझते हैं, लेकिन असल में विलेन हैं। माता-पिता, शिक्षक और युवा सबको मिलकर इनके खिलाफ आवाज उठानी होगी। सरकार एंटी रोमियो स्क्वॉड को फिर से पूरी तरह से एक्टिव करे, पुलिस को ट्रेनिंग दी जाए और स्कूल कॉलेजों के बाहर और आस-पास सीसीटीवी लगाए जाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अधिकारियों के पेंच कसना होगा, वह फिर से सख्त तेवर दिखाएंगे, तभी हमारी बच्चियों को घर के बाहर सुरक्षा मिलेगी, नहीं तो ये रोमियो राज्य को बदनाम कर देंगे। महिलाओं की सुरक्षा कोई चुनावी वादा नहीं, बुनियादी हक है। आखिर कब तक बेटियां सहेंगी?

> 2022 के चुनावों से पहले आलोचना के कारण एंटी रोमियो स्क्वॉड को स्केल बैक कर दिया गया था। अब पुलिस स्कूल-कॉलेजों के बाहर नजर नहीं आती और मनचले बेखौफ हैं।

सामयिकी

सांस्कृतिक पुनर्स्थापना है जगहों के नाम बदलना

ऋग्वेद में कहा गया है कि किसी पदार्थ का नाम रखकर उसे पहचानना ज्ञान का प्रथम चरण है। शब्द और उसके अर्थ दीर्घकाल में बोध संपदा बन जाया करते हैं। ऐसे में यदि किसी वस्तु या स्थान का नामकरण सही न हो तो उसे उचित क्रम में परिवर्तन करना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जनपद की तहसील जलालाबाद का नाम कुछ दिन पूर्व ही परिवर्तन करके परशुरामपुरी कर दिया गया है। इस स्थान को भगवान परशुराम का जन्म स्थान कहा जाता है।

भगवान परशुराम के जन्म स्थान के लिए कुछ अन्य स्थानों के लोग भी अपने दावे करते रहते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संघ दृष्टि से काफी समय से इस स्थान का नाम परशुरामपुरी रख रखा था।

अमित त्यागी
स्तंभकार एवं राष्ट्रवादी विचारक

सरकारी दृष्टि में नाम परिवर्तन के बाद संघ दृष्टि सही साबित हुई है, इसलिए परशुरामपुरी नाम सिर्फ एक नाम परिवर्तन मात्र नहीं है। यह बाजार और चर्च की अवधारणा से लोहा लेते हुए सांस्कृतिक पुनर्स्थापना है।

आक्रांताओं और लुटेरों के नाम पर बने स्थान भारत की सांस्कृतिक चेतना को कमजोर करते हैं। हमें मानसिक गुलामी में उलझाए रखने का कार्य करते हैं। पूरी दुनिया में सांस्कृतिक आधार पर नामों में परिवर्तन होते रहे हैं। पर्शिया का नया नाम आज ईरान है। आज जो म्यांमार है, वह पहले बर्मा था। आज का जॉर्डन पहले ट्रांसजार्डन था। श्रीलंका का पूर्व नाम सीलोन था। इस तरह से वह पूरा परिक्षेत्र, जिसमें भारतीय संस्कृति निवास करती थी, उसका नाम आर्यावर्त था।

भारत के विभिन्न जिलों के नामों में परिवर्तन होता रहा है। कभी बांबे रहा शहर आज मुंबई है। मद्रास आज चेन्नई है। उत्तर प्रदेश में फैजाबाद, इलाहाबाद का नाम परिवर्तन कर अयोध्या और प्रयाग किया गया। अभी भी बहुत से नाम परिवर्तन की मांग उठती रहती है। हाल ही में उमा भारती ने शाहजहांपुर का नाम बदलने की आवाज उठाई है। शाहजहांपुर बलिदानियों की भूमि रही है। काकोरी एक्शन प्लान के नायक राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खां एवं रोशन सिंह इस जिले से आते हैं।

अलीगढ़ को हरिगढ़, मैनपुरी को मयनपुरी और ऐसे ही अनेक नाम परिवर्तन की चर्चाएं होती रहती हैं। सभी नाम परिवर्तन संभव नहीं दिखते हैं, किंतु इन नामों के बदलने की वजह स्पष्ट है। भारत का जनमानस लुटेरों और आक्रांताओं के नाम से छुटकारा चाहता है। स्वाधीनता का अर्थ है, स्व के अधीन। भारत यदि भारतीयता के आधार पर स्थापित होता है तो यह स्वाधीनता है। नामों से मुक्ति भी एक तरह की स्वाधीनता है।

सोशल फोरम

हर किसी की सांस की अपनी एक पहचान है

यह पाया गया है कि जिस तरह आप सांस लेते हैं, वह केवल जीवन को बनाए रखने का साधन ही नहीं है, बल्कि आपकी उंगलियों के निशान जितना ही अनोखा एक पहचान चिन्ह भी है। एक रोचक नए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने खोज की कि सांस लेने के पैटर्न से व्यक्ति की पहचान 97% सटीकता तक की जा सकती है।

नाक के नीचे पहने जाने वाले एक छोटे उपकरण के माध्यम से उन्होंने पूरे दिन में सांस से जुड़ी 24 सूक्ष्म विशेषताओं को ट्रैक किया- जैसे श्वास लेने की अवधि, श्वास छोड़ने के बाद का ठहराव और लय। परिणाम साफ थे। हर व्यक्ति का सांस लेने का पैटर्न विशिष्ट और आश्चर्यजनक रूप से स्थिर था, यहां तक कि दो साल बाद फिर से मापने पर भी, लेकिन यहां से यह और भी दिलचस्प हो जाता है। आपकी सांस केवल आपकी पहचान ही नहीं बताती, बल्कि यह आपके स्वास्थ्य का संकेत भी दे सकती है।

चंद्राशिम सिंह
ब्लॉगर

अध्ययन में सांस लेने के पैटर्न और शरीर के भार सूचकांक (BMI), नींद की अवस्थाओं और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध पाए गए। उदाहरण के लिए, चिंता (Anxiety) से ग्रस्त लोग नींद के दौरान अपेक्षाकृत छोटी श्वास लेते थे और उनकी सांसों में अधिक ठहराव देखा गया।

इससे यह संकेत मिलता है कि एक दो-तरफा संबंध है- चिंता सांसों के ढर्रे को बदलती है और संभव है कि सांस लेने के पैटर्न भी चिंता को प्रभावित करते हों। यदि यह सत्य है, तो सचेत रूप से सांस लेने के तरीकों को बदलना मानसिक स्वास्थ्य को संभालने का एक शक्तिशाली साधन बन सकता है। शोधकर्ता अब इस उपकरण को और छोटा तथा रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए ज्यादा आरामदेह बनाने पर रिसर्च कर रहे हैं।

चिकित्सा से परे, यह खोज नई बायोमेट्रिक पहचान प्रणालियों का द्वार भी खोल सकती है- एक ऐसी दुनिया, जहां आपकी साँस, आपकी उंगली के निशान या चेहरे की तरह, एक दिन आपके फोन को अनलॉक कर सकेगी। जो कभी केवल जीवन की अदृश्य लय थी, वही अब यह प्रकट कर रही है कि हम कौन हैं और कैसा महसूस करते हैं!

-फेसबुक वाल से

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

नए प्लेटफार्म पर चार नई कॉन्सेप्ट SUV से

महिंद्रा ने दिखाया भविष्य

NU_UX प्लेटफॉर्म पर महिंद्रा अलग-अलग तरह के इंजन और डिजाइन के साथ प्रयोग करेगा। यह प्लेटफॉर्म हर तरह के मूड के लिए तैयार किया गया है। जिसमें FWD, AWD, इलेक्ट्रिक (EV) और आइस सब कुछ शामिल हैं। सबसे पहले आने वाली चारों SUV 3.9 से 4.3 मीटर लंबी होंगी, यानी सब-कॉम्पैक्ट से कॉम्पैक्ट एसयूवी तक का मजा।

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने चार नई SUV कॉन्सेप्ट Vision X, Vision T, Vision S, और Vision SXT का अनावरण करके ग्लोबल मार्केट पर धाक जमाने की तैयारी कर ली है। यह चारों एसयूवी कंपनी के नए NU_IQ प्लेटफॉर्म पर डेवलप की जाएंगी, जो अलग-अलग डिजाइन लैंग्वेज और सेगमेंट सामने लाएंगी। महिंद्रा NU_IQ प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल भारतीय और ग्लोबल बाजार में आने वाले वाहनों के लिए किया जाएगा। ये कॉन्सेप्ट एसयूवी पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन को सपोर्ट करेंगे और 2027 से डिलीवर होंगे। महिंद्रा का फोकस देश-दुनिया के बाजार में नई संभावनाएं तलाशने के साथ देश की सबसे बड़ी SUV कंपनी बनने का है। इसीलिए चारों SUV के डिजाइन को कंपनी 'हार्टकोर डिजाइन' कह रही है। कंपनी का दावा है कि इन गाड़ियों में कंफर्टेबल सीटों के साथ ड्राइविंग एक्सपीरियंस काफी मजेदार रहने वाला है। बढ़िया केबिन और बूट स्पेस मिलेगा। विजन सीरीज की ये गाड़ियां हल्की और सेफ्टी के मामले में सर्वोत्तम जैसी होंगी। इनमें Sci-Fi टेक्नॉलाजी के साथ ही NU_UX सिस्टम गाड़ी चलाना आसान बनाएगा। ये SUV फ्रंट व्हील ड्राइव (FWD) और ऑल व्हील ड्राइव (AWD) दोनों में उपलब्ध होंगी। लेफ्ट और राइट हैंड ड्राइव दोनों तरह से बनाई जा सकती हैं।

विजन एस का मतलब नई स्कॉर्पियो का दमदार अपग्रेड

- Vision S स्कॉर्पियो लाइन का हिस्सा है। चौकोर आकार के बॉक्सी शेप के साथ इसमें आधुनिक फ्लश डोर हैंडल, एल आकार की एलईडी लाइटिंग और छत पर लगे लैंप हैं, जो इसे ऑफ रोड के लिए नया और समकालीन लुक देते हैं।

विजन एसएक्सटी थार रॉक्स का नया वर्जन है

- Vision SXT काफी कुछ Vision T जैसी दिखती है। इसमें ट्रक जैसा केबिन दिया गया है। पिकअप-स्टाइल लोडिंग बे है, जिसमें दो स्पेयर टायर्स के लिए जगह है, जो इसे एक एडवेंचर केंद्रित, बहुउद्देश्यीय लुक और फॉर्म फैक्टर देता है।

थार-ई का अगली पीढ़ी के लिए विकास है विजन टी

Vision T मूल रूप से 2023 थार-ई का विकास है, जो अगली पीढ़ी के लिए थार को एक बॉक्सी, सैन्य-प्रेरित रुख, ऊर्ध्वाधर ग्रिल और मजबूत ऑफ रोड हार्डवेयर के साथ पेश करता है, इसमें चंकी टायर और एक प्रमुख पीला टो हुक है।

विजन एक्स में XUV 3XO और 500 का स्टाइलिश रूप

- Vision X सब-फोर-मीटर एसयूवी है। इसका डिजाइन स्पोर्टी, क्रासओवर जैसा है। इसमें शार्प जियोमेट्रिक पैनल, ग्लॉस ब्लैक व्हील आर्च, और कनेक्टेड एलईडी टेल लैंप और स्लीक डीआरएल के साथ एक ढलान वाली रूफलाइन दी गई है।

इतिहास और विकास के मील पत्थर जैसे कारों के लोगो

कारों के लोगो सिर्फ डिजाइन, ब्रांड के प्रतीक या सजावट जैसे नहीं होते हैं। ये सांस्कृतिक कलाकृतियों जैसे हैं, जो विरासत और गौरवशाली इतिहास के साथ अपनी विकास गाथा सुनाते हैं। ऑटोमोटिव पहचान की यात्रा में कारों के लोगो मील के पत्थर जैसे हैं। मर्सिडीज का स्टार हो या लैम्बोर्गिनी का बैल अथवा हुंडई का घुमावदार एच, ये प्रतीक रचनाकारों की दूरदर्शिता तथा मूल्यों को दर्शाते हैं। ब्रांड के प्रति लोगों की भावनाएं जगाते हैं, पहचान बनाकर भरोसा पैदा करते हैं। कार कंपनियां भी लोगो के जरिए न सिर्फ अपनी प्रतिष्ठा बनाती हैं, बल्कि संदेश देती हैं। इसके चलते ही ये लोगो हमारे साथ इतनी गहराई से घुल मिल गए हैं कि हम इन्हें देखते ही न सिर्फ पहचान जाते हैं, बल्कि कंपनियों के विशिष्ट गुणों से भी जोड़ लेते हैं।

रोल्स रॉयस विलासिता की प्रेम कथा

- हर रोल्स रॉयस कार के बोनट पर लगी मूर्ति 'स्पिरिट ऑफ एक्स्टसी' एक महिला का प्रतिनिधित्व करती है, जिसे प्यार से द फ्लाइंग लेडी के नाम से भी जाना जाता है। यह खूबसूरत आकृति 20वीं सदी की शुरुआत में बनी थी। इसमें एक महिला आगे की ओर झुकी हुई है और उसके हाथ ऊपर की ओर फैले हुए हैं। इस अवस्था में उसके कपड़ों का आकार पंखों जैसा है। रोल्स रॉयस का यह लोगो एक शताब्दी से ज्यादा समय से विलासिता, शान और खामोशी का प्रतीक बना हुआ है।

मर्सिडीज बेंज का सिल्वर एरो

- मर्सिडीज बेंज का तीन नुकीला सितारा सबसे ज्यादा पहचाने जाने वाले प्रतीकों में से एक है। सिल्वर एरो की कहानी इस प्रतीक के पीछे छिपी रेसिंग विरासत को दर्शाती है। 1880 के दशक में गॉटलिब डेमलर द्वारा निर्मित तीन नुकीले तारे का उद्देश्य कंपनी की जमीन, समुद्र और हवा में परिवहन के क्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित करने की महत्वाकांक्षा का प्रतीक था। उन्होंने कहा भी था कि एक दिन यह तारा हमारी विजयी फैक्ट्रियों पर चमकेगा।

ऑडी के चार रिंग चार इतिहास

- ऑडी के चार इंटरलॉकिंग रिंग जर्मन ऑटोमोटिव उद्योग में एकता और सहयोग की कहानी बताते हैं। प्रत्येक रिंग उन चार कंपनियों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है जिनका 1932 में विलय होकर ऑटो यूनियन एजी बनी। यह विलय महामंदी की आर्थिक चुनौतियों का जवाब था। अपने संसाधनों और विशेषज्ञता को मिलाकर, इन चार कंपनियों ने जर्मनी के सबसे सफल ऑटोमोटिव समूहों में से एक का निर्माण किया। ये आपस में जुड़ी हुई रिंग्स उसी ताकत का प्रतीक हैं।

टेस्ला इलेक्ट्रिक क्रांति का उद्घोष

- टेस्ला का लोगो ऑटोमोटिव डिजाइन में एक नए युग का प्रतीक है। साफ-सुथरा, न्यूनतम, और उनके वाहनों को शक्ति प्रदान करने वाली तकनीक से गहराई से जुड़ा हुआ। हालांकि कई लोग मानते हैं कि 'T' का मतलब सिर्फ टेस्ला है, लेकिन एलन मस्क के अनुसार यह लोगो एक इलेक्ट्रिक मोटर के क्रॉस-सेक्शन को दर्शाता है, जो कंपनी के नामधारी निकोला टेस्ला द्वारा डिजाइन किए गए मूल एसी मोटर डिजाइन से प्रेरित है। ऊपर का वक्र स्टेटर (मोटर का स्थिर भाग) दर्शाता है, जबकि ऊर्ध्वाधर रेखा रोटर (घूमने वाले भाग) को दर्शाती है।

टोयोटा के भरोसा जगाते तीन वृत्त

- टोयोटा का लोगो देखने में भले ही साधारण लगे, लेकिन इसमें कंपनी के दर्शन और मूल्यों का गहरा अर्थ छिपा है। तीन अतिव्यापी दीर्घवृत्त ग्राहक के हृदय, कंपनी के हृदय और उन्हें एक साथ लाने वाले तकनीकी नवाचार का प्रतिनिधित्व करते हैं। आंतरिक दीर्घवृत्त टोयोटा के लिए एक 'T' बनाते हैं, जबकि उनका अतिव्यापन कंपनी और उसके ग्राहकों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध दर्शाता है। बाहरी दीर्घवृत्त टोयोटा की वैश्विक पहुंच और दुनिया द्वारा उनके उत्पादों को अपनाने का प्रतीक है।

होंडा के लोगो में हुए कई परिवर्तन

होंडा के लोगो में कई परिवर्तन और डिजाइन आए, लेकिन 'H' हमेशा बना रहा। 1960 के दशक की शुरुआत में होंडा के पहले लोगो में बरगंडी रंग की पृष्ठभूमि के नीचे H और Honda लिखा था। 'H' ऊपर से चौड़ा और नीचे से पतला था। 2000 के लोगो ने डिजाइन में ज्यादा रंग और बनावट ला दी। अब इस प्रतीक में 3D सिल्वर डिजाइन है जो क्लासिक 'H' डिजाइन में नया आयाम जोड़ती है। टाइपफेस पुराना है, लेकिन इसमें लाल रंग का इस्तेमाल है।

हुंडई हाथ मिलाने व आगे बढ़ने की दास्तां

हुंडई का लोगो हमेशा से स्टाइलिश 'H' नहीं था। 1967 में कंपनी की स्थापना के बाद से इसकी पहचान में कई बदलाव आए हैं। जब हुंडई ने ऑटोमोटिव क्षेत्र में प्रवेश किया, तो लोगो 'HYUNDAI' था, लेकिन कंपनी वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनी तो लोगो बदल गया। अब हुंडई में अंडाकार फ्रेम में 'H' लिखा है। इसे आगे की गति का एहसास दिलाने के लिए झुकाया गया है। यह दो लोगों को हाथ मिलाते हुए भी दर्शाता है, जो कोरियाई भाषा में 'हुंडई' शब्द से मेल खाता है।

फेरारी का उछलता घोड़ा

- पीले रंग की पृष्ठभूमि पर काला घोड़ा युद्ध, क्षति और श्रद्धांजलि की एक ऐसी कहानी समेटे हुए है जो इसे इतालवी संस्कृति के लिए बेहद खास बनाती है। यह प्रतीक मूल रूप से प्रथम विश्व युद्ध के दौरान इटली के शीर्ष लड़ाकू विमान काउंट फ्रांसेस्को बाराका का था। जिसने 34 हवाई जीतों में साथ दिया। फेरारी ने यह प्रतीक चिन्ह तो अपना लिया, लेकिन काले घोड़े को पीले रंग की पृष्ठभूमि पर कर दिया जो फेरारी के गृहनगर मोडेना के रंगों का प्रतिनिधित्व करता था। एंजो फेरारी ने इसे पहली बार 1932 में फेरारी कारों पर इस्तेमाल किया।

बीएमडब्ल्यू झंडे की पहचान

बीएमडब्ल्यू का विशिष्ट गोलाकार चिह्न ऑटोमोटिव जगत में काफी गफलत वाले लोगो में से एक है। कई लोग मानते हैं कि यह घूमते हुए विमान के प्रोपेलर का प्रतीक है, लेकिन यह मिथक है, वास्तव में बीएमडब्ल्यू का लोगो बवेरिया के झंडे का प्रतिनिधित्व करता है, वह जर्मन राज्य जहां कंपनी की स्थापना हुई थी। नीले और सफेद रंग का चौथाई डिजाइन बवेरिया के झंडे से लिया गया है। काला बाहरी घेरा रैप मोटोरेनवेर्के से विरासत में मिला है, जो विमान इंजन बनाने वाली कंपनी है और जिससे बीएमडब्ल्यू का विकास हुआ।

लेम्बोर्गिनी का सांड़, ताकत बेमिसाल

लेम्बोर्गिनी के बैल की कहानी व्यक्तिगत और ज्योतिषीय दोनों है। कंपनी के संस्थापक, फेरुशियो लेम्बोर्गिनी, वृषभ राशि में पैदा हुए थे, जिसका प्रतिनिधित्व बैल करता है। वह स्पेनिश बुलफाइटिंग के जबरदस्त प्रशंसक थे और अपने फार्म में लड़ाकू सांड़ पालते थे। सांड का शक्तिशाली और आक्रामक रुख उस चरित्र का बखूबी प्रतिनिधित्व करता था जो लेम्बोर्गिनी अपनी कारों में चाहते थे, अपरिष्कृत शक्ति, दृढ़ संकल्प, और लड़ाई से पीछे हटने की अनिच्छा।

पोर्श गौरव व इतिहास की झलक

पोर्श का लोगो हेराल्डिक डिजाइन का उत्कृष्ट नमूना है जो जर्मनी के स्टटगार्ट में कंपनी की जड़ों को श्रद्धांजलि देता है। इसके प्रतीक चिन्ह में स्टटगार्ट शहर और वुर्टेमबर्ग राज्य, दोनों के तत्वों का समावेश है, जिससे एक ऐसा लोगो बनता है जो क्षेत्रीय गौरव और ऐतिहासिक महत्व से भरपूर है। बीच में स्थित काला घोड़ा स्टटगार्ट का प्रतीक है, जिसका नाम स्टुटेनगार्टन से आया है, जिसका अर्थ है, घोड़ी का बगीचा। सींगों वाली लाल और काली धारियां वुर्टेमबर्ग के राज्यचिह्न का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो पूर्व जर्मन राज्य है जहाँ स्टटगार्ट स्थित है।

आईएचसीएल की बाजारों पहुंच के लिए अधिग्रहण पर विचार

नई दिल्ली। देश की आतिथ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) मौजूदा बाजारों में पहुंच बढ़ाने और यूरोप तथा दक्षिण पूर्व एशिया के चुनिंदा गंतव्यों में प्रवेश करने के लिए रणनीतिक अधिग्रहण पर विचार कर रही है। कंपनी के सीईओ पुनीत चटवाल ने बताया कि टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी अपने प्रमुख ब्रांड ताज के लिए व अधिक भौतिक संपत्ति का अधिग्रहण नहीं करेगी।

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार, 25 अगस्त 2025

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

बीपीसीएल ने प्रतिद्वंद्वियों से किया बेहतर प्रदर्शन

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों ने जून तिमाही में अच्छा मुनाफा दर्ज किया। खुदरा कीमतों के स्थिर रहने से पेट्रोल और डीजल के मार्जिन में बढ़ोतरी हुई और पहले के बचे हुए भंडार पर घाटे की भरपाई हो गई। कंपनियों द्वारा शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने 2025-26 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 16,184 करोड़ रुपये का कुल लाभ दर्ज किया। यह आंकड़ा सालाना आधार पर ढाई गुना से भी अधिक है। इन तीनों कंपनियों में बीपीसीएल 6,124 करोड़ रुपये के लाभ के साथ सबसे आगे रही।

क्रेडिट कार्ड कारोबार नए सिरे से बढ़ाएगा पीएनबी

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) अपनी अन्य आय बढ़ाने के लिए नवंबर से क्रेडिट कार्ड परिचालन को नए सिरे से बढ़ाने की योजना बना रहा है। बैंक को उम्मीद है कि उस समय तक उसका नया आईटी बुनियादी ढांचा तैयार हो जाएगा। बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्रा ने बताया कि क्रेडिट कार्ड बाजार में पीएनबी प्रभावशाली स्थिति में नहीं है, हालांकि इसकी विशेषताएं बाजार में मौजूद किसी भी अन्य कार्ड के बराबर हैं। हमने क्रेडिट कार्ड विभाग को मजबूत किया है और व्यवसाय के लिए एक महाप्रबंधक को प्रभारी नियुक्त किया है। हम व्यवसाय को सहयोग देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे को भी बढ़ा रहे हैं। क्रेडिट कार्ड कारोबार में व्यापक बदलाव हो रहे हैं।

टायर उद्योग में 7-8% वृद्धि की संभावना

नई दिल्ली। भारत के टायर उद्योग में चालू वित्त वर्ष के दौरान 7-8% की बढ़ोतरी का अनुमान है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, यह वृद्धि मुख्य रूप से 'रिप्लेसमेंट डिमांड' यानी पुराने टायरों को बदलकर नए टायर खरीदने की बढ़ती मांग के कारण हो रही है। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के एमडी अंशुमान सिंघानिया और अपोलो टायर्स के सीएफओ गौरव कुमार ने कहा कि लोगों के पुराने टायरों के बदलने से 7-8% की वृद्धि की संभावना है। वहीं टायरों का निर्यात 2024-25 में 25,000 करोड़ से अधिक हुआ है।

फेडरल के फैसले से बदलेगी बाजार की गति

विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक और आर्थिक आंकड़े तय करेंगे रुझान

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की संभावना से घरेलू शेयर बाजार में आशावाद बढ़ सकता है। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों का ध्यान भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क लगाने की समयसीमा नजदीक आने पर भी है। वहीं, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, वैश्विक रुझानों और व्यापक आर्थिक आंकड़ों से इस सप्ताह शेयर बाजार के रुझान तय होंगे। बुधवार को गणेश चतुर्थी से शेयर बाजार बंद रहेंगे।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों से कुछ समर्थन मिलने की संभावना है, क्योंकि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अपने भाषण में ब्याज दरों में संभावित कटौती का संकेत दिया है, जिसके बाद अमेरिकी बाजारों में उछाल आया और डॉलर सूचकांक कमजोर हुआ। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि एक अन्य कारक भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त 25% शुल्क लगाने की अमेरिकी योजना से संबंधित 27 अगस्त की समय सीमा होगी। स्पष्टता के अभाव में एफआईआई की भागीदारी कम रह सकती है। साथ ही



- सकारात्मक वैश्विक संकेतों से कुछ समर्थन मिलने की संभावना

अमेरिका, चीन और भारत के व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को तेज बढ़त के साथ बंद हुए। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.89%, नैस्डैक कंपोजिट 1.88% और एसएंडपी 500 1.52% चढ़ा।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के जैक्सन हॉल भाषण से सितंबर में ब्याज दरों में कटौती का संकेत मिलता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि हमें उम्मीद है कि जीएसटी 2.0 सुधारों और घरेलू स्तर पर व्यापक आर्थिक मजबूती को लेकर आशावाद से भारतीय शेयर बाजारों को समर्थन मिलता रहेगा। वैश्विक स्तर पर भारत के खिलाफ अमेरिकी शुल्क कार्रवाई पर स्पष्टता आने और भारत तथा अमेरिका, दोनों के जीडीपी आंकड़े निवेशकों की धारणा को आकार देंगे।

शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.72 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1,72,148 .89 करोड़ रुपये बढ़ा। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा बढ़त के साथ शीर्ष पर रही। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 709 .19 अंक या 0 .87 प्रतिशत उछला। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस को लाभ हुआ। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के मूल्यांकन में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

एफपीआई ने बाजार से निकाले 6,455 करोड़

मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त में भारतीय बाजार से 6,455 करोड़ रुपये की निकासी की है। एफपीआई एक तरफ जहां इक्विटी में बिकवाली कर रहे हैं वहीं वे डेट और म्यूचुअल फंड खरीद रहे हैं। सीडीएसएल के अनुसार, एफपीआई ने 22 अगस्त तक शुद्ध रूप से 22,040 करोड़ की इक्विटी बेची है। डेट में उनका निवेश 14,073 करोड़ बढ़ गया है। हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट में उन्होंने 63 करोड़ लगाए हैं। म्यूचुअल फंड में उन्होंने 1,449 करोड़ की लिवाली की। तीसरा महीने से एफपीआई बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। इस साल मार्च और मई को छोड़कर शेष सभी महीनों में एफपीआई ने बाजार से निकासी की है। पूरे वर्ष में एफपीआई ने पूंजी बाजार से 57,859 करोड़ रुपये निकाले हैं।

सीआईआई ने विकसित भारत के लिए पेश किया सुधारों का खाका

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग मंडल सीआईआई ने रविवार को भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार का खाका पेश किया है। इसमें सरलीकृत जीएसटी संरचना, गैर-रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण, युक्ति संगत शुल्क संरचना, विवादों के शीघ्र समाधान, राष्ट्रीय रोजगार और गिग अर्थव्यवस्था नीतियों पर जोर दिया गया है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने अपनी रिपोर्ट 'प्रतिस्पर्धी भारत के लिए नीतियां' में 14 महत्वपूर्ण सुधार क्षेत्रों में 250 से अधिक सिफारिशें की हैं। इसमें कहा गया कि उद्योग जगत के प्रमुखों, अर्थशास्त्रियों और नीति विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श के जरिये विकसित यह खाका सरकार के विकसित भारत के नजरिये के अनुरूप है। सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने कहा कि ये सिफारिशें सरकार के सुधारों के साथ निकटता से जुड़ी हैं और प्रधानमंत्री के साहसिक एवं रूपांतरकारी बदलाव के आह्वान का समर्थन करती हैं। जीवंत दस्तावेज के रूप में एक प्रतिस्पर्धी भारत के लिए नीतियां लगातार विकसित होती रहेंगी और नीति निर्माताओं के समर्थन में नए विचार लेकर आएंगी।

सुधार के क्षेत्रों में राजकोषीय सूझबूझ, मुद्रास्फीति प्रबंधन और आधुनिक सांख्यिकीय प्रणालियां, गैर-रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रमों

- भारतीय उद्योग परिसंघ ने अपनी रिपोर्ट में 14 महत्वपूर्ण सुधार क्षेत्रों में 250 से अधिक सिफारिशें कीं

का निजीकरण, एक संप्रभु धन कोष का निर्माण, छोटे उल्लंघनों का गैर-अपराधीकरण, समयबद्ध अनुमोदन, एकल-खिड़की मंजूरी और दूसरी पीढ़ी के आईबीसी सुधार, सुव्यवस्थित श्रम संहिताएं, न्यूनतम वेतन रूपरेखा और त्वरित विवाद समाधान शामिल हैं। उद्योग मंडल ने ऊर्जा नीति सुधारों की भी सिफारिश की है, जिनमें प्रतिस्पर्धी शुल्क, क्रॉस-सब्सिडी यानी एक की कीमत पर दूसरे को सब्सिडी की व्यवस्था समाप्त करने, मजबूत पारेषण नेटवर्क, परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी और हरित हाइड्रोजन खाका शामिल हैं।

रिपोर्ट में विस्तारित वाणिज्यिक अदालतों, मध्यस्थता परिषदों और मजबूत न्यायाधिकरण के माध्यम से विवादों के त्वरित समाधान का भी सुझाव दिया है। सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष और जवाबी शुल्क पर कार्यबल के चेयरमैन संजीव बजाज ने कहा, जैसे-जैसे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, उसे अब वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए इस सुधार एजेंडे में और तेजी लानी होगी।

निर्यात बढ़ाने को 25,000 करोड़ देगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत वर्ष 2025 से 2031 तक के लिए निर्यातकों को 25,000 करोड़ रुपये की सहायता देने वाले उपायों पर विचार कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य निर्यातकों को आसान और किफायती ऋण उपलब्ध कराना है।

वाणिज्य मंत्रालय ने यह प्रस्ताव वित्त मंत्रालय की व्यय वित्त समिति (ईएफसी) के पास भेजा है। यदि इन उपायों को मंजूरी मिलती है, तो ये भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न होने वाली वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने

में मदद कर सकते हैं। ईएफसी से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद वाणिज्य मंत्रालय केंद्रीय मंत्रिमंडल से संपर्क करेगा। प्रस्तावित मिशन का उद्देश्य छह वर्षों (2025-31) में व्यापक, समावेशी और टिकाऊ निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देना है। इसके तहत पारंपरिक तरीकों से आगे जाकर उन प्रमुख बाधाओं को दूर करने के नए उपाय खोजे जाएंगे, जिनका सामना भारतीय निर्यातक खासकर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) करते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, इस मिशन को दो उप-योजनाओं के जरिए लागू करने का प्रस्ताव है, जिसमें 'निर्यात प्रोत्साहन' (10,000 करोड़ से अधिक) और 'निर्यात दिशा' (14,500 करोड़ से अधिक) शामिल हैं। सरकार 'निर्यात प्रोत्साहन' योजना के तहत जिन मुख्य बातों पर विचार कर रही है, उनमें अगले छह वित्त वर्षों (2025-2031) के लिए 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज समानीकरण समर्थन शामिल है।

फेड की कटौती बदल सकती है सोना की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने की कीमतें अभी कुछ समय तक सीमित दायरे में रह सकती हैं, लेकिन अमेरिकी केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) के सितंबर में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दर कम करने की उम्मीदों के बीच कुल मिलाकर सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है।

विश्लेषकों ने कहा कि व्यापारी दूसरी तिमाही की जीडीपी और पीसीई (व्यक्तिगत खपत व्यय) महंगाई दर जैसे अमेरिका के कुछ प्रमुख आर्थिक आंकड़ों और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों के बयानों पर बारीकी से नजर रखेंगे। इन जानकारियों से

- ब्याज दर कम करने की उम्मीदों के बीच सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना

उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अमेरिकी बैंक की मौद्रिक नीति क्या होगी और सोने के बाजार की दिशा क्या रहेगी। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि सोने की कीमतें भले ही कुछ समय के लिए स्थिर रहें, लेकिन उनका रुझान सकारात्मक रहने की उम्मीद है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों से सितंबर की बैठक में ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई हैं। निवेशक भू-राजनीतिक और व्यापार से जुड़ी घटनाओं पर भी नजर बनाए रखेंगे। मेर ने कहा कि बाजार रूस-

यूक्रेन शांति प्रक्रिया और 27 अगस्त से भारत पर रूस से तेल खरीद पर लगाई जाने वाले अतिरिक्त शुल्क के लागू होने पर बारीकी से नजर रखेंगे। पिछले सप्ताह, सोने ने मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया और 956 रुपये (एक प्रतिशत) की बढ़त के साथ 1,00,391 रुपये तक गया। यह बढ़त अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा जैक्सन होल संगोष्ठी में मौद्रिक नीति में संभावित बदलाव के संकेत देने के बाद देखी गई, जहां उन्होंने संकेत दिया कि केंद्रीय बैंक दिसंबर के बाद पहली बार जल्द ही ब्याज दरों में कटौती कर सकता है।

राष्ट्रीय

सदन के सत्र को चलने नहीं देना ठीक नहीं

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा- संसद या विधानसभाएं चर्चाओं और परिचर्चाओं के स्थान

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि संसद या विधानसभाएं चर्चाओं और परिचर्चाओं के स्थान हैं, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सत्र को चलने नहीं देना ठीक नहीं है। शाह ने यह टिप्पणी ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस में की।

तीन दिन पहले संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों के बाद बार-बार व्यवधान और स्थगन से बहुत कम कामकाज हो पाया। गृह मंत्री ने कहा कि जब संसद में सीमित चर्चा-परिचर्चा होती है, तो राष्ट्र निर्माण में सदन का योगदान प्रभावित होता है। लोकतंत्र में चर्चा-परिचर्चा होनी ही चाहिए, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सदन को चलने न दिया जाए, यह ठीक नहीं है। शाह ने कहा कि विपक्ष को हमेशा संयमित रहना चाहिए। विरोध

दिल्ली विस में अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह, किरेन रीजीजू, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, विजेंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

जताने के नाम पर अगर सदन को दिन-प्रतिदिन या सत्र-दर-सत्र चलने नहीं दिया जाएगा, तो यह ठीक नहीं है। देश को इस पर विचार करना होगा, लोगों को इस पर विचार करना होगा और निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस पर विचार करना होगा। शाह ने कहा कि सभी परिचर्चाओं में कुछ न कुछ सार्थकता होनी चाहिए और सभी को अध्यक्ष पद की गरिमा व सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें जनता के मुद्दों को उठाने को लेकर एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के तर्क निष्पक्ष होने चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन का संचालन संबंधित सदन के नियमों और विनियमों के अनुसार हो।

हस्तिनापुर में महाभारत की पात्र द्रौपदी के अपमान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ है, देश को भयावह परिणाम देखने को मिले हैं। गृह मंत्री ने स्वतंत्रता के बाद से भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की सराहना की और कहा कि यहां लोकतंत्र की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सत्ता बदलने के दौरान यहां खून की एक बूंद भी नहीं गिरी है, जबकि कई देशों में लोकतांत्रिक स्थिति समय बीतने के साथ-साथ खराब होती गई। उन्होंने कहा कि यदि संसद या विधानसभाओं में चर्चा नहीं होगी तो ये इमारतें बेजान बनी रहेंगी। उन्होंने कहा, "अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी सदस्य इन भवनों में विचार व्यक्त करते हैं, तभी यह एक जीवंत इकाई बनती है, जो देश और राज्यों के हित में काम करती है।

स्पीकर को अभिभावक के साथ-साथ सेवक भी बताते हुए शाह ने कहा कि लोकतंत्र में लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए विचार-मंथन सबसे अच्छा तरीका है।

कानून का उद्देश्य हमेशा जनता का कल्याण

शाह ने कहा कि किसी भी कानून का उद्देश्य हमेशा जनता का कल्याण, देश का समावेशी विकास, प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करना, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा होना चाहिए। शाह ने केंद्रीय विधान सभा के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि 100 वर्ष पहले आज ही के दिन, महान स्वतंत्रता सेनानी विट्ठलभाई पटेल को केंद्रीय विधान सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिससे भारत के विधायी इतिहास की शुरुआत हुई। शाह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के भाई विट्ठलभाई पटेल का योगदान समय के साथ फीका पड़ गया। उन्होंने कहा, ''अगर देश का स्वतंत्रता संग्राम महत्वपूर्ण था, तो देश चलाना और विधायी प्रक्रियाएं स्थापित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विट्ठलभाई पटेल ने कठिन समय में भी लोकतंत्र की स्थापना और उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

केवल आधार से कोई मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हो सकता : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने रविवार को विपक्ष पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट ने यह नहीं कहा कि सिर्फ आधार ही मतदान का अधिकार पाने के लिए वैध दस्तावेज हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि बिहार में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बाहर किए गए मतदाता अन्य दस्तावेजों के साथ आधार जमा कर सकते हैं।

भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि आधार केवल पहचान और निवास का प्रमाण है, परंतु यह नागरिकता स्थापित नहीं करता। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहीं भी यह नहीं कहा कि एसआईआर के लिए वैध दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जाए। विपक्ष इस मुद्दे पर दुष्प्रचार कर रहा है।

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश का दुष्प्रचार करने का भाजपा ने विपक्ष पर लगाया आरोप

उन्होंने कहा कि अधिनियम कहता है यदि कोई व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं है, न्यायालय द्वारा उसे विक्षिप्त घोषित करने या चुनाव में भ्रष्ट आचरण या अपराधों से संबंधित कानून के तहत अयोग्य है, तो उसे मतदाता सूची में पंजीकरण से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। आधार अधिनियम कहता है कि यह केवल पहचान और निवास का प्रमाण है, न कि यह नागरिकता स्थापित करता। निर्वाचन आयोग से आधार को स्वचालित मतदाता नामांकन के लिए दस्तावेज के रूप में शामिल करने का अनुरोध करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 और आधार अधिनियम को निरर्थक बनाता है। असल में, इसी पीठ ने 12 अगस्त को यह व्यवस्था दी थी कि आधार नागरिकता साबित करने के लिए कानूनी दस्तावेज नहीं है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो नहीं कहा उसे उसके द्वारा कही गई बात बताना उसकी अवमानना करना है। एसआईआर बरकरार है, केवल आधार आपका नाम सूची में शामिल नहीं करा सकता, फर्जी, बांग्लादेशी और रोहिंग्या के साथ मृतकों के नाम हटाए जाएंगे तथा अगली सरकार केवल भारतीय नागरिक ही चुनेंगे - विदेशी नहीं।

मालवीय ने दावा किया कि बिहार में मसौदा मतदाता सूची से हटाए 65 लाख नामों में फर्जी, मृत, बांग्लादेशी और रोहिंग्या नाम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हटाए नामों की सूची प्रकाशित करने को कहा ताकि प्रभावित आवेदन कर सकें, लेकिन अब तक 84,305 आपत्तियां दर्ज की गई हैं, जो कुल हटाए नामों का मुश्किल से 1.3 प्रतिशत है।

जम्मू-कश्मीर: पेपर लीक के आरोपों पर एसएसबी परीक्षा रद्द

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में रविवार को भर्ती परीक्षा को प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद रद्द कर दिया गया। राजनीतिक दलों ने इसको लेकर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया।

जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) ने लिखित परीक्षा रद्द करने की घोषणा करते हुए कहा कि यह परीक्षा नए सिरे से होगी। जेकेएसएसबी ने कहा, ओएमआर-आधारित लिखित परीक्षा रविवार पूर्वाह्न 11 बजे से जम्मू और श्रीनगर के 35 स्थलों पर होनी थी। मौसम से, समय दोपहर 12 बजे कर दिया गया। परीक्षा 34 स्थलों पर हुई, एक स्थल पर नहीं हो सकी।

जम्मू-कश्मीर में बारिश से बाढ़ पठानकोट राजमार्ग पर पुल गिरा

जम्मू/श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में रात भर हुई भारी बारिश से कई निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। वहीं, जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पुल गिर गया। जम्मू में 24 घंटों में सुबह 8.30 बजे तक 190.4 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई। अगस्त में अब तक हुई इस तरह की बारिश सदी में दूसरी बार हुई है।

अगस्त में सबसे अधिक बारिश 228.6 मिमी रही, जो 1926 में हुई थी, जबकि 2022 में 189.6 मिमी बारिश हुई थी। अधिकारियों ने लोगों को जलाशयों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने के लिए परामर्श जारी किया है, क्योंकि 27 अगस्त

भारी बारिश से जम्मू पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग का एक पुल क्षतिग्रस्त।

तक मध्यम से तीव्र बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन का पूर्वानुमान है। जम्मू में भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान (आईआईआईएम) के 45 विद्यार्थियों को एसडीआरएफ और पुलिस के संयुक्त अभियान में सुरक्षित निकाल लिया गया।

आवासीय स्कूल में आग लगने से आठ वर्षीय छात्र की मौत

ईटानगर। अरुणाचल के शि-योमी जिले में शनिवार देर रात सरकारी आवासीय स्कूल में आग लगने से तीसरी कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई और तीन छात्र घायल हो गए।

शि-योमी के एसपी एस के थोंगडोक ने बताया कि घटना पापिकुरुंग आवासीय विद्यालय में लड़कों के छात्रावास में देर रात दो बजे हुई। चांगो गांव निवासी एवं तीसरी कक्षा के आठ वर्षीय छात्र ताशी जेम्पेन की मौत हो गई है। घायलों में लुखी पुजेन (8), तनु पुजेन (9) और तायी पुजेन (11) है। 85 किमी दूर जिला अस्पताल ले जाया गया था जहां से उन्हें पश्चिम सियांग के आलो स्थित जोनल जनरल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

ईसी-भाजपा में साझेदारी, एसआईआर वोट की संस्थागत चोरी

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर लगाए ईसी से साझेदारी के आरोप

अररिया, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को निर्वाचन आयोग पर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के साथ साझेदारी करने का आरोप लगाया और कहा कि वह बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर होने वाली संस्थागत वोट चोरी को नाकाम करेंगे।

पखवाड़े भर चलने वाली वोटर अधिकार यात्रा के एक सप्ताह बाद, गांधी इसे मिली प्रतिक्रिया से प्रसन्न दिखे और दावा किया कि लोग स्वाभाविक रूप से, बिना कहे इसमें भाग ले रहे हैं और वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा अब छह साल के बच्चों की जुबान पर भी है। राहुल गांधी ने यात्रा के दूसरे चरण का समापन अररिया जिले में किया। वह निकटवर्ती पूर्णिया से एक बाइक रैली के साथ पहुंचे थे। रैली पहले से तय नहीं

बिहार में मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान बाइक चलाते कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव।

थी। यात्रा अब मंगलवार को फिर से शुरू होगी। गांधी ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने के सवाल को टाल दिया, जबकि यादव ने अगले लोकसभा चुनाव के बाद गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की हाल में खुली वकालत की थी। गांधी ने कहा, गठबंधन के सहयोगी मिलकर काम कर रहे हैं। हम मिलकर चुनाव लड़ेंगे और नतीजे अच्छे होंगे।

वोट चोरी के बाद सत्ता चोरी में जुटी भाजपा : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा गिरफ्तारी को हथियार बनाकर 30 दिनों में विपक्षी सरकारों को गिराने और लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक लाकर वोट चोरी के बाद अब सत्ता चोरी में जुटी है। खरगे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने के प्रावधान वाले विधेयक नागरिकों से अपनी सरकार चुनने या हटाने का अधिकार छीन लेते हैं तथा यह शक्ति ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं को दे देते हैं। यह लोकतंत्र पर बुलडोजर चलाने जैसा है। खरगे ने इंदिरा भवन में हरियाणा और मध्यप्रदेश की जिला कांग्रेस समितियों (डीसीसी) के नवनियुक्त अध्यक्षों के साथ बैठक में यह टिप्पणी की।

- पीएम, सीएम, मंत्रियों को हटाने वाले विधेयकों पर बोले कांग्रेस अध्यक्ष

वर्ल्ड ब्रीफ

नाइजीरिया: हमले में 35 इस्लामी चरमपंथी ढेर

अबुजा। नाइजीरिया की सेना ने देश के उत्तर-पूर्वी इलाके में हवाई हमलों में कम से कम 35 संदिग्ध चरमपंथियों को ढेर कर दिया। नाइजीरिया इस समय चरमपंथ और फिर से सक्रिय हो रहे आतंकवादी संगठन बोको हराम के खतरे का सामना कर रहा है। नाइजीरिया की वायुसेना के प्रवक्ता एहिमेन एजोडामे के अनुसार, ये हवाई हमले कैमरून की सीमा से सटे बोर्नो प्रांत के कुम्शे क्षेत्र में चार ठिकानों पर किए गए। एजोडामे ने कहा कि इलाके में तैनात सैनिकों पर हमले की कोशिशों के बाद चरमपंथी कुम्शे क्षेत्र में इकट्ठा हो गए थे। उन्होंने कहा, इस अभियान के बाद सैनिकों से संपर्क फिर से स्थापित किया गया और उन्होंने बताया कि वहां हालात अब स्थिर हैं।

भारत पहुंचने पर फिजी के पीएम का स्वागत

नई दिल्ली। फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका का रविवार सुबह यहां पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राबुका और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कहा,फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका की यह यात्रा विभिन्न क्षेत्रों मे दोनों देशों की साझेदारी को और प्रगाढ़ करेगी। राबुका के साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी आई हैं। उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु शामिल हैं।

टैरिफ: भारतीय राजदूत अमेरिकी सांसदों से मिले

न्यूयॉर्क। भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने भारत और अमेरिका के बीच जारी शुल्क तनाव के मध्य अमेरिकी सांसदों के साथ निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों पर चर्चा की। भारतीय राजदूत ने पिछले 24 घंटों में चार अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की। वह नौ अगस्त से अब तक 23 सांसदों से मिल चुके हैं। क्वात्रा ने शनिवार को सांसद जो कोर्टनी से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी का समर्थन करने के लिए आभार जताया।

ईरानी सेना ने मार गिराए छह आतंकवादी

तेहरान। ईरान में सेना ने दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में आतंकवादियों के एक समूह पर हमला कर उसके छह सदस्यों को मार गिराया और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया है। ईरान के खुफिया मंत्रालय की वेबसाइट पर पोस्ट एक बयान के अनुसार, आतंकवादी समूह के सदस्य जिनमें सात गैर-ईरानी नागरिक शामिल थे, पिछले दिनों देश की पूर्वी सीमा से ईरान में घुस आए थे और खतरनाक और लक्षित आतंकवादी अभियान चलाने की कोशिश कर रहे थे।

जोहानिसबर्ग में धूमधाम से मना भारत दिवस समारोह

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

- वैश्विक आतंकवाद से निपटने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर

जोहानिसबर्ग में 'इंडिया क्लब' ने शनिवार को 16वां वार्षिक भारत दिवस समारोह आयोजित किया जिसमें वैश्विक आतंकवाद से निपटने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया।

'इंडिया क्लब' प्रवासी भारतीयों का एक संगठन है जिसकी स्थापना भारत से जुड़े कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने के लिए 16 वर्ष पहले की गई थी। इनमें से मुख्य कार्यक्रम- भारत दिवस कार्यक्रम है। इस बार आयोजित भारत दिवस समारोह में हजारों लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारत के कई राज्यों से आए प्रवासियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और दक्षिण अफ्रीका में मौजूद भारतीय कंपनियों ने विभिन्न स्टॉल पर अपने उत्पाद प्रदर्शित किए।

दक्षिण अफ्रीका के वाणिज्यिक केंद्र सैंडटन के मध्य में स्थित मैदान के प्रवेश द्वार पर वैश्विक आतंकवाद पर प्रकाश डालने वाली एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें दिखाया गया कि किस प्रकार न केवल भारत, बल्कि पूरा विश्व दशकों से आतंकवादियों के हमले की चपेट में है। प्रदर्शनी में भारत सहित दुनियाभर के विभिन्न स्थानों पर हुए हमलों की समय-सारिणी दर्शायी गई।

नकली दवाओं का कारोबार

मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़

नकली दवाओं का कारोबार मुनाफा कमाने के लिए सीधे-सीधे मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करना है। भारत में यह पिछले कुछ वर्षों में गंभीर समस्या बन गया है। मरीजों के लिए यह संकट कितना चिंताजनक है, इसका अंदाजा विश्व स्वास्थ्य संगठन के उस ताजा अनुमान से लगाया जा सकता है जिसके मुताबिक भारत में लगभग 20 प्रतिशत तक दवाएं नकली या घटिया गुणवत्ता की होने की बात कही गई है। वर्ष 2022 में भारतीय औषधि नियामक प्राधिकरण ने भी देश भर में परीक्षण के बाद करीब तीन प्रतिशत दवाओं को नकली या घटिया पाया था। भारत की विशाल आबादी और बड़े दवा बाजार के कारण नकली दवाओं की खपत आसानी से होती है। इसे रोकने के लिए बने सरकारी कानूनों का कड़ाई से पालन भी बड़ी चुनौती है। नियंत्रित वितरण, कड़ी निगरानी और ट्रैकिंग सिस्टम की कमी की वजह से भी नकली दवाएं बनाने वाले कानून की गिरफ्त में नहीं आ पाते।

हाल में पकड़े गए मामले

- आगरा में एसटीएफ के छापे में बंसल मेडिकल एजेंसी और हेमा मेडिकल स्टोर से तीन करोड़ की नकली दवाएं बरामद।
- वर्ष 2023 और 2024 में दिल्ली में नकली एंटी बायोटिक और डायबिटीज की दवाओं की कई फैक्ट्रियां पकड़ी गईं।
- वर्ष 2024 में भी आगरा और कानपुर में ब्लड प्रेशर और दर्द निवारण की नकली दवाओं की बड़ी खेप पकड़ी गई थी।
- वर्ष 2023 में महाराष्ट्र के नागपुर, पुणे में नकली दवाओं का रैकेट पकड़ा गया। फरीदाबाद में कैंसर की नकली दवाएं पकड़ी गईं।

सबसे ज्यादा नकली दवाएं

सबसे ज्यादा बनाई जाने वाली नकली दवाओं में एंटीबायोटिक्स, पेनकिलर्स और पैरासिटामोल जैसी दवाएं होती हैं क्योंकि इनकी खपत सर्वाधिक है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, डायबिटीज की भी काफी दवाएं नकली होती हैं। कैंसर और हृदयरोग की महंगी दवाएं भी नकली बनाई जाती हैं। इसके अलावा विटामिन और सप्लीमेंट्स भी नकली होते हैं।

मरीजों की जिंदगी पर असर

- वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश में नकली पैरासिटामोल के इस्तेमाल से बच्चों में लिवर फेल होने के कई मामले सामने आए।
- वर्ष 2022 में जम्मू-कश्मीर में नकली कफ सिरप से दर्जनों बच्चों की तबीयत बिगड़ी तो उस पर पाबंदी लगाई गई।
- डब्ल्यूएचओ ने 2023 में गाम्बिया में हुई 66 बच्चों की मौत का कारण भारत में बने कफ सिरप को माना, निर्यात रोका गया।

सरकार के नियम और कानून

- भारत में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और रूल्स 1945 के तहत नकली दवाओं के कारोबार के खिलाफ दंडित करने के सख्त प्रावधान हैं।
- इसकी धारा 27 के तहत नकली दवा बनाने पर आजीवन कारावास तक की सजा और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों दंड दिए जा सकते है।
- वर्ष 2017 में गंभीर बीमारियों की नकली दवा बनाने और बेचने पर सरकार की ओर से मृत्युदंड तक की सजा का भी प्रावधान किया गया है।
- सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑरगेनाइजेशन और राज्य औषधि नियंत्रक नकली दवाएं रोकने के लिए अधिकृत संस्था हैं। इन्हें छापे मारने का निर्देश है।

दूसरे देशों की स्थिति

- अमेरिका, यूरोप जैसे देशों में सख्त रेगुलेशन के कारण नकली दवाओं का कारोबार खुले बाजार में न के बराबर है। हालांकि ऑनलाइन फर्जी फार्मेसी इन देशों में भी सक्रिय होने के मामले सामने आए हैं।
- अमेरिका में नकली दवा बेचने पर 20 साल तक की जेल और भारी जुर्माने का प्रावधान है। यूरोप के कई देशों में 10 साल तक की जेल और लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द किए जाने का प्रावधान है।

रूस की तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेन के हमले तेज, पेट्रोल का निर्यात बंद

लगातार हमलों से छाया गंभीर संकट, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची पेट्रोल की कीमत

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के रूस की तेल रिफाइनरियों पर ताबड़तोड़ हमलों के कारण रूस में पेट्रोल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए पेट्रोल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन रूसी युद्ध मशीनों को नुकसान पहुंचाने के लिए रिफाइनरियों, पंपिंग स्टेशनों और ईंधन ट्रेनों पर लगातार ड्रोन हमले कर रहा है, साथ ही रूस में दैनिक जीवन को भी बाधित करने की कोशिश कर रहा है। गर्मियों में रूस के ड्राइवरों और किसानों के बीच पेट्रोल की मांग चरम पर होती है। सीएनएन की गणना के अनुसार यूक्रेनी ड्रोन ने अकेले इस महीने कम से कम 10 प्रमुख रूसी ऊर्जा संयंत्रों पर हमला किया है। यूक्रेन की खुफिया सेवा के अनुसार जिन रिफाइनरियों पर हमला किया गया है उनमें सालाना 44 मिलियन टन से ज्यादा उत्पाद उतारे हैं जो रूस की क्षमता का 10 प्रतिशत से भी ज्यादा है और यह रणनीति कारगर होती दिख रही है।

यूक्रेन के मानवरहित प्रणालियों के कमांडर रॉबर्ट ब्रोवडी के अनुसार इन लक्ष्यों में दक्षिणी रूस की सबसे बड़ी वोल्गोग्राद स्थित विशाल लुकोइल रिफाइनरी, दक्षिणी रूस में स्थित सारातोव में एक बड़ी रिफाइनरी और रोस्तोव क्षेत्र में स्थित एक और रिफाइनरी शामिल है। कई रूसी क्षेत्रों और क्रीमिया में ईंधन की कमी की खबरें आ रही हैं। रूस द्वारा नियुक्त गवर्नर सर्गेई अक्स्योनोव ने गैसोलीन की कमी के लिए लॉजिस्टिक्स संबंधी समस्याओं को ज़िम्मेदार ठहराया और कहा कि सरकार आवश्यक मात्रा में ईंधन ख़रीदने और कीमतों को स्थिर करने के लिए हर संभव उपाय कर रही है। यूक्रेन की विदेशी खुफिया सेवा ने पिछले गुरुवार को एक रिपोर्ट में कहा कि रूसी कंपनियां घरेलू कमी को दूर करने के लिए बेलारूस से तत्काल तेल खरीद रही हैं।

यूक्रेन के ड्रोन हमले के बाद रूस के परमाणु संयंत्र के एक हिस्से में आग लग गई।

रूस का तेल निर्यात भी रोकने की कोशिश, ट्रंप नाराज

यूक्रेन रूस के तेल निर्यात में भी बाधा डालने की कोशिश कर रहा है। पिछले हफ्ते उसके ड्रोन ने द्रुजबा पाइपलाइन पर हमला किया जो हंगरी और स्लोवाकिया को रूसी तेल की आपूर्ति करती है। दोनों देशों ने यूरोपीय संघ से शिकायत करते हुए कहा कि इन हमलों से यूक्रेन मुख्य रूप से रूस को नहीं, बल्कि हंगरी और स्लोवाकिया को नुकसान पहुंचा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया और हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टरबन को एक लिखित नोट में कहा कि वह इस व्यवधान से बहुत नाराज हैं।

रूसी वायु रक्षा बलों ने 95 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए

मॉस्को। रूसी वायु रक्षा बलों ने रविवार तड़के रूसी क्षेत्रों में 95 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। यह दावा रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शनिवार रात ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा बलों ने 95 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों का पता लगाया और उन्हें नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, ड्रोन को ब्रांस्क, तेवर, कलुगा, ओर्योल, टैम्बोव, नोवगोरोड, बेलगोरोड, रोस्तोव, कुर्स्क, स्मोलेंस्क, समारा, लेनिनग्राद क्षेत्रों, क्रीमिया और तातारस्तान में रोका और नष्ट किया गया गया।

रूस ने यूक्रेन पर लगाया परमाणु संयंत्र पर हमला करने का आरोप

मॉस्को। रूस ने रविवार को यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात कई ड्रोन हमले किए, जिसकी वजह से उसके पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में स्थित एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में आग लग गई। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन अपनी स्वतंत्रता के 34 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। रूस के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात किए गए हमलों में कई ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया गया। अधिकारियों ने सोशल मीडिया मंच 'टेलीग्राम' पर बताया कि यूक्रेन के ड्रोन हमले में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में आग लग गई, जिसे तुरंत बुझा दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हमले में एक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन विकिरण का स्तर सामान्य सीमा के भीतर रहा। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने कहा कि उसे मीडिया में आई उन खबरों की जानकारी है कि सैन्य कार्रवाई के कारण संयंत्र के एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई, लेकिन वह इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका है। यूक्रेन ने कथित हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में उस्त-लुगा बंदरगाह पर यूक्रेन के हमले के बाद आग लगी।

नगर कीर्तन

अमृतसर में रविवार को गुरु ग्रंथ साहिब प्रकाश उत्सव पर स्वर्ण मंदिर में नगर कीर्तन जुलूस में उमड़ी भीड़। एजेंसी

इजराइली सेना ने गाजा में राहत ले जा रहे चार लोगों को गोली मारी

दीर अल-बलाह। इजराइली सेना ने गाजा के दक्षिण में एक सैन्य क्षेत्र से होकर जा रहे चार लोगों को मार डाला। वे चारों भोजन वितरण केंद्र से राहत सामग्री लेने जा रहे थे।

गाजा में खाने की तलाश के दौरान मारे जा रहे फलस्तीनियों की संख्या बढ़ गई है। गाजा के कई इलाकों में भुखमरी गहराती जा रही है। इस बीच इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में हमले तेज कर दिए हैं, क्योंकि वह गाजा की सबसे बड़ी आबादी वाले शहर पर कब्जा करना चाहता है। चार फलस्तीनियों की इजराइली सैनिकों ने तब हत्या कर दी जब वे राहत सामग्री लेकर भोजन वितरण केंद्र जा रहे थे।

अमेरिकी सैन्य अभ्यास के बीच किम जोंग ने किए दो मिसाइलों के परीक्षण

सियोल, एजेंसी

- द. कोरिया के साथ सैन्य अभ्यास को बताया था हमले की तैयारी

दक्षिण कोरिया और अमेरिका के वार्षिक सैन्य अभ्यास के बीच, उत्तर कोरिया ने देश की सैन्य ताकत का प्रदर्शन करते हुए हवाई हमलों को रोकने में सक्षम दो नई मिसाइल का परीक्षण किया। देश के नेता किम जोंग उन इस परीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी' ने बताया कि शनिवार को किए गए परीक्षित ये मिसाइल ड्रोन और क्रूज़ मिसाइल के हमलों से निपटने में सक्षम हैं। खबर के मुताबिक किम जोंग उन ने अगले वर्ष की शुरुआत में होने वाले एक प्रमुख राजनीतिक सम्मेलन से पहले रक्षा वैज्ञानिकों को कुछ महत्वपूर्ण कार्य भी सौंपे हैं। हालांकि यह जानकारी नहीं दी गई कि ये मिसाइल किस प्रकार की थीं या ये परीक्षण कहां किया गया।

यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यूंग शिखर सम्मेलन के लिए तोक्यो की यात्रा पर हैं। इस बैठक में उन्होंने जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ द्विपक्षीय सहयोग और अमेरिका के साथ त्रिपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

अल्जीरिया से रक्षा संबंध बढ़ाने की पहल

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीमा पर लगातार बढ़ती चीन की चुनौती से निपटने की तैयारी
- थल सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी चार दिन की अल्जीरिया यात्रा पर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी चार दिवसीय यात्रा पर रविवार को अल्जीरिया रवाना हुए ताकि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों का विस्तार करने की संभावनाओं का पता लगाया जा सके।

इस यात्रा से 10 महीने पहले भारत ने इस उत्तर अफ्रीकी राष्ट्र के साथ रक्षा सहयोग संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। अधिकारियों ने बताया कि जनरल द्विवेदी अल्जीरिया के शीर्ष रक्षा एवं सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे और इस दौरान विशेष रूप से दोनों थल सेनाओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इस क्षेत्र में अपनी सामरिक ताकत बढ़ाने के चीन के लगातार प्रयासों की पृष्ठभूमि में भारत इस अफ्रीकी राष्ट्र के साथ अपने रक्षा संबंधों का विस्तार करने के लिए कदम उठा रहा है। थलसेना ने एक बयान में कहा, इस यात्रा का उद्देश्य भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करना है, जिसमें सेनाओं के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना, क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर दृष्टिकोण साझा करना और रक्षा औद्योगिक सहयोग के अवसरों की खोज करना शामिल है।

बड़ी बिल्लियों के संरक्षण के अभियान में नेपाल भी शामिल

काठमांडू। नेपाल बड़ी बिल्लियों की सात प्रजातियों के संरक्षण के लिए भारत के नेतृत्व वाली वैश्विक पहल 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) का आधिकारिक तौर पर सदस्य बन गया है।

आईबीसीए बड़ी बिल्लियों की प्रजातियों के संरक्षण में रुचि रखने वाले 90 देशों का गठबंधन है। आईबीसीए ने कहा, नेपाल ने मसौदा समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और इसके साथ ही वह 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' में औपचारिक रूप से शामिल हो गया है। आईबीसीए ने कहा, नेपाल में हिम तेंदुए, बाघ और सामान्य तेंदुए पाए जाते हैं और इसके आईबीसीए में शामिल होने से इस प्रजाति के अन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में वैश्विक सहयोग मजबूत होगा।

रूसी तेल पर ट्रंप की चिंता को गंभीरता से ले भारत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने किया आग्रह, इससे पहले भारत का पक्ष लेने पर हुई थी आलोचना

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा है कि भारत को रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए और इस मुद्दे का समाधान निकालने के लिए व्हाइट हाउस के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

भारतीय मूल की रिपब्लिकन नेता हेली ने शनिवार को 'एक्स' पर चार दिन पहले न्यूजवीक के लिए लिखे अपने लेख का एक अंश पोस्ट किया। साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर ने सोशल मीडिया पर नई दिल्ली से रूसी कच्चे तेल पर राष्ट्रपति ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से लेने का आग्रह करते हुए यह पोस्ट ऐसे समय किया है जब इस लेख के बाद उन्हें अपनी पार्टी के भीतर आलोचना का सामना करना पड़ा है।

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा कि भारत को रूसी तेल पर ट्रंप की बात को गंभीरता से लेना चाहिए और समाधान खोजने के लिए व्हाइट हाउस के साथ काम करना चाहिए। हेली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, व्यापार संबंधी मतभेदों और रूसी तेल आयात जैसे मुद्दों से निपटने के लिए कठोर बातचीत की आवश्यकता है।

उनका लेख राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में आए तनाव पर था। हेली को दोनों देशों के बीच शुल्क को लेकर तनाव के बीच भारत का पक्ष लेने के लिए अपनी पार्टी के भीतर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

ट्रंप प्रशासन रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत की कड़ी आलोचना करता रहा है। दिलचस्प यह है कि वाशिंगटन की ओर से रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े आयातक चीन की अब तक एक बार भी आलोचना नहीं की गई है। रूस से कच्चे तेल की अपनी खरीद का बचाव करते हुए भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है।

आज की ग्रह स्थिति : 25 अगस्त, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 12 .34 तक तत्पश्चात तृतीया।



दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 26 अगस्त 03 .50, तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज आप अपनी महत्वकांक्षाओं को पूरा करने में कामयाब होंगे। नए संपर्कों का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। घर में धर्म-कर्म का वातावरण रहेगा। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विदेश में कारोबार कर रहे लोगों की आय बढ़ेगी।

वृष — आज अपनी कार्यक्षमता में सुधार कर सकते हैं। अविवाहित लोगों को विवाह के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। वरिष्ठजनों का सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नए उद्योग-धंधों में लाभ मिलेगा। आप काफी रोमान्टिक मूड में रहेंगे।

मिथुन — आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी। उच्चाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठकों में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको लोग अत्यधिक महत्व देंगे। कृषि कार्यों से जुड़े लोगों की आय बढ़ने की संभावना बन रही है।

कर्क — आज आईटी प्रोग्रामिंग आदि का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को करियर के अच्छे विकल्प मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी क्षमताओं को पहचानें और समय का सदुपयोग करें। बुद्धिमान लोगों के साथ अधिक समय बितायेंगे।

सिंह — आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। निर्माण कार्यों में शानदार प्रगति होने की संभावना बन रही है। ससुराल पक्ष में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आपके मन में कुछ नए विचार जन्म लेंगे।

कन्या — आज मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। कला और सौंदर्य के प्रति आकर्षित रहेंगे। फैशन डिजाइनर के लिए दिन बहुत ही शुभ है। मेहनत का परिणाम मिलने से आपको लाभ मिलेगा। जीवनसाथी का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा।

तुला — आज आपका आत्मविश्वास काफी मजबूत होगा। पैतृक व्यापार में बहुत ही अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी दिनचर्या बहुत ही अनुशासित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। लवमेट्स के बीच की कलह दूर होगी।

वृश्चिक — आज परिवार में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। माता-पिता अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व करेंगे। नव दंपति किसी रोमान्टिक टूर का प्लान कर सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

धनु — आज करियर को आगे बढ़ाने के लिए अपने मार्गदर्शकों या गुरुतुल्य व्यक्तियों का साथ मिलेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपका आत्मविश्वास आपकी सबसे बड़ी शक्ति है। इसे कभी भी कम न होने दें।

मकर — आज घर-परिवार में वातावरण काफी अच्छा रहेगा। जॉब में इच्छानुसार पदोन्नति मिलने के भी काफी अच्छी संभावना है। साझेदारी वाले व्यापार में प्रगति होगी। आपके पास जो नकदी की समस्या थी उसका निराकरण होगा।

कुंभ — आज व्यवसाय में बड़ी डील मिलने की संभावना बन रही है। आपको नई जॉब मिल सकती है। आप काम और अपने व्यक्तिगत जीवन दोनों को ही अच्छी तरह से मैनेज कर पायेंगे। विपरीत लिंग के मित्रों के साथ आप अधिक समय बिताने का प्रयास करेंगे।

मीन — आज युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए बहुत ही अच्छा है। घर के लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। पिता जी के साथ बहसबाजी करना उचित नहीं है। आपके स्वभाव में थोड़ा चिड़चिड़ापन रहेगा।

सुडोकू-79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		6	9		1			
1			2	4				
2		4				9		5
		7			9		4	
6		3	5		4			9
	8		1			6		
9		8				2		6
				2	8			7
			6		3	1		

सुडोकू - 78 का हल

4	7	3	6	9	5	1	8	2
1	9	5	2	4	8	3	7	6
8	2	6	3	1	7	4	9	5
6	1	7	4	2	3	9	5	8
9	5	2	7	8	1	6	4	3
3	4	8	9	5	6	7	2	1
7	8	1	5	3	4	2	6	9
5	6	9	1	7	2	8	3	4
2	3	4	8	6	9	5	1	7

पुजारा को शानदार करियर के लिए बधाई। आप इस अद्भुत खेल के एक महान दूत रहे हैं। क्रिकेट के मैदान पर आपकी सभी उपलब्धियों पर हम सभी को गर्व है। आपने टीम के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया। शाबाश।
-अनिल कुंबले

स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार, 25 अगस्त 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

अफगानिस्तान की कमान संभालेंगे राशिद

काबुल : दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक राशिद खान को नौ सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए रविवार को अफगानिस्तान का कप्तान नियुक्त किया गया। अफगानिस्तान की टीम में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा है। टीम इस प्रकार है : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, एएम गजनफर, फरीद अहमद मलिक, फजलहक फारूकी, नवीन उल हक।

सैफ अंडर-17 में भूटान को 8-0 से हराया

थिम्पू (भूटान) : अनुष्का कुमारी की शानदार हैट्रिक की बदौलत भारत की अंडर-17 महिला टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए मेजबान भूटान को 8-0 से हरा दिया। यह भारतीय महिला टीम की लगातार तीसरी जीत है। आज यहां चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम के लिए अनुष्का (53वें, 61वें, 73वें) के शानदार प्रदर्शन के अलावा, अभिस्ता बसनेट (23वें, 89वें) ने दो गोल किए, जबकि पर्ल फर्नांडीस (71वें), दिव्यानी लिंडा (77वें) और वलैना फर्नांडीस (90वें, 2वें) ने गोल दागे। हाफ टाइम तक भारत 1-0 से आगे था। दूसरे हाफ में दबदबा कायम करते हुए भारतीय टीम ने 8-0 से जीत दर्ज की।

विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगी नंदिनी

नई दिल्ली : मौजूदा एशियाई चैंपियन हेप्टाथलीट नंदिनी अगासरा ने रविवार को कहा कि मई में लगी कोहनी की चोट के कारण वह अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगी। बाईस वर्षीय नंदिनी को मई में दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप में हेप्टाथलीट का स्वर्ण पदक जीतने के कारण 13-21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए अस्थायी स्थान मिला है। नियमों के अनुसार सभी व्यक्तिगत स्पर्धाओं में क्षेत्रीय चैंपियन के रूप में क्वालीफाई कर सकते हैं, बशर्ते कि उसी स्पर्धा में क्वालीफाई कर सकते हैं कि उसी स्पर्धा में उसी क्षेत्र से किसी अन्य एथलीट की कोई बेहतर प्रविष्टि नहीं हो।

भारतीय क्रिकेट जगत ने पुजारा के धैर्य और जज्बे की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी : भारतीय क्रिकेट जगत ने रविवार को खेल के सभी प्रारूप से संन्यास लेने वाले स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की उनके धैर्य, दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ भाव से खेलने के लिए जमकर सराहना की। पुजारा ने भारत की तरफ से 103 टेस्ट मैच खेले और 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए।

क्रिकेट के दिग्गज **सचिन तेंदुलकर** ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया में हुई शृंखला में उनके प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ में से एक बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा पुजारा आपको तीसरे नंबर पर खेलते देखना हमेशा सुकून देने वाला रहा। हर बार आप खेलते हुए संयम, साहस और टेस्ट क्रिकेट के प्रति गहरा लगाव लेकर आए। आपकी मजबूत तकनीक और दबाव में संयम टीम के लिए एक स्तंभ रहा है। ऑस्ट्रेलिया में 2018 की शृंखला में मिली जीत कई उपलब्धियों में से एक है। यह आपके अविश्वसनीय लचीलेपन और मैच में जीत दिलाने वाले रनों के बिना संभव नहीं होता।

भारत के मुख्य कोच **गौतम गंभीर** ने एक्स पर लिखा जब तूफान आया तो वह डटे रहे, जब उम्मीदें धूमिल हो रही थीं तब उन्होंने अपना जुझारूपन दिखाया। बधाई।

युवराज सिंह ने लिखा ऐसा व्यक्ति जिसने हमेशा अपना मन, शरीर और आत्मा देश के लिए लगा दी। शानदार करियर के लिए बहुत-बहुत बधाई पुज्जी। फिर मिलेंगे।

पूर्व बल्लेबाज **वीवीएस लक्ष्मण** ने लिखा उनका साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प हमेशा स्पष्ट दिखाई दिया और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट में उन्हें जो चोटें लगीं, वे मेरे लिए पुजारा के उस क्रिकेटर का प्रतीक हैं जो अपने देश के लिए अपना सब कुछ झोंक देता है। शाबाश और आपको दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं।

अजिंक्य रहाणे ने कहा पुज्जी, शानदार करियर के लिए बधाई। आपके साथ खेलने के हर पल का आनंद लिया और साथ में मिली विशेष टेस्ट जीत को हमेशा संजो कर रखेंगे। दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट में पुजारा के योगदान का जिक्र किया और उन्हें भारतीय बल्लेबाजी का मजबूत स्तंभ बताया।

बीसीसीआई सचिव **देवजीत सैकिया** ने कहा चेतेश्वर पुजारा का करियर दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ भाव से खेलने का शानदार उदाहरण है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट की भावना को साकार किया। विपक्षी आक्रमण को ध्वस्त करने की उनकी क्षमता और एकाग्रता की उनकी अपार शक्ति ने उन्हें भारतीय बल्लेबाजी का मजबूत स्तंभ बनाया।

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज **वीरेंद्र सहवाग** ने कहा शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई चेतेश्वर। आपका धैर्य, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत प्रेरणादायक थी और आपने जो हासिल किया है उस पर आपको गर्व हो सकता है। दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज **सुरेश रैना** ने कहा एक दिग्गज को सलाम। चेतेश्वर पुजारा के अविश्वसनीय करियर को अलविदा कहने का समय आ गया है। आपने हमें अनगिनत सुखद यादें दी हैं।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर **इरफान पठान** ने कहा आपके साहसिक खेल की चर्चा हमेशा आपके नाम से पहले होती है।

गांगुली एसए 20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच नियुक्त

सेंचुरियन : पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को रविवार को 2026 सत्र से पहले एसए 20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। यह किसी टीम का मुख्य कोच बनने का उनका पहला कार्यकाल होगा।

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष गांगुली इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट की जगह लेंगे जिनके पद छोड़ने की घोषणा शनिवार को की गई थी। सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''हमें सौरव गांगुली को अपना नया मुख्य कोच घोषित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह पहली बार होगा जब गांगुली किसी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच होंगे।

ऐश्वर्य ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में किया शानदार प्रदर्शन

शिमकेंट, एजेंसी

भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रविवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। जूनियर पुरुष थ्रीपी स्पर्धा में एड्रियन कर्माकर ने फाइनल में 463.8 के एशियाई जूनियर रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। तोमर ने 462.5 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया।

चीन के वेनयू झाओ ने 462 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि जापान के नाओया ओकाडा ने 445.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। तोमर ने इस स्पर्धा में अपना दबदबा बनाए रखा और प्रतियोगिता के अधिकांश हिस्से में बढ़त बनाए रखी। इस 24 साल के निशानेबाज ने नीलिंग पोजीशन में बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन इसे प्रोन पोजीशन में दोहरा नहीं सके। उन्होंने हालांकि स्टैंडिंग दौर में अच्छा प्रदर्शन किया और 1.5 से अधिक अंकों की बढ़त के साथ प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्रवेश करने के बाद विजेता बने।

इस स्पर्धा में अन्य भारतीय निशानेबाजों में चैन सिंह चौथे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योराण फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले तोमर, चैन सिंह और श्योराण की भारतीय तिकड़ी ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। तोमर क्वालिफिकेशन में कुल 584 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे। चीन के भी तीनों निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया, जबकि अन्य दो स्थान क्रमशः जापान और कोरिया को मिले। भारत टीम स्वर्ण पदक से तीन अंक चूक गयी।

भारतीय तिकड़ी का कुल स्कोर 1747 था जो चीन के कुल स्कोर से तीन अंक कम था। इस बीच ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन दौर में प्रिसिशन चरण के बाद चौथे स्थान पर है।

ईशा सिंह दूसरे स्थान पर रहीं। मनु इस सप्ताह की शुरुआत में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीत चुकी है। वेदांत वाघमारे जूनियर पुरुषों की 3पी स्पर्धा में 582 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में दूसरे स्थान पर रहे।

वर्ष 2023 में भी जीता था सोना

- तोमर का यह इसी स्पर्धा में दूसरा एशियाई खिताब था। उन्होंने 2023 में भी स्वर्ण पदक जीता था। जकार्ता में 2024 सत्र में हालांकि उन्हें श्योराण से हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। अनुभवी चैन सिंह 582 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता श्योराण ने 581 अंकों के साथ सातवां क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया।

ऑस्ट्रेलिया के शतकवीर कैमरन ग्रीन, कप्तान मिचेल मार्श व ट्रेविस हेड। एजेंसी

द. अफ्रीका की वनडे में सबसे बड़ी हार

मैके (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया ने 276 रन से हराया तीन बल्लेबाजों ने लगाए शतक

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे में तेज गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए तेज शतक जड़े जिससे दक्षिण अफ्रीका को एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। ट्रेविस हेड (142), कप्तान मिचेल मार्श (100) के बाद कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) के पहले एकदिवसीय शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 431 रन से वनडे में अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। यही टीम घरेलू टीम श्रृंखला के पहले दो मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 रन का आंकड़ा पार करने में विफल रही थी। ऑलराउंडर कूपर कोनोली ने 22 रन देकर पांच विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को झकझोर दिया जिससे मेहमान टीम 24.5 ओवर में 155 रन पर ऑल आउट हो गई।

दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस 49 रन बनाकर शीष स्कोरर रहे। कोनोली ने अपनी बाएं हाथ की स्पिन से निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया और ऑस्ट्रेलिया को 276 रन से जीत दिलाई। तेज गेंदबाज शॉन एबॉट ने 27 रन देकर दो विकेट और जेवियर बार्टलेट ने ने 45 रन देकर दो विकेट झटके।

ऑस्ट्रेलिया अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर चार विकेट पर 434 रन से बस कुछ ही दूर रह गया जो उसने 2006 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाया था। शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने वनडे पारी में शतक जड़े। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाले हेड और मार्श ने घरेलू टीम को 34 ओवर में बिना विकेट गंवाए 250 के स्कोर तक पहुंचा दिया। इन दोनों ने दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी के खिलाफ पहले विकेट के लिए ऑस्ट्रेलिया की चौथी सबसे बड़ी साझेदारी की।

पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन के सामने कड़ी चुनौती

पेरिस, एजेंसी

- बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले आज से होंगे शुरू

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सोमवार से यहां शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पहले दौर में शीर्ष वरीय शि यू का सामना करना होगा जबकि पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू खराब प्रदर्शन से उबरकर कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी।

भारत के प्रमुख खिलाड़ियों के लिए यह साल मुश्किल रहा है। चोटों और खराब फॉर्म ने उनकी तैयारी में बाधा डाली है। एक साल पहले ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में फ्रांस की राजधानी में वापसी कर रहे हैं। अल्मोड़ा का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इसके बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और अगर उन्हें विश्व चैंपियनशिप में आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह ली शि फेंग, कोडाई नाराओका और शी के खिलाफ कड़े मुकाबलों में अक्सर लड़खड़ाते रहे हैं। शी का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 3-1 है। महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2019 की विश्व चैंपियन सिंधू को चाइना ओपन में साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से मिली हार से उबरना होगा। महिला युगल में प्रिया कोंजेंगबाम-श्रुति मिश्रा तथा पांडा बहनें रुतुपर्णा और श्वेतपर्णा भी चुनौती पेश करेंगे।

कालोयाना के खिलाफ शुरू करेंगी अभियान

- पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों के साथ सबसे सफल भारतीय सिंधू अपने अभियान की शुरुआत बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी। विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने वाले एचएस प्रणय का पहला मुकाबला फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से होगा। जीतने पर दूसरे दौर में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन का सामना करना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की खिलाड़ी जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाती हुईं। एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने भारत ए महिला टीम को हराया

ब्रिस्बेन, एजेंसी

ऑफ स्पिनर एमी एडगर के पांच विकेट के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां एकमात्र अनधिकृत महिला टेस्ट के अंतिम दिन भारत ए को छह विकेट से हरा दिया।

एडगर ने 57 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दिन के दूसरे ओवर में वीजे जोशीथा का विकेट लेकर अपना पांचवां विकेट हासिल किया, जिससे भारत ए की दूसरी पारी 286 रन पर सिमट गई और मेजबान टीम को 281 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ए ने अनिका लियरॉयड (72), रेचल ट्रेनामन (64) और मैडी ड्रेक (68) के अर्धशतकों की बदौलत 85.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ट्रेनामन और कप्तान विल्सन ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी कर भारत पर दबाव बना दिया।

बार्सिलोना ने विजय अभियान जारी रखा

बार्सिलोना, एजेंसी

स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में गोल करने के बाद जश्न मनाते बार्सिलोना के खिलाड़ी।

बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मेजबान टीम लेवांटे पर 3-2 से जीत दर्ज करके अपना विजय अभियान जारी रखा।

शीर्ष लीग में जगह बनाने वाले लेवांटे ने मध्यांतर तक दो गोल की बढ़त हासिल करके सबको चौंका दिया था। गत विजेता बार्सिलोना को दूसरे हाफ में पेड्री गोंजालेज और फेरान टोरेस ने बराबरी दिलाई। इसके बाद लेमिन यामल ने विजयी गोल करने में मदद की जब उनके क्रॉस पर लेवांटे के उनाई एल्गेज़ाबल ने गेंद को अपने ही नेट में पहुंचा दिया। यह आत्मघाती गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले लेवांटे के स्ट्राइकर इवान रोमेरो ने 15वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा। जोस लुइस मोरालेस ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड लगातार दूसरे मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया। उसने एल्चे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलकर अपनी बढ़त गंवा दी। एक अन्य मैच में मालोर्का ने सेल्टा विगो के साथ 1-1 से ड्रॉ खेल कर अंक बांटे।

असम, केरल, प. बंगाल व हरियाणा सेमीफाइनल में

नई दिल्ली : असम, केरल, पश्चिम बंगाल और हरियाणा ने रविवार को 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट (जूनियर बालिका अंडर-17) के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। असम ने गोवा को 6-0 से, केरल ने मेघालय को, 1-0 प. बंगाल ने बिहार को 5-0 व हरियाणा ने महाराष्ट्र को 3-1 से हराया।

आर्सेनल की लीड्स पर बड़ी जीत

लंदन : विक्टर ग्योकेरेस ने आर्सेनल के लिए अपना पहला गोल दागा, जिससे उनकी टीम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में लीड्स को 5-0 से हराया। जुरियन टिम्बर ने 34वें मिनट में आर्सेनल के लिए कॉर्नर से गोल किया, जिसके बाद बुकायो साका ने हाफटाइम के पहले गोल करके घरेलू टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। ग्योकेरेस ने शुरुआती दौर में एक आसान मौका गंवाने के बाद वापसी करते हुए दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद अपने घरेलू मैदान पर गोल किया। टिम्बर ने इसके बाद अपना दूसरा गोल किया। मैक्स डाउमैन ने बेंच से उतरते हुए दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन किया। वह 15 साल और 235 दिन की उम्र में एथन नवानेरी के बाद आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। इस किशोर खिलाड़ी ने स्टॉपेज टाइम में अपनी टीम के लिए पेनल्टी हासिल की।

वापसी | भारतीय भारोत्तोलकों की नजरें राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पदक जुटाने पर

राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेंगी चानू

अहमदाबाद, एजेंसी

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक साल के अंतराल के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी करेंगी और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी जिसमें भारतीय भारोत्तोलकों से पदकों की झड़ी लगाने की उम्मीद है। हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक में खेली थीं जिसमें वह एक किलोग्राम से पोडियम स्थान से चूक गई थीं।

इकतीस वर्षीय मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए वह अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें। अक्टूबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की तैयारी में जुटी चानू ने कहा कि वह राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पूरी ताकत नहीं झोंकेंगी जो अगले साल ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों में से एक है। उन्होंने शनिवार को कहा मैं अहमदाबाद में पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल हैं जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और पदक जीतना है क्योंकि मैंने अभी तक वहां कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया है।

भारतीय टीम

- **महिला :** मीराबाई चानू (48 किग्रा), स्नेहा सोरेन (53 किग्रा), बिंद्यारानी देवी (58 किग्रा), सेराम निरुपमा देवी (63 किग्रा), हरजिंदर कौर (69 किग्रा), हरमनप्रीत कौर (77 किग्रा), वंशिता वर्मा (86 किग्रा :), महक शर्मा (+86 किग्रा)
- **पुरुष :** चनंबम ऋषिकांत सिंह (60 किग्रा); एम राजा (65 किग्रा); नारायण अजित (71 किग्रा), वल्लूरी अजय बाबू (79 किग्रा), अजय सिंह (88 किग्रा), दिलबाग सिंह (94 किग्रा), हरचरण सिंह (110 किग्रा), लवप्रीत सिंह (+110 किग्रा)।